स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बृहस्पतिवार
18 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 4
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 296 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

# भारत पर हमला हुआ तो हम मदद करेंगे : ट्रंप

## बोले-जब तक मैं राष्ट्रपति, व्हाइट हाउस में भारत का दोस्त मौजूद रहेगा




**नई दिल्ली।** फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने कई वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान ट्रंप ने भारत के समर्थन में बड़ा बयान देते हुए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते भारत पर कोई हमला होता है तो अमेरिका मदद के लिए खड़ा रहेगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब दुनिया के कई हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव बना हुआ है।

बैठक के दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोदी एक बेहद मजबूत नेता हैं और बातचीत के दौरान बहुत सख्त रुख अपनाते हैं। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शांत दिखाई देते हैं, लेकिन बातचीत और समझौते के मामले में बेहद सख्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत को किसी तरह का सुरक्षा संकट झेलना पड़ता है तो अमेरिका उसके साथ खड़ा रहेगा। ट्रंप के इस बयान को भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली और व्यक्तित्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी जितना शांत, संयमित और प्रभावशाली नहीं हूं। आप उन्हें देखिए। ट्रंप ने मोदी को ऐसा नेता बताया जो बाहर से शांत नजर आते हैं, लेकिन निर्णय लेने और बातचीत के समय बेहद दृढ़ रहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की नेतृत्व क्षमता की वजह से भारत लगातार आगे बढ़ रहा है और भविष्य में भी प्रगति करता रहेगा।

बैठक के दौरान हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान मारे गए तीन भारतीय नाविकों का मुद्दा भी उठा। इस पर ट्रंप ने दुख जताते हुए कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी है। उन्होंने कहा कि मैंने इसके बारे में सुना है। यह बहुत कठिन पेशा है। हम इस पर काम कर रहे हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी उन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है जो इस घटना से प्रभावित हुए हैं।

# गिल और ईशान की विस्फोटक बल्लेबाजी

## शुभमन की कप्तानी में भारत ने जीती पहली वनडे सीरीज, अर्शदीप और बरार की शानदार गेंदबाजी



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** शुभमन गिल और ईशान किशन की बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने अफगानिस्तान को दूसरे वनडे मैच में 170 रनों से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 402 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 44.3 ओवर में 232 रन बनाए। भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। इस तरह गिल की कप्तानी में भारत ने पहली वनडे सीरीज जीती है। गिल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने रोहित के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी निभाई। रोहित हालांकि, अर्धशतक लगाने से चूक गए और 48 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद चौथे नंबर पर ईशान किशन को उतारा गया। ईशान और गिल ने मिलकर अफगानिस्तान के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया और दोनों बल्लेबाजों ने हर गेंदबाज के खिलाफ रन बनाए। गिल ने अपने वनडे करियर का नौवां शतक पूरा किया। भारत को ईशान किशन के रूप में तीसरा झटका लगा जो शतक लगाकर पवेलियन लौटे। नांगेयालिया खारोटी की गेंद पर ऊंचा शॉट खेलने के चक्कर में ईशान अपना विकेट गंवा बैठे।

# सीबीआई की अमेठी समेत पांच जिलों के 15 ठिकानों पर छापेमारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में बेसिक शिक्षा परिषद के वित्त एवं लेखा अनुभाग में शिक्षकों के वेतन और एरियर भुगतान

- शिक्षा विभाग में एरियर घोटाला

के नाम पर छह करोड़ रुपये से अधिक के चर्चित घोटाले की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है। इस मामले में सीबीआई की टीम ने अमेठी के अलावा लखनऊ, अयोध्या, प्रतापगढ़, कुशीनगर जिलों के 15 ठिकानों पर एक साथ छापामारा, जिनमें अमेठी के आठ स्थान शामिल हैं। कार्रवाई से शिक्षा विभाग और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में वित्त एवं लेखा कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक मनोज कुमार मालवीय को मुख्य आरोपी माना जा रहा है। आरोप है कि उन्होंने कुछ आउटसोर्सिंग कर्मियों और शिक्षकों के साथ मिलकर फर्जी भुगतान दिखाकर सरकारी धन का गबन किया। जांच में शिवम कुमार पांडेय, अभिषेक सिंह, श्रवण कुमार द्विवेदी और शैलेश चंद्र शुक्ला के खातों में बड़ी रकम स्थानांतरित होने की बात सामने आई थी। घोटाले के खुलासे के बाद संबंधित आउटसोर्सिंग कर्मियों को सेवा से हटाया गया था, जबकि दो शिक्षकों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई थी।

# अब उद्धव ठाकरे की शिवसेना टूटी

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, छह सांसदों ने शिंदे

- नौ में से छह सांसद बागी स्पीकर को भेजी चिट्ठी

गुट की शिवसेना में विलय के लिए बुधवार सुबह 9.30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी भेजी है। सूत्रों के मुताबिक, चिट्ठी भेजने वाले सांसदों में नागेश पाटिल आष्टीकर और संजय दीना पाटिल का नाम शामिल है। संजय दीना पाटिल ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज किया था। उन्होंने कहा- मैं उद्धव ठाकरे की पार्टी का सांसद हूं और इसी पार्टी में रहूंगा। इधर, शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागी सांसदों को गाली दी। राउत ने कहा- ये बेईमान लोग हैं। बेईमानी उनके खून में हैं। राउत ने बाद में मीडिया से कहा- मराठी में ऐसे शब्द आम बोलचाल का हिस्सा हैं। शिवसेना में 4 साल के बाद यह दूसरी बार टूट हुई है। इससे पहले जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 39 विधायक शिवसेना से अलग हो गए थे। बगावत से उद्धव ठाकरे सरकार गिर गई। बाद में शिंदे गुट को पार्टी का असली शिवसेना का नाम और धनुष-बाण सिंबल मिला।

### कल तय होगी टीएमसी की स्थिति

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए बुलाया है। सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने अभिषेक बनर्जी को 19 जून को मिलने के लिए कहा है। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य पार्टी में हुई फूट के मामले पर चर्चा करना है। स्पीकर चाहते हैं कि अभिषेक बनर्जी इस पूरे विवाद पर अपना पक्ष रखें और स्थिति स्पष्ट करें। अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे चार मई को आए थे। इस चुनाव के बाद सत्ता गंवा चुकी पार्टी- तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में आंतरिक कलह जारी है। नतीजों की घोषणा के बाद से ही तृणमूल नेताओं में असंतोष देखा जा रहा है। आलम ये है कि पार्टी अब दो फाड़ होने की कगार पर है। संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) को मिलाकर कभी 40 सांसदों के साथ विपक्ष में दमदार भूमिका निभाने वाली टीएमसी अब अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। पार्टी के नेता मुखर होकर ममता बनर्जी के खिलाफ बोल रहे हैं।

# नीट-यूजी 21 जून को दोबारा परीक्षा पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। यह याचिका राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के परीक्षा रद्द करने के फैसले के खिलाफ दायर हुई थी। इसमें लगभग 22 लाख उम्मीदवारों के लिए देशव्यापी दोबारा परीक्षा को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया। याचिका में 3 मई की परीक्षा को रद्द करने के फैसले पर सवाल उठाया गया था। इसमें उन लाखों उम्मीदवारों के लिए राहत मांगी गई जो कथित पेपर लीक से जुड़े नहीं थे। मुख्य न्यायाधीश ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी 2026 से संबंधित याचिकाएं पहले से ही न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ सुन रही है। यह याचिका भी जुलाई में उसी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्व सहायक महानिदेशक मंगला कोहली ने यह जनहित याचिका दायर की है।

याचिका एनटीए के 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द करने के फैसले पर सवाल उठाती है। इसमें पेपर लीक और कदाचार के आरोपों के बाद दोबारा परीक्षा का आदेश देने को चुनौती दी गई है।

# रक्षा क्षेत्र में भारत की बड़ी कामयाबी

**नई दिल्ली।** भारत ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। सरकार ने बुधवार को जानकारी दी कि

- उत्पादन 1.78 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा
- पिछले वर्ष की तुलना में 15.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी

पिछले वित्त वर्ष (2025-26) में देश का सालाना रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अगर पिछले वर्ष यानी वित्त वर्ष 2024-25 से तुलना करें, तो इसमें 15.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उस समय यह आंकड़ा 1.54 लाख करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2020-21 के मुकाबले रक्षा उत्पादन में 110 प्रतिशत का उछाल आया है। उस समय उत्पादन केवल 84,643 करोड़ रुपये था। अगर हम वर्ष 2013-14 की बात करें, तो तब रक्षा उत्पादन 43,746 करोड़ रुपये था।

### रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भूमिका भी बढ़ी

इस कुल उत्पादन में सरकारी कंपनियों (डीपीएसयू और अन्य पीएसयू) की हिस्सेदारी लगभग 76 प्रतिशत रही। वहीं, निजी क्षेत्र का योगदान 24 प्रतिशत रहा। पिछले वर्ष निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 22 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र ने करीब 42,000 करोड़ रुपये का उत्पादन किया, जो अब तक का सबसे उच्च स्तर है। यह दिखाता है कि रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियां अब पहले से ज्यादा सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# सांसदों की खरीद-फरोख्त पर कांग्रेस का गृह मंत्री पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह पर विपक्ष पर हमला करने और भारतीय लोकतंत्र

- कहा- भारतीय लोकतंत्र को कर रहे बर्बाद

को नष्ट करने का आरोप लगाया। क्योंकि इस साल 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने में विफल रहने पर उन्हें मिली अपमानित हार का बदला लिया जा सके। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री लोकसभा में परिसीमन विधेयकों को पारित कराने में विफल रहने के बाद मिली अपनी अपमानजनक हार की भरपाई के लिए विपक्ष पर अपना हमला जारी रखे हुए हैं और भारतीय लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं। रमेश ने एक्स पर आरोप लगाते हुए कहा, %उनके प्रलोभन उन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं जो महज दो साल पहले भाजपा विरोधी मजबूत एजेंडे पर चुने गए थे। अब वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्हें कथित तौर पर दिए जा रहे प्रोत्साहन चौंका देने वाले हैं।

# हाईवे पर रेस लगा रहे ट्रैक्टरों ने ई-रिक्शा को रौंदा, छह महिलाओं की मौत, तीन घायल

**बदायूं।** बदायूं के उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। दो ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही से छह महिलाओं की मौत हो गई। तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद एक चालक अपना ट्रैक्टर और ट्रॉली दौड़ा ले गया, जबकि दूसरा चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने उसके ट्रैक्टर और ट्रॉली को कब्जे में लिया है। दोनों चालकों की तलाश शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही डीएम और एसएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक कछला और उझानी के बीच फूलपुर क्षेत्र में बुधवार दोपहर हाईवे पर दो ट्रैक्टर चालक रेस लगा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टरों ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार महिलाएं व अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, जहां छह महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में रिक्शा चालक सनी (32 वर्ष), डाल सिंह (58 वर्ष) समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

मृतकों के नाम : राजकुमारी (55 वर्ष) पत्नी डालसिंह निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला, गंगा श्री (32 वर्ष) पत्नी वीरपाल निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला, रेवती (80 वर्ष) पत्नी रामचंद्र निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला, प्रेम देवी (45 वर्ष) पत्नी रामचंद्र सिंह निवासी मोहल्ला मुरावन नगला, कछला, नारायणी देवी (32 वर्ष) पत्नी जितेंद्र निवासी गुलाबगड़ी और आरती।

# मानसून कमजोर, देश के 40 फीसदी हिस्सों में बारिश की कमी



**नई दिल्ली।** भारत में मानसून के आगे बढ़ने की रफ्तार थम गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 40 प्रतिशत हिस्सों में बारिश में कमी आई है। सैटेलाइट तस्वीरों में मध्य और पश्चिमी भारत के बड़े हिस्से से बादल गायब नजर आ रहे हैं। 17 जून की सुबह इन्सैट-3डीए सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश,

- सिर्फ 103 जिलों में सामान्य बारिश

राजस्थान और कर्नाटक का आसमान साफ दिख रहा है। मानसून की धीमी रफ्तार की वजह से देश के 723 जिलों में से सिर्फ 103 में ही सामान्य बारिश हुई है। इसकी मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी में मजबूत लो-प्रेशर एरिया यानी डिप्रेशन का न बनना है। 4 जून को केरल में दस्तक देने के बाद मानसून 13 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। मानसून तेलंगाना के भद्राचलम में 7 दिन से अटका हुआ है। इस वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी हवाएं तेज होंगी।

### क्या है जेट स्ट्रीम

जेट स्ट्रीम वायुमंडल की ऊपरी परतों में बहने वाली अत्यंत तेज हवाएं हैं। ये आमतौर पर पृथ्वी की सतह से करीब 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई होती है। ये मानसूनी बादलों और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ को प्रभावित करती हैं।

## ईडी के सामने पेश हुईं विजयन की बेटी

**कोच्चि।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन की बेटी वीना टी बुधवार को ईडी के समक्ष पेश हुईं। दरअसल, वह अपनी अब बंद हो चुकी आईटी फर्म और खनन कंपनी सीएमआरएल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पेश हुईं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी किए गए नए समन के बाद वीना सुबह करीब 10.30 बजे एजेंसी के समक्ष पेश हुईं। ईडी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था, जहां वीना अपनी गाड़ी से उतरकर अंदर चली गईं। एजेंसी ने इससे पहले उन्हें 12 जून को अपनी कोच्चि इकाई के समक्ष पेश होने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए ऐसा करने में असमर्थ बताया।

## पूर्व सांसद बृजभूषण और उनके विधायक बेटे को धमकी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ/ गोंडा।** कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और गोंडा सदर से भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। विधायक प्रतिनिधि की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह ने बताया कि 14 जून 2026 को दोपहर करीब 2.22 बजे विधायक के मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। बातचीत के दौरान कॉलर ने धमकी भरे लहजे में कहा कि वह विधायक और उनके पिता की हत्या का इंतजाम कर चुका है; अगर बच सकते हैं, तो बच लें।

## नोएडा: आईएएस संदीप के खिलाफ 60 अधीनस्थों ने खोला मोर्चा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्य कर विभाग के गौतमबुद्धनगर जोन में तैनात आईएएस अधिकारी एवं अपर आयुक्त संदीप भागिया के खिलाफ अधिकारियों का असंतोष खुलकर सामने आ गया है। डिप्टी कमिश्नर वेद प्रकाश सिंह की पत्नी की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायत पत्र के बाद अब नोएडा जोन के 60 से अधिक अधिकारियों ने भी प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव राज्य कर और राज्य कर आयुक्त को संयुक्त शिकायत भेजकर अपर आयुक्त के व्यवहार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। शिकायत पत्र में अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि अपर आयुक्त का व्यवहार अत्यंत अपमानजनक, असंवेदनशील और अधिकारियों का मनोबल तोड़ने वाला है।

**चिंताजनक** — पिछले वर्ष के मुकाबले 14 हजार से अधिक लोगों ने दी जान

# मानसिक बीमारियां बनीं आत्महत्याओं की सबसे बड़ी वजह

**नई दिल्ली।** भारत में मानसिक स्वास्थ्य का संकट लगातार गहराता जा रहा है। वर्ष 2024 में बीमारी से जुड़ी वजहों के कारण 30,617 लोगों ने आत्महत्या की। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा मानसिक

- अवसाद और निराशा का है नतीजा

बीमारियों का रहा। कुल 14,305 लोगों ने मानसिक रोगों से जुड़ी परेशानियों के चलते आत्महत्या की, जो बीमारीजनित आत्महत्याओं का 47 प्रतिशत है। यह संख्या पिछले वर्ष के 13,978 मामलों से अधिक है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार बीमारी से जुड़ी आत्महत्याओं में मानसिक बीमारियों का योगदान सबसे अधिक रहा। कुल बीमारीजनित आत्महत्याओं में लगभग हर दूसरी मौत मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी थी। वहीं पुरानी और गंभीर शारीरिक बीमारियां भी आत्महत्या का एक प्रमुख कारण बनी रहीं।

मानसिक अवसाद, चिंता विकार, गंभीर मनोवैज्ञानिक तनाव और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक बीमारी झेलने वाले लोगों में अवसाद और निराशा का खतरा बढ़ जाता है, जिससे आत्महत्या का जोखिम भी बढ़ सकता है।



राज्यवार आंकड़े बताते हैं कि बीमारी के कारण होने वाली आत्महत्याओं का बोझ विभिन्न राज्यों में अलग-अलग है। तमिलनाडु में 5,847, महाराष्ट्र में 3,400 और मध्य प्रदेश में 3,254 मामले सामने आए। तेलंगाना में यह संख्या 2,209 और गुजरात में 2,011 रही। कई राज्यों में मानसिक बीमारियों का योगदान बीमारीजनित आत्महत्याओं के मुकाबले अधिक रहा।

**कैंसर और नशे से जुड़े मामले कम**

बीमारीजनित आत्महत्याओं में कैंसर, नशे की लत और अन्य विशिष्ट रोगों से जुड़े मामलों का प्रतिशत मानसिक बीमारियों और दीर्घकालिक रोगों की तुलना में काफी कम रहा। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि कई मामलों में मानसिक और शारीरिक समस्याएं एक-दूसरे से जुड़ी होती हैं, इसलिए वास्तविक प्रभाव कहीं अधिक व्यापक हो सकता है।

### युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मानसिक बीमारियों का बढ़ता बोझ विशेष रूप से युवाओं और कामकाजी आयु वर्ग के लिए चिंता का विषय है। हालांकि उपलब्ध आंकड़ों में आयु-आधारित विवरण नहीं दिया गया है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार शैक्षणिक दबाव, रोजगार संबंधी अनिश्चितता, आर्थिक तनाव, सामाजिक अलगाव और डिजिटल जीवनशैली से जुड़ी चुनौतियां युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच, समय पर परामर्श की उपलब्धता और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# 41,229 करोड़ की 4,204 परियोजनाओं पर योगी सरकार का फोकस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ लोक निर्माण

### इस माह शुरू होंगे काम

विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि मंडल के विभिन्न विकासखंडों से करीब 41,229 करोड़ रुपये की लागत वाले 4,204 विकास प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं के आधार पर प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर इस माह के अंत तक स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू कराया जाए।



बैठक में लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की अधोसंरचना संबंधी आवश्यकताओं और नई परियोजनाओं के प्रस्ताव रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रीय जरूरतों की बेहतर समझ होती है, इसलिए उनके सुझावों को गंभीरता से लेते हुए परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने सभी कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने और नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्टेट हाईवे, फ्लाईओवर, आरओबी, आरयूबी, पुलों और सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा। साथ ही जिला मुख्यालयों को चार लेन सड़कों से जोड़ने, चीनी मिलों की सड़कों, एकल संपर्क मार्गों के निर्माण और ब्लैक स्पॉट सुधार से संबंधित कार्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 3,238 कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष परियोजनाएं विभिन्न चरणों में हैं।

मुख्यमंत्री ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने और देरी या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के निर्माण से प्रभावित लोगों का उचित पुनर्वास और मुआवजा सुनिश्चित किया जाए तथा सभी योजनाओं में पारदर्शिता, समयबद्धता और निष्पक्ष मॉनिटरिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# विजिट माय स्टेट अभियान को विस्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विजिट माय स्टेट अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम

### यूपीएसटीडीसी ने पांच धार्मिक वीकेंड टूर पैकेज किए नियमित

(यूपीएसटीडीसी) ने पांच वीकेंड धार्मिक टूर पैकेजों को नियमित कर दिया है। अब श्रद्धालु हर सप्ताहांत लखनऊ और प्रयागराज से अयोध्या, नैमिषारण्य, चित्रकूट और विंध्याचल धाम की यात्रा कर सकेंगे। इन सेवाओं का लाभ इसी सप्ताहांत से मिलना शुरू हो जाएगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए सुगम दर्शन सेवा को स्थायी रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी यात्रा के लिए केवल दो श्रद्धालु भी बुकिंग कराते हैं, तब भी यात्रा निरस्त नहीं होगी और नियमित रूप से संचालित की जाएगी। समूह बुकिंग पर विशेष छूट का भी प्रावधान किया गया है। लखनऊ से अयोध्या के लिए एक दिवसीय %सुगम दर्शन% यात्रा प्रत्येक शनिवार और रविवार को संचालित होगी। इस दौरान श्रद्धालुओं को हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि, कनक भवन, राम की पैड़ी और



नागेश्वरनाथ मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस पैकेज का शुल्क 1,500 रुपये और अन्य यात्रियों के लिए 2,000 रुपये निर्धारित किया गया है। यात्रा के दौरान स्थानीय गाइड, पेयजल और दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार लखनऊ से नैमिषारण्य के लिए प्रत्येक शुक्रवार को एक दिवसीय यात्रा संचालित की जाएगी। श्रद्धालुओं को चक्रतीर्थ, व्यास गद्दी, दधीचि कुंड, ललिता देवी मंदिर, बालाजी मंदिर और हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। इस पैकेज का शुल्क वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,000 रुपये तथा अन्य यात्रियों के लिए 1,700 रुपये रखा गया है। यूपीएसटीडीसी ने प्रयागराज से भी तीन विशेष धार्मिक टूर पैकेज नियमित किए हैं। प्रत्येक शुक्रवार को विंध्याचल, शनिवार को चित्रकूट और रविवार को अयोध्या के लिए एक दिवसीय यात्राएं संचालित की जाएंगी। चित्रकूट यात्रा के दौरान श्रद्धालु गुप्त गोदावरी, माता अनसूया आश्रम, स्फटिक शिला, कामतानाथ मंदिर और हनुमान धारा के दर्शन कर सकेंगे। वहीं विंध्याचल यात्रा में मां विंध्यवासिनी देवी, अष्टभुजा मंदिर और काली खोह शक्तिपीठ के दर्शन का अवसर मिलेगा। प्रयागराज से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु राम की पैड़ी, हनुमानगढ़ी, श्रीराम मंदिर और कनक भवन के दर्शन कर सकेंगे। यूपीएसटीडीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए बुकिंग प्रक्रिया को भी सरल बनाया है। श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से इन पैकेजों की बुकिंग करा सकेंगे। निगम का मानना है कि इन नियमित सेवाओं से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा।

## खबर एक नज़र

### कुलपति ने किया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पुस्तक का विमोचन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** बुधवार को लविवि के योग विभाग, फैकेल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-ऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव द्वारा लिखित पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विमोचन लविवि के कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने किया गया।

इस दौरान डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि यह पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आधारित है। इस पुस्तक में 10 अध्याय हैं भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की यह अमूल्य धरोहर योग आज केवल भारत तक सीमित नहीं है बल्कि संपूर्ण विश्व के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक कल्याण का आधार बन चुका है। आधुनिक जीवन की भाग दौड़, तनाव और संतुलन के बीच योग में स्वयं से जुड़ने और एक स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग दिखाता है। प्रस्तुत पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के किसी वैश्विक प्रभाव उसके गहरे दर्शन और मानव जीवन में इसकी उपयोगिता को रेखांकित करने का एक प्रयास है। इस अवसर पर प्रोफेसर अमिता कनौजिया अधिष्ठाता छात्र कल्याण लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ व प्रोफेसर आलोक कुमार यादव अधिष्ठाता योग संकाय लविवि मौजूद थे।

### सीएमएस में भर्ती परीक्षा सम्पन्न, 989 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के विभिन्न कैम्पसों में बुधवार को टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। 1617 आवेदनों की छंटनी के बाद 989 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा सीएमएस के अलीगंज प्रथम, गोमती नगर प्रथम, गोमती नगर एक्सटेंशन, कानपुर रोड, महानगर, राजाजीपुरम प्रथम, राजेन्द्र नगर प्रथम और स्टेशन रोड कैम्पस की कम्प्यूटर लैब्स में तीन पालियों में सम्पन्न हुई। सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्री-प्राइमरी से लेकर सीनियर कक्षाओं तक विभिन्न विषयों के शिक्षकों के साथ ही क्लर्क, ऑफिस असिस्टेंट, पर्सनल असिस्टेंट, आईटी असिस्टेंट, कम्प्यूटर लैब असिस्टेंट, साइंस लैब असिस्टेंट, लाइब्रेरियन, करियर काउंसलर और केयरटेकर समेत कई पदों के लिए चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सफल अभ्यर्थियों को अगले चरण में साक्षात्कार और कक्षा प्रदर्शन के लिए बुलाया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार नए शैक्षिक सत्र से सीएमएस के विभिन्न कैम्पसों में अपनी सेवाएं देंगे। श्री ऋषि खन्ना के अनुसार, सीएमएस शिक्षकों को सरकारी मानकों से बेहतर वेतन और सेवा सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनके पेशेवर कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान देता है।

### राजनीतिक संघर्ष कहानी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** रोमांस और बदले की कहानी को राजनीतिक साज़िशों के साथ ठुकरा के मेरा प्यार के दूसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस बार कहानी सीतापुर की सत्ता की लड़ाई के बीच आगे बढ़ती है, जहां रिश्ते, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात एक नए नाटक को जन्म देते हैं। ट्रेलर में भावनात्मक टकराव, बदले की आग और सत्ता की जंग को प्रमुखता से दिखाया गया है। धवल ठाकुर एक बार फिर कुलदीप कुमार के किरदार में नजर आएंगे, जबकि संचिता बसु शानविका चौहान के रूप में पहले से अधिक ताकतवर और प्रभावशाली दिखाई देंगी। दोनों किरदारों के बीच बदलते रिश्ते और राजनीतिक संघर्ष कहानी को नया मोड़ देते हैं।

### रामभद्राचार्य के समर्थन के बाद तेज हुई बहस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** अपने कुलगुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य के समर्थन के साथ अजय हरिनाथ सिंह को भगवान श्रीराम के पुत्र लव की वंश परंपरा का वर्तमान जीवित उत्तराधिकारी बताए जाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस दावे को उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्रियों का समर्थन मिलने की बात भी सामने आई है, जिससे इसे राजनीतिक स्तर पर भी स्वीकार्यता मिलने का दावा किया जा रहा है। इस बीच, भगवान राम की वंश परंपरा से जुड़े दावों की जांच और औपचारिक मान्यता की मांग को लेकर दायर एक जनहित याचिका सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में मामले की आगामी सुनवाई पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

### पत्रकार और पुलिसकर्मी सम्मानित

**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर ।** नादरगंज स्थित सीपेट तिराहे पर राजधानी प्रेस क्लब और राष्ट्रीय हित व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय सिंह चौहान, प्रेस क्लब अध्यक्ष संतोष उपाध्याय और राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज सिंह रघुवंशी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पत्रकारों और पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं को पूरी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मलिक मोहम्मद और डॉ. कमलेश यादव रहे।

# भ्रामक सूचना देने पर ग्राम विकास अधिकारी पर 25,000 का जुर्माना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** राज्य सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त एक अपील पर सुनवाई करते हुए भ्रामक व असत्य सूचना उपलब्ध कराए जाने को गंभीरता से लिया है। आयोग ने ग्राम पंचायत खरसुलिया, विकास खंड अलीगंज, जनपद एटा के तत्कालीन जनसूचना अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी ध्यानपाल सिंह पर 25,000 (पच्चीस हजार रुपये) का अर्थदंड अधिरोपित किया है।

प्रकरण में अपीलकर्ता गीता देवी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खरसुलिया में सरकारी हैंडपंप एवं खड़ंजा के संबंध में सूचना मांगी गई थी। उपलब्ध कराई गई सूचना में यह बताया गया कि विवादित स्थल पर कोई सरकारी रास्ता अथवा सरकारी हैंडपंप नहीं है तथा संबंधित निर्माण निजी भूमि पर किया गया है।

सुनवाई के दौरान आयोग के समक्ष प्रस्तुत अभिलेखों एवं राजस्व अधिकारियों की आख्या के परीक्षण से यह तथ्य प्रकाश में आया कि संबंधित स्थल पर सरकारी हैंडपंप स्थापित है तथा उसमें समरसेबल पंप लगाकर निजी उपयोग किए जाने की स्थिति का उल्लेख स्वयं लेखपाल की रिपोर्ट में किया गया था। इसके बावजूद जनसूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना में इन तथ्यों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया।आयोग ने अपने निर्णय में कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 20 के अंतर्गत यदि कोई जनसूचना अधिकारी जानबूझकर असत्य, अपूर्ण अथवा भ्रामक सूचना उपलब्ध कराता है, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। आयोग ने पाया कि प्रकरण में उपलब्ध कराई गई सूचना तथ्यों के अनुरूप नहीं थी तथा इससे आवेदिका को भ्रमित किया गया।

# सुशांत गोल्फ सिटी में चार अवैध निर्माण सील

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को सुशांत गोल्फ सिटी में अभियान चलाया। इस दौरान एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे 4 अवैध निर्माण सील किये गये।



प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र स्थित अर्जुनगंज के ग्राम-सरसवां में अभियान चलाया गया। जिसमें मनीष, अर्जुन गर्ग, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार व अन्य द्वारा अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे 3 भवनों को सील किया गया। इसके अलावा विनीत शुक्ला व अन्य द्वारा ग्राम-बक्कास में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उक्त निर्माणाधीन भवन को भी सील कर दिया गया।

# निजी वाहन व्यावसायिक प्रयोग करने वाले 60 वाहनों के चालान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो

### -7 वाहन सीज

दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुल 60 वाहनों के चालान किए गए 7 वाहन सीज की गई। इन चालानों में 20 वाहनों के चालान निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग में किए गए तथा 03 वाहन निरुद्ध की गई। इन वाहनों को ब्लैक लिस्ट कराते हुए संबंधित पंजीयन अधिकारी के माध्यम से व्यावसायिक रूप से परिवर्तित कराए जाने की कार्यवाही की जाएगी। शेष वाहनों के विरुद्ध कर बकाया आदि में कार्यवाही की गई। उक्त दो दिवसीय अभियान में एआरटीओ(प्रवर्तन) लखनऊ आलोक कुमार यादव, पीटीओ हरदोई खेमानंद पाण्डेय, पीटीओ रायबरेली विक्रांत सिंह, पीटीओ सीतापुर आब्दीन अहमद शामिल रहे। अभियान का पर्यवेक्षण प्रभात पाण्डेय आरटीओ (प्रवर्तन) लखनऊ संभाग एवं हिमांशु जैन, एआरटीओ (प्रवर्तन) मुख्यालय द्वारा किया गया।

अभियान के दौरान नव नियुक्त 14 प्रशिक्षु एआरटीओ भी उपस्थित थे, जिनके द्वारा अभियान एवं निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग की पहचान चालान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की गई।

# सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ भंडारा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ ।** शिवनगर सेवा समिति के तत्वावधान में देवा रोड स्थित शिवनगर कॉलोनी के शीतला माता मंदिर में पं. प्रेम शंकर उपाध्याय द्वारा श्रीरामदूत हनुमान जी का भव्य श्रृंगार और पूजन किया गया। चर्चित भजन गायक राजेंद्र यादव ने स्थानीय लोकगायिकाओं के साथ सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी। समिति के अध्यक्ष फूल चंद्र चौहान के संरक्षण में आयोजित विशाल भंडारे में सांसद आर.के. चौधरी, पार्षद हरीश अवस्थी और अरविंद यादव सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। भंडारे को सफल बनाने में मनोज कुमार, पं. प्रेम शंकर उपाध्याय, रंजन लाल, सोम यादव, रामचंद्र यादव, माधुरी शुक्ला, शिव प्रसाद मिश्र, अखिलेश, दिलीप कौशल, कमल, सीटू, रामेंद्र, विनोद मौर्य, छोटू प्रजापति और बहादुर मौर्य का विशेष सहयोग रहा।

# सपा को लेकर सामने आया बड़ा दावा, यूपी की सियासत गरमाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) को लेकर एक बड़ा दावा सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में राजनीति गरमा गई है। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभाषपा प्रमुख ओपी राजभर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होना तय है। उन्होंने कहा कि सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र सौंपा है। ओपी राजभर ने इसको लेकर ट्वीट किया है। ट्वीट में खनन घोटाला और गोमती रिवर फ्रंट घोटाला के मुद्दे पर भी जोर दिया। कहा कि इन घोटालों का मास्टरमाइंड कौन है? पूरा उत्तर प्रदेश जानता है। शिकंजा कस रहा है तो सपा परेशान है। उन्होंने आगे कहा कि अब महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे सियासी उलटफेर की बात पुरानी हो चुकी है। वर्तमान में तो समूची समाजवादी पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के लिए तैयार बैठी है।

**साधा था भाजपा सरकार पर निशाना-** बता दें कि सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव ने पिछले दिनों भाजपा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि यदि आने वाली युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखना है, तो भाजपा से मुक्ति जरूरी है। वर्तमान सरकार जनता का पैसा लूटकर चुनाव जीतने में उपयोग कर रही है। उन्होंने एनकाउंटर पर सरकार को घेरते हुए कहा था कि साल 2024 में प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया था, लेकिन इससे उन्होंने कोई सबक नहीं सीखा। पुलिस द्वारा फर्जी एनकाउंटर किए जा रहे हैं।

# मानवीय मूल्यों पर कार्यशाला



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (एसआरएमसीईएम) में 16 से 23 जून 2026 तक आठ दिवसीय मानव मूल्य आधारित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थापक मुख्य अतिथि इंजीनियर पूजा अग्रवाल ने किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति, परिवार, कुटुंब और मानवीय मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यशाला में एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यू विषय के अंतर्गत सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण, पारिवारिक संबंधों, सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कॉलेज के निदेशक प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार चौहान ने रिसोर्स पर्सन डॉ. जय कुमार संयम, डॉ. हिमांशु कुमार एवं अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। एसआरएमसीईएम में इंजीनियर पूजा अग्रवाल की मौजूदगी में आठ दिवसीय मानव मूल्य आधारित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ।

# एसबीआई में राजभाषा समिति की बैठक, हिन्दी कार्यों की हुई समीक्षा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक मुख्य महाप्रबंधक दिपेश राज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों में हिन्दी के प्रयोग और प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान दिपेश राज ने ग्राहकों से उनकी सहज भाषा में संवाद को प्राथमिकता देने पर जोर दिया और बताया कि एसबीआई की डिजिटल सेवाएं 13 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं। बैठक में मुख्य महाप्रबंधक ने मंडल राजभाषा विभाग की तिमाही गृह



पत्रिका 'वातायन' के नए अंक का विमोचन किया तथा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को राजभाषा शील्ड प्रदान की। कार्यक्रम में महाप्रबंधक कौशलेंद्र कुमार, उप महाप्रबंधकगण और विभिन्न विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन मंडल विकास अधिकारी धीरेन्द्र महे ने किया, जबकि संचालन सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) दिवाकर मणि ने किया।

# महाराणा प्रताप स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की जीवंत प्रेरणा : डॉ. राजेश्वर सिंह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सरोजिनी नगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस का प्रतीक बताते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के शाश्वत स्रोत हैं।

मेवाड़ की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए उनका आजीवन संघर्ष देशवासियों को त्याग और समर्पण का संदेश देता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध के बाद भी महाराणा प्रताप ने कठिन परिस्थितियों में संघर्ष जारी रखा और कभी भी अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने भामाशाह के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके सहयोग से महाराणा प्रताप ने अपनी सेना को पुनर्गठित कर मेवाड़ के अधिकांश क्षेत्रों को पुनः स्वतंत्र कराया।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी देशभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है।





# नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिले

## यूपी पुलिस के 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**स्वतंत्र भारतर ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के लोकभवन में बुधवार प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटरों (ग्रेड-ए) को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र पाते ही युवाओं के चेहरे

- **सरकारी कर्मियों को योगी की नसीहत, बोले- ड्यूटी के समय रील बनाना अनुशासनहीनता**

खुशी से चमक उठे। चयनित अभ्यर्थियों ने एक सुर में कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त रही है। उन्होंने माना कि आज यूपी में सिर्फ और सिर्फ मेहनत के दम पर सरकारी नौकरी हासिल की जा सकती है। सीएम योगी ने अपने उद्बोधन में बताया कि यूपी पुलिस ने तेज गति से काम किया है और आज यूपी पुलिस मॉडल पुलिसिंग का उदाहरण बनकर उभरी है। चयनित



अभ्यर्थियों से कहा कि अपने अभिभावकों, गुरुजनों से पूछिए 2017 से पहले स्थिति क्या थी। हर दूसरे महीने दंगा होता था उत्सव से पहले उपद्रव होने लगते थे मुरादाबाद में हमारे एक डीआईजी रैंक के अधिकारी को उपद्रवियों ने जमकर मारा था और उसे मरा हुआ समझकर उन्हें छोड़कर चले गए थे। उन्होंने कहा कि यूपी में लोगों ने कल्पना करन बंद कर दिया था, कि हमारी बेटियां सुरक्षित रहेंगी। सरकार में आने के बाद उन सभी उपद्रवियों को ऐसी सजा हुई है, कि उनकी सात पीढ़ियां उपद्रव करना भूल जाएंगी। पहले हमारे पास 30 हजार लोगों को प्रशिक्षण की व्यवस्था थी, आज हमारे पास 60 हजार जवानों की ट्रेनिंग की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि पहले टूटे हुए बैरक थे। उसमें पुलिस के जवान रहते थे। आखिर उनके लिए भी तो गर्मी, सर्दी और बरसात था। आज सबसे ऊंचे भवनों वाले बैरक में रह रहे हैं आज यूपी चल नहीं रहा है, भाग रहा है। पहले अपराधियों की फाइल भाई लोग ऐसे दबा देते थे, कि कभी खुल ही नहीं सकती थी। सीएम ने आगे कहा कि पहले चार जिलों में फोरेंसिक लैब थी। आज 12 जिलों में फोरेंसिक लैब है। हर जिलों में फोरेंसिक वैन है। बड़े जिले में तीन और छोटे जिले में दो वैन हैं। आज हर जिले में साइबर थाने हैं। यूपी पुलिस आज देश के अंदर निखर गई है। अब कोई पुलिस पर उंगली नहीं उठाता। आज के इस युग में कोई चीज किसी से छिपी नहीं रह सकती। पहले पहचान का संकट था। जब आप लोग बाहर नौकरी के लिए जाते थे, तो पहचान नहीं बता सकते थे।

### अब यूपी बॉटम में नहीं टॉप पर है- सीएम

सीएम ने कहा कि 09 लाख से अधिक सरकारी नौकरी दी। पहले यूपी में कुल 14 हजार बड़े कारखाने थे। इन 09 वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 32 हजार से अधिक हो गई है। अब किसी को किसी भी तरह की सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ेगी। कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में आप लोगों से भी ऐसी ही उम्मीद रहेगी। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं है। देश के टॉप थ्री इकोनॉमी वाले प्रदेश में यूपी आता है। केंद्र सरकार की किसी भी योजना में अब यूपी बॉटम में नहीं टॉप पर आता है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान बहुत से लोग रील बनाते रहते हैं, ये अनुशासनहीनता का उदाहरण है। हमें कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जो हमें हंसी का पात्र बनाए किसी को उंगली उठाने का मौका नहीं देना चाहिए।

# बड़ा फैसला : 3000 से अधिक पद होंगे नियमित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) में तैनात 3000 से अधिक पदों को नियमित करने का बड़ा निर्णय लिया है। इस फैसले के

- **कर्मचारियों को मिली सेवा सुरक्षा, शासन के निर्णय से लंबे समय से कार्यरत कर्मियों को राहत**
- **प्रशिक्षण व्यवस्था और शैक्षिक गुणवत्ता को मिलेगा लाभ**

बाद इन संस्थानों में वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को अब सेवा सुरक्षा प्राप्त हो गई है। अब तक इन पदों की स्थिति अस्थायी होने के कारण कर्मचारियों को नौकरी की स्थिरता और भविष्य को लेकर लगातार चिंता बनी रहती थी। लेकिन शासन द्वारा पदों के नियमित किए जाने के बाद उन्हें अब स्थायी सेवा



का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी नौकरी अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद हो गई है।

शासन के इस निर्णय का सबसे अधिक लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा जो लंबे समय से संविदा या अस्थायी आधार पर कार्य कर रहे थे। नियमितीकरण के बाद वेतन, सेवा लाभ और अन्य सुविधाओं को लेकर भी स्पष्टता आएगी, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस फैसले से छ्रढ्ढश्वञ्ज संस्थानों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा। छ्रढ्ढश्वञ्ज संस्थान प्रदेश में शिक्षक प्रशिक्षण और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में कर्मचारियों के नियमित होने से प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में अधिक प्रभावशीलता आएगी। इसके अलावा, शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता में सुधार होने की संभावना भी जताई जा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, स्थायी कर्मचारियों की उपलब्धता से संस्थानों में कामकाज अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा सकेगा। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने पर कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। कई कर्मचारी संगठनों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे सकारात्मक कदम बताया है, जो शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



लखनऊ में पहले मोहर्रम पर बड़े इमामबाड़े से निकला शाही ज़रीह जुलूस

## लविवि के 69वें दीक्षांत समारोह में अतिथि होंगे प्रो. करंदीकर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** विश्वविद्यालय का 69वाँ दीक्षांत समारोह इस बार बेहद खास और गरिमापूर्ण होने जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि देश के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक, शिक्षाविद और नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर होंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जेपी सैनी ने कहा कि प्रो. अभय करंदीकर जैसे प्रख्यात व्यक्तित्व का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना विश्वविद्यालय परिवार और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए गौरव का विषय है। उनका लंबा शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव हमारे युवाओं को राष्ट्र निर्माण और तकनीकी नवाचार के लिए प्रेरित करेगा। दीक्षांत समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम की सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और पदक तालिकाओं की समीक्षा के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है।

## टीईटी पास करने के लिए शिक्षकों को एक साल की अतिरिक्त मोहलत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को लेकर टीईटी अनिवार्यता के मामले में बड़ा

- **1.86 लाख शिक्षक अभी भी अपात्र**

अपडेट सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए एक वर्ष की अतिरिक्त मोहलत दी गई है। अब इस संबंध में नई समय-सीमा 31 अगस्त 2028 तय की गई है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार करीब 1.86 लाख शिक्षक ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक टीईटी/सीटीईटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है। ये सभी शिक्षक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं। इनमें लगभग 50 हजार शिक्षक ऐसे भी हैं, जो न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की कमी के कारण पहले टीईटी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। सरकार ने ऐसे शिक्षकों के लिए राहत के तौर पर विशेष टीईटी परीक्षा आयोजित करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# अवैध वाहनों पर सख्ती की तैयारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और अवैध यात्री परिवहन पर रोक लगाने के लिए 19 जून को एक महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की जाएगी। यह बैठक अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात एवं सड़क सुरक्षा) ए. सतीश गणेश की अध्यक्षता

- **19 जून को होगी बड़ी समीक्षा बैठक**

में शाम 4 बजे होगी। इसमें प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक और यातायात प्रभारी अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी भाग लेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े कई अहम विषयों पर समीक्षा और चर्चा की जाएगी। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा राजस्थान के फलोदी में हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जानकारी प्रणाली पर दर्ज करने और विक्टिम आईडी जनरेट करने की प्रगति भी देखी जाएगी। यातायात निदेशालय ने सभी जिलों को सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए मुख्य मार्गों, चौराहों और तिराहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाने पर भी जोर दिया है। सप्ताह में चलाए जा रहे विशेष अभियानों के दौरान 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रमों की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में परिवहन निगम और अनुबंधित बसों के खिलाफ जारी ई-चालानों की समीक्षा होगी। इसके अलावा डग्गामार और अवैध यात्री वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के लिए संयुक्त अभियान की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों को यह देखने के निर्देश दिए जाएंगे कि कहीं नियमों का उल्लंघन कर यात्रियों का परिवहन तो नहीं किया जा रहा है। निजी पंजीकरण वाले और अन्य वाहनों के जरिए किए जा रहे अवैध यात्री परिवहन पर भी विशेष चर्चा होगी। ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और की संयुक्त प्रवर्तन टास्क फोर्स के गठन पर भी विचार किया जाएगा। साथ ही बार-बार नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों और संचालकों के खिलाफ विशेष दंडात्मक कार्रवाई की रणनीति तय की जाएगी। इसके अलावा योजना के तहत 37 जिलों में चिन्हित 113 नए क्रिटिकल थानों के विस्तार और उनसे जुड़ी व्यवस्थाओं पर भी चर्चा होगी। इस बैठक के बाद प्रदेश में सड़क सुरक्षा अभियानों को और गति मिलने की संभावना है। अवैध यात्री परिवहन,डग्गामार वाहनों और बार-बार नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई तेज हो सकती है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के मामलों की निगरानी और पीड़ितों को सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी बनने की उम्मीद है। अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन केडी सिंह गौर ने बुधवार को बताया कि 18 जून को होने वाली समीक्षा बैठक अब 19 जून को होगी।

# केजीएमयू : अब एक क्लिक पर मिलेगा मरीज का पूरा रिकॉर्ड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) जल्द ही हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचआईएस) लागू करने जा रहा है। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद मरीजों का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड एक क्लिक पर उपलब्ध हो

- **लागू होगा हॉस्पिटल इंफार्मेशन सिस्टम**
- **डॉक्टर का परचा, जांच रिपोर्ट और दवा की जानकारी होगी ऑनलाइन; गड़बड़ी और दवा घोटाले पर लगेगी रोक**

जाएगा। डॉक्टर का पर्चा, जांच रिपोर्ट और फार्मेसी से जुड़ा डेटा पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज रहेगा। इस सिस्टम के शुरू होने के बाद इलाज से जुड़ी सभी गतिविधियां ऑनलाइन दर्ज होंगी और मरीजों को इसकी जानकारी सीधे उनके मोबाइल पर भी प्राप्त होगी। इससे न केवल इलाज की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि गड़बड़ी की आशंका भी काफी हद तक कम हो जाएगी।वर्तमान में केजीएमयू में इलाज की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल नहीं है, लेकिन एचआईएस लागू होने के बाद अस्पताल प्रशासन की निगरानी भी अधिक प्रभावी हो जाएगी। अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के अनुसार, इस व्यवस्था से कई पुरानी समस्याओं का समाधान होगा और पारदर्शिता बढ़ेगी। नई व्यवस्था के तहत मरीज का छ्रक्र नंबर डालते ही उसकी पूरी मेडिकल हिस्ट्री और जांच रिपोर्ट सामने आ जाएगी। साथ ही दवाओं और मेडिकल इंडेंट की जानकारी भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। हाल ही में सामने आए दवा घोटाले जैसे मामलों को रोकने के लिए भी यह सिस्टम अहम साबित होगा। अब मरीज के नाम पर किसी भी दवा या उपकरण की मांग होने पर उसकी जानकारी सीधे पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक की रियल टाइम जानकारी ऑनलाइन रहने से मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की मजबूरी भी कम होगी।

# यूपी मेट्रो की भावी परियोजनाओं से रूबरू हुए वित्तमंत्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' प्रदर्शनी के भव्य उद्घाटन अवसर पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक बनाने की दिशा में यूपी मेट्रो द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश में संचालित और आगामी मेट्रो प्रोजेक्ट्स का भी विस्तृत ब्यौरा लिया। इस अवसर पर लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी यूपीएमआरसी स्टॉल का भ्रमण किया और यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं को सराहा।




**स्टॉल की मुख्य विशेषताएं: आकर्षणः** स्टॉल पर आगंतुकों को प्रदेश में संचालित एवं निर्माणाधीन मेट्रो परियोजनाओं, विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं, कड़े सुरक्षा उपायों तथा आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

**सूवेनियर काउंटरः** आम जनता और बच्चों के लिए मेट्रो टॉय ट्रेन मॉडल व अन्य आकर्षक सूवेनियर भी खरीदारी के लिए काउंटर पर उपलब्ध कराए गए हैं। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शनी 17 जून से 20 जून 2026 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित की जा रही है, जिसमें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

## 2027 में कार्यकर्ताओं की मेहनत के आधार पर टिकट देगी भाजपा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** वाराणसी में बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने 'भारत संकल्प सम्मेलन' और जनकल्याण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से बिना किसी भेदभाव के जनसेवा कर रही है, और पार्टी आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता के फीडबैक और कार्यकर्ताओं की मेहनत के आधार पर ही टिकटों का बंटवारा करेगी। इसके अलावा उन्होंने पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर बात की और विपक्षी दलों के 'पीडीए' फॉर्मूले पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास रखती है। वाराणसी दौरे के दौरान उन्होंने जनता से संवाद कर कहा कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने जो कार्य किए हैं, पार्टी उस पर जनता से फीडबैक मांग रही है। स्वच्छता अभियान उन्होंने काशी के मांडवी झील में एक विशेष स्वच्छता अभियान में भी भाग लिया।

# देश के प्रतिष्ठित 2 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में यूपी शामिल

## बिजली बिल में राहत मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में आई कमी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में घरेलू रूफटॉप सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 2 गीगावाट स्थापित क्षमता का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश के प्रतिष्ठित '2 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में शामिल हो गया है, जहां अब तक केवल गुजरात और महाराष्ट्र जैसे अग्रणी राज्यों की उपस्थिति थी। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश में सौर ऊर्जा को लेकर बढ़ती जनभागीदारी का परिणाम मानी जा रही है। योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा को अपनाया है। इस दौरान यूपी नेडा के अधिकारी रविंदर सिंह ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में यह उपलब्धि केवल एक सांख्यिकीय मील का पत्थर नहीं है, बल्कि प्रदेश में ऊर्जा



आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रतीक है। घरेलू रूफटॉप सोलर के विस्तार से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिल रही है। प्रदेश की इस सफलता में यूपीनेडा के इम्पैनल्ड वेंडर्स, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, बैंकिंग संस्थानों तथा लाखों उपभोक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभिन्न विभागों और संस्थाओं के समन्वित प्रयासों ने सौर ऊर्जा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में घरेलू सौर ऊर्जा क्षेत्र में तेज़ी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्तमान प्रगति को देखते हुए प्रदेश अब देश में शीर्ष राज्यों की श्रेणी में अपनी स्थिति और मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है। अधिकारियों का मानना है कि यदि वर्तमान गति बनी रही तो आने वाले महीनों में उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों को चुनौती देते हुए नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकता है। उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि राज्य के हरित ऊर्जा भविष्य और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

# यूपी रोडवेज नीट अभ्यर्थियों को रियायती दर पर यात्रा सुविधा उपलब्ध करायेगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** नीट 2026 परीक्षा में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को रियायती दर पर यात्रा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार

- **किराए में होगी 50 प्रतिशत की छूट**
- **आरएम, एआरएम, एसएम का अवकाश रहेगा निरस्त**

दयाशंकर सिंह ने बताया कि नीट-2026 की 21 जून, 2026 को होने वाली परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को 20 जून और 21 जून को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए परिवहन निगम को निर्देश जारी किये गए है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रतिभाग



करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम की बसों में प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्धारित किराए में 50 प्रतिशत की छूट अनुमन्य रहेगी। इस संबंध में एम डी परिवहन निगम प्रभु एन सिंह ने आज सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि परिचालक द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी से प्रवेश पत्र की 01 प्रति प्राप्त कर ली जाय। परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी को ही 50 प्रतिशत रियायती दर पर टिकट निर्गत किया जाएगा। एम डी ने बताया कि परिचालक द्वारा प्रवेश पत्र देख कर अभ्यर्थियों को ईटीआईएम से चाइल्ड टिकट जारी किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि परिचालक अभ्यर्थियों को टिकट निर्गत करने से पूर्व उसके परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित परीक्षा तिथि व फोटो की अवश्य जाँच कर लें कि वह अनुमन्य अवधि के अन्तर्गत ही यात्रा कर रहा है।परिचालक द्वारा वेबिल के पृष्ठ भाग में अभ्यर्थियों का विवरण यथा रोल नंबर, नाम एवं यात्रा का मार्ग, टिकट धनराशि आदि नोट किया जाएगा। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र की एक छायाप्रति अनिवार्य रूप से रखी जायेगी एवं उसको भविष्य हेतु सुरक्षित भी रखा जायेगा।अपरिहार्य स्थिति में ईटीआईएम मशीन से 50 प्रतिशत रियायती दर टिकट जारी न होने की दशा में डिपो प्रभारी अथवा केंद्र प्रभारी से दूरभाष पर अनुमति प्राप्त कर मैनुअल टिकट निर्गत किये जाने की स्थिति में परिचालक ब्लैंक टिकट बुक से रियायती टिकट जारी करेगा तथा मार्ग पत्र पर प्रस्थान स्थान से गन्तव्य स्थान आदि विवरण का अंकन भी करेगा। एम डी ने कहा है कि उक्त अवधि में कोई भी क्षेत्रीय प्रबंधक,सेवा प्रबंधक,सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अवकाश पर नहीं जायेगा।

## दस उपभोक्ता विद्युत चोरी करते पाये गए, रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.की प्रबंध निदेशकरिया केजरीवाल के निर्देश पर बुधवार को शहर के कई इलाकों में विजिलेंस की टीम और विभागीय टीम के संयुक्त रेड अभियान में विद्युत चेकिंग अभियान में दस उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पाये गए। इन सभी के खिलाफ स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके साथ कई बड़े विद्युत बकायेदार उपभोक्ताओं पर विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई। अमौसी क्षेत्र अधिशाषी अभियंता रेड असेसमेंट एण्ड कलेक्शन अमौसी क्षेत्र के द्वारा विद्युत चोरी रोकथाम व लाइन लॉस को कम करने के लिए चयनित फीडरो में विभागीय टीम और विजलेंस टीम द्वारा सघन मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमें 69 सयोजनों को चेक किया गया। इनमें से 7 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पाये गये। इन सभी के खिलाफ एफआरआई स्थानीय थाने पर दर्ज कराई गई है।गोमती नगर क्षेत्र में सुबह रेड टीम द्वारा उपकेन्द्र सेक्टर-25 से पोषित सेक्टर-19, सेक्टर-18 तथा सेक्टर-21 के अन्तर्गत 56 परिसरों को चेक किया गया, जिसमें से 3 उपभोक्ता अवैध रूप से विद्युत का उपभोग करते पाये गये। जानकीपुरम क्षेत्र में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए इस भीषण गर्मी एवं आगामी वर्षा ऋतू में उपभोक्ताओं को लगातार और निर्बाध बिजली सप्लाई प्रदान करने के लिए अधिशासी अभियंता महानगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्र के विभिन्न वितरण परिवर्तकों का अनुरक्षण लाइन को टच कर रही पेड़ों की डालियों के छटाई एवं लोड बैलेंसिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# देवपुर पारा योजना के 378 आवंटियों को पार्किंग आवंटित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कबीर नगर और देवपुर पारा योजना के 378 आवंटियों को बुधवार को लॉटरी के माध्यम से पार्किंग का आवंटन किया गया। लॉटरी का आयोजन एलडीए के कमेटी हॉल में किया गया। जहां पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवंटियों के हाथों से ही लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकलवायीं गयीं। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि योजना में एम0आई0जी0 श्रेणी के 06 ब्लॉक में ओपन,

- **लॉटरी से किया गया पार्किंग का आवंटन**

स्टिल्ट एवं बेसमेंट मिलाकर कुल 378 पार्किंग उपलब्ध हैं। इसमें 14 जून, 2026 तक 622 आवंटियों ने भवनों की रजिस्ट्री करायी है। जिनके मध्य पार्किंग के आवंटन के लिए लॉटरी



ड्रा का आयोजन किया गया। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुये लॉटरी ड्रा में 378 आवंटियों को पार्किंग आवंटित की गयीं। अपर सचिव ने बताया कि जिन आवंटियों को पार्किंग आवंटित नहीं हुयी है, उन्हें योजना में निर्मित होने वाले मल्टीलेवल पार्किंग में जगह आवंटित की जाएगी। इस मौके पर अनुभाग अधिकारी अतुल कपूर समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।






# जिला कारागार में हिस्ट्रीशीटर बंदी की मौत

## परिजन ने जेल प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप






**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मीरजापुर के जिला कारागार में बंद चील्ह थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बंदी नन्हकू सिंह की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल और जेल परिसर पहुंच गए तथा जेल प्रशासन और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। घटना की सूचना उच्चाधिकारियों के साथ परिजनों को दे दी गई है शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया। नियमानुसार मजिस्ट्रियल जांच की प्रक्रिया भी कराई जाएगी। पुलिस और प्रशासन पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार नन्हकू सिंह को 12 जून को एसओजी टीम ने कथित तौर पर 20 ग्राम हेरोइन की बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया था। न्यायालय में पेशी के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया था। जेल में रहने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य खराब होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।मृतक के परिजन का आरोप है कि नन्हकू सिंह की तबीयत कई दिनों से खराब थी, लेकिन जेल प्रशासन ने समय रहते समुचित इलाज नहीं कराया। उनका कहना है कि चिकित्सकों द्वारा बेहतर उपचार और भर्ती की सलाह दिए जाने के बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। परिजन का दावा है कि यदि समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती तो उसकी जान बच सकती थी।बंदी की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा परिजन को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि जिला कारागार में निरुद्ध बंदी नन्हकू सिंह की तबीयत अचानक खराब होने पर उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अघोरी साधुओं ने कार रुकवाकर युवती की अंगूठी उड़ाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के जानकीपुरम निवासी एक युवती की इंजीनियरिंग कॉलेज फ्लाईओवर पर साधुओं ने अंगूठी गायब कर दी। पीड़िता का आरोप है कि अघोरी साधुओं के वेश में दो लोगों ने उनकी कार रुकवाई और बातचीत के दौरान सम्मोहित करके उनकी अंगूठी पार कर दी। युवती की शिकायत पर मड़ियांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकीपुरम के मल्हार डीलक्स निवासी शाम्भवी शुक्ला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे वह कार से इंजीनियरिंग कॉलेज फ्लाईओवर से मड़ियांव की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आए अघोरी साधुओं के वेश में दो व्यक्तियों ने हाथ देकर उनकी कार रुकवाने का इशारा किया। शाम्भवी के मुताबिक, कार रुकने पर एक व्यक्ति ने शीशा खुलवाया और उनके हाथ में फूल की कुछ पंखुड़ियां रख दीं। इसके कुछ ही देर बाद उन्होंने देखा कि उनके हाथ में पहनी अंगूठी गायब है। उन्होंने तुरंत अंगूठी तलाशने और दोनों व्यक्तियों को खोजने का प्रयास किया, लेकिन वे मौके से फरार हो चुके थे। पीड़िता ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा का कहना है मामले की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शुरुआती तौर पर तंत्र-मंत्र या झांसा देकर ठगी किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

# आर्थिक तंगी से परेशान कारोबारी ने की आत्महत्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कृष्णा नगर इलाके में कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान एक कारोबारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह घर में उनका शव सीढ़ियों की रेलिंग से लटका मिला।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक राकेश दुबे (52) कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के महादेव नगर, कनौसी में परिवार के साथ रहते थे। मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के सिमरी गांव निवासी राकेश बिजनेस कंसल्टेंसी का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि कोरोना काल के दौरान उनके कारोबार को बड़ा नुकसान हुआ था। कारोबार संभालने के लिए उन्होंने कर्ज लिया था, लेकिन आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती चली गई। बताया जा रहा है कि पिछले काफी समय से वह कर्ज और आर्थिक दबाव को लेकर मानसिक तनाव में थे।

बुधवार सुबह उन्होंने घर की सीढ़ियों की रेलिंग पर रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया। सुबह करीब 6:40 बजे उनकी पत्नी सुमन दुबे की नजर उन पर पड़ी तो चीख-पुकार मच गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों का कहना है कि आर्थिक संकट के साथ-साथ राकेश को चलने-फिरने में भी दिक्कत रहती थी, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई थी। परिवार के मुताबिक वह लंबे समय से तनाव में थे और अक्सर आर्थिक हालात को लेकर चिंतित रहते थे। राकेश के घर में पत्नी और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी शिवानी दुबे एक निजी अस्पताल में केयर टेकर के रूप में कार्यरत हैं, जबकि छोटी बेटी प्रिया दुबे नौवीं कक्षा की छात्रा है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। कृष्णा नगर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की जांच की जा रही है।

## खबर एक नजर

### आम तोड़ते समय करंट से व्यक्ति की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सरथरा गांव में आम तोड़ने गए एक 50 वर्षीय व्यक्ति की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान करणवीर सिंह उर्फ बब्लू पुत्र गयाबक्स सिंह चौहान के रूप में हुई है। यह घटना बुधवार दोपहर करीब एक बजे हुई, जब करणवीर सिंह अपने सबसे छोटे बेटे ऋतिक (7 वर्ष) के साथ बाग में आम तोड़ने गए थे। इसी दौरान उन्हें अचानक बिजली का करंट लग गया, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। करणवीर सिंह अपने पीछे पत्नी सुनीता सिंह और दो बेटों, अंश (14 वर्ष) और ऋतिक (7 वर्ष) को छोड़ गए हैं। परिजनों ने इस मामले में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया है। इस घटना से गांव में गम का माहौल है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### मार्निंग वॉक से लौटे युवक ने लगाई फांसी, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के सआदतगंज इलाके में स्थित यासीनगंज में बुधवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। यासीनगंज स्थित बड़ी शाही मस्जिद के निकट रहने वाले 31 वर्षीय विनीश यादव सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। परिजनों के मुताबिक, वह घर लौटने के बाद सीधे ऊपर स्थित कमरे में चले गए। कुछ देर बाद जब परिवार के लोगों ने उन्हें देखा तो वह फंदे से लटके मिले। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। डायल-112 के माध्यम से सूचना मिलने पर सआदतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव के पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक सुबह सामान्य रूप से मॉर्निंग वॉक पर गया था और वापस आने के बाद उसने यह कदम उठा लिया। फिलहाल परिवार की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस परिजनों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है।

### आईजीआरएस करने पर दबंगों ने पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मदेगंज इलाके में स्थित खदरा के बिस्ती टोला में सरकारी पानी की टंकी के दुरुपयोग की शिकायत के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। पीड़िता ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़, तोड़फोड़ और नकदी चोरी करने का आरोप लगाया है। दबंगों ने शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम के जाते ही हमला कर दिया। बिस्ती टोला खदरा निवासी नसीम जहां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे ने जनसुनवाई पोर्टल पर मोहल्ले में सरकारी पानी की टंकी के कथित अवैध उपयोग की शिकायत की थी। शिकायत पर जलकल विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। आरोप है कि जांच के दौरान पड़ोस में रहने वाली किश्वर जहां के यहां सरकारी पानी की टंकी का गलत तरीके से उपयोग पाया गया। नसीम जहां का आरोप है कि शिकायत से नाराज होकर किश्वर जहां, शहनूर, शकील, अफनान, अकील, ट्विंकल समेत 15 से 20 अज्ञात लोग उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने उनके साथ और उनकी बेटी नादिया के साथ मारपीट की। नादिया के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसके कपड़े भी फाड़ दिए। विरोध करने पर पति अनवर अली और दोनों बेटों मोहम्मद अदनान व अरशद की भी पिटाई की गई। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने घर में रखे कूलर और फ्रिज को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही कमरे में रखी 20 हजार रुपए की नकदी भी गायब हो गई। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले में इंस्पेक्टर मदेयगंज का कहना है मुकदमा दर्ज करके आरोपों की जांच की जा रही है।

### शारदा सहायक नहर में मिला नवजात का शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह शारदा सहायक नहर में एक नवजात शिशु का शव मिला है। केटल घाट के पास नहर में शव को बहता देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुबह कुछ लोगों की नजर नहर में बह रहे एक नवजात के शव पर पड़ी। शुरुआत में उन्हें स्थिति का अंदाजा नहीं हुआ, लेकिन पास जाकर देखने पर पता चला कि वह नवजात शिशु का शव है। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और नवजात की पहचान तथा शव के नहर में पहुंचने की परिस्थितियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस अब इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात को नहर में किसने और किन परिस्थितियों में फेंका। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालने की तैयारी में है, ताकि घटना से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिल सकें। इस घटना के बाद इलाके में गंभीर चर्चा का विषय बन गया है। स्थानीय लोगों ने इस कृत्य को अमानवीय बताया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं पर गहन जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही नवजात की मौत के कारणों और घटना की वास्तविक परिस्थितियों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लाइसेंसी बंदूक छीनने वाला गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बीते 14 जून 2026 को रजनीश सिंह नाम के शख्स की लाइसेंसी बंदूक छीनने वाले लुटेरे को निरीक्षक गोमतीनगर विस्तार शिव कुमार सिंह की टीम ने बुधवार को शहीद पथ के किनारे रेलवे लाइन सर्विस रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ी से गिरफ्तार किया है। पुलिस को इसके पास लूटी गई डबल बैरल की बंदूक बरामद हुई है। गोमतीनगर विस्तार निरीक्षक शिव कुमार सिंह के मुताबिक बी-129 पाम रेजीडेंसी बक्कास निवासी रजनीश सिंह ने लिखित तहरीर देकर बताया कि उनकी लाइसेंसी बंदूक लुटेरों ने लूट लिया है। इस सूचना पर पुलिस आनन-फानन में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। निरीक्षक शिव कुमार सिंह ने बताया कि वह और उनकी टीम में शामिल उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार कन्नौजिया, उपनिरीक्षक आयुष यादव, उपनिरीक्षक लवलेश कुमार, कांस्टेबल ब्रजेश कुमार, कांस्टेबल गुरू चन्द्र, कांस्टेबल सिराज अहमद व कांस्टेबल रविंद्र कुमार घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो उसमें एक संदिग्ध शख्स की तस्वीर सामने आई। निरीक्षक शिव कुमार सिंह का कहना है कि सबूत हाथ लगते ही वह टीम के साथ लुटेरों की तलाश कर रहे थे कि बुधवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक संदिग्ध शख्स गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र के शहीद पथ किनारे रेलवे लाइन स्थित सर्विस रोड पर बनी झुग्गी-झोपड़ी के पास मौजूद है और वह कहीं भागने की फिराक में है।

इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस घेरेबंदी कर उक्त व्यक्ति को धरदबोचा। निरीक्षक के मुताबिक पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम बीकेटी थाना क्षेत्र के बीकामऊ खुर्द गांव व हाल पता गुडंबा क्षेत्र के जानकीपुरम गार्डेन निवासी श्रेयस वशिष्ठ उर्फ मानस सिंह पुत्र राजेश सिंह बताया। पुलिस को आरोपी के पास से लूटी गई डबल बैरल बंदूक बरामद हुई है।

# नीट की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के बाजारखाला थाना क्षेत्र में 17 साल की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा ने नीट पेपर दिया था। एग्जाम कैंसिल होने की वजह से डिप्रेशन में चल रही थी। पुलिस में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

मूल रूप से बिहार पटना के रहने वाले रंजीत यादव रेलवे में टीटी के पद पर तैनात हैं। वह अपने परिवार के साथ रेलवे कॉलोनी ऐशबाग में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया बेटी शिवानी यादव (17) ने 12वीं पास की थी। इसके बाद नीट का एग्जाम दिया था। उसका एग्जाम काफी अच्छा हुआ था लेकिन एग्जाम कैंसिल होने की वजह से डिप्रेशन में चल रही थी। बुधवार सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह शिवानी की मां कमरे में बुलाने पहुंची। काफी बार दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उन्होंने अन्य सदस्यों को आवाज लगाई। आवाज सुनकर परिवार के बाकी लोग पहुंचे दरवाजा खोला गया तो अंदर दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकती मिली। परिजनों ने फंदे से उतारकर रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामले में इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह का कहना है शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे के कार्रवाई की जाएगी।

# दो ट्रक आपस में भिड़े, चालक की मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के गोसाईंगंज में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के पास मंगलवार रात भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खराब होकर खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सुल्तानपुर हाईवे पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट के पास हुई। यहां एक ट्रक अचानक खराब हो गया था। खराब हुए ट्रक का चालक सोनू (29), निवासी अमरोहा, अपने वाहन के पीछे खड़ा होकर उसे देख रहा था। इसी दौरान, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने खराब खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनू उसकी चपेट में आ गया। टक्कर लगने से सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक स्टीयरिंग में फंस गया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे गंभीर हालत में बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जमीनी विवाद में आशा कार्यकर्त्री की हत्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के जौनपुर में महाराजगंज थाना क्षेत्र के सवंसा गांव में बुधवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान आशा कार्यकर्ता चेतना सिंह (45) की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। मृतका के भाई संदीप सिंह द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, करीब 10 वर्ष पूर्व उनकी माता सुदामा देवी के नाम उक्त जमीन का बैनामा कराया गया था, जिसका नामांतरण भी राजस्व अभिलेखों में हो चुका है। पुलिस के मुताबिक ओम प्रकाश सिंह विवादित भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई करा रहे थे उसी दौरान संदीप सिंह और चेतना सिंह ने पहुंच कर इसका विरोध किया तो ओम प्रकाश सिंह, उनकी पुत्री रोमा और रीतू ने चेतना सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। परिजनों का आरोप है कि मारपीट में गंभीर रूप से घायल चेतना सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। चेतना सिंह महाराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थी।घटना की सूचना मिलते ही महाराजगंज सहित तीन थानों की पुलिस, राजस्व विभाग की टीम और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस संबंध में जानकारी लेने पर क्षेत्राधिकारी सुनील चंद्र तिवारी ने बताया कि मामले में नामजद आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मौके पर पुलिस बल तैनात है।

# शादी की जिद में तीहरे हत्याकांड का खुलासा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में मेजा थाना क्षेत्र के कुकरकटवा गांव में हुए तिहरे हत्याकांड का पुलिस ने महज नौ घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित हिमांशु यादव और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि प्रेम प्रसंग और शादी को लेकर चल रहे विवाद के चलते आरोपित ने अपनी प्रेमिका के परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी थी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की सुबह मेजा थाना क्षेत्र के कुकुर कटवा गांव निवासी श्यामलाल गुप्ता(60) पुत्र स्वर्गीय गुलजार और उसकी भयाहू इंद्रावती (51) पत्नी दूधनाथ गुप्ता एवं अमरावती (50) पत्नी नेब्बूलाल का शव घर के बाहर रक्तरंजित पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने तीनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध में मृतिका के दामाद लोकपति की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस महेज नौ घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपित हिमांशु यादव एवं उसके दोस्त को गिरफतार किया। पुलिस के मुताबिक हिमांशु यादव अपनी प्रेमिका नेहा से

■ **मुख्य आरोपित हिमांशु मुठभेड़ में घायल, भाई-दोस्त समेत ग्राम प्रधान गिरफ्तार**

शादी करना चाहता था, लेकिन युवती के परिजन इस रिश्ते के खिलाफ थे। इसी रंजिश में हिमांशु ने अपने साथी गौतम के साथ मिलकर लोहे की रॉड से हमला कर युवती के परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों आरोपित फरार हो गए थे और कोर्ट में आत्मसमर्पण की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उससे पहले ही एसओजी यमुनानगर जोन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने उन्हें दबोच लिया। जांच में यह भी सामने आया कि हिमांशु और नेहा के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। दोनों कुछ माह पहले घर छोड़कर चले गए थे, हालांकि बाद में परिवार और समाज के लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया था। डीसीपी ने बताया कि पुलिस कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) समेत अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि हत्याकांड की साजिश में कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या नहीं। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उधर, घटना के बाद मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी साक्ष्य जुटाकर आरोपितों के खिलाफ मजबूत और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मोहर्रम : लखनऊ में हाई अलर्ट, 5 जोन व 18 सेक्टर में तैनात होगा भारी पुलिस बल



**लखनऊ।** मोहर्रम-2026 के अवसर पर राजधानी लखनऊ में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लखनऊ पुलिस ने व्यापक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था लागू की है। ताजिया जुलूसों, मजलिसों और अन्य धार्मिक आयोजनों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरे कमिश्नरेट क्षेत्र में बहुस्तरीय सुरक्षा योजना तैयार की गई है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी।

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों और धार्मिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पश्चिमी जोन सहित कमिश्नरेट के विभिन्न क्षेत्रों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांच जोन और 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। चौक, ठाकुरगंज, सआदतगंज, बाजारखाला, वजीरगंज, अमीनाबाद सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी और वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है।मोहर्रम ड्यूटी के लिए चार पुलिस उपायुक्त, 19 अपर पुलिस उपायुक्त और 52 सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा 91 निरीक्षक, 1104 उपनिरीक्षक तथा 2477 मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। सुरक्षा प्रबंधों को और मजबूत बनाने के लिए 14 कंपनियां तथा दो प्लाटून पीएसी की भी तैनाती की गई है।महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए महिला पुलिसकर्मियों, एंटी रोमियो स्क्वॉड, पिंक पेट्रोल और डायल-112 की टीमों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम करेंगी।पुलिस ने मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिया, अलम और मातमी जुलूसों के पारंपरिक मार्गों का सत्यापन कर लिया है। प्रत्येक प्रमुख जुलूस मार्ग पर पुलिस पिकेट, मोबाइल गश्त और विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जुलूसों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए आयोजन समितियों और धर्मगुरुओं के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया जा रहा है।लखनऊ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से भी सुदृढ़ बनाया है। शहर के प्रमुख स्थलों, जुलूस मार्गों, इमामबाड़ों और कर्बला स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। ड्रोन कैमरों की मदद से भी भीड़ और गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले संदेशों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।पुलिस प्रशासन ने नागरिकों, धर्मगुरुओं, ताजियादारों और आयोजन समितियों से सहयोग की अपील की है। पुलिस ने लोगों से परंपरागत मार्गों और निर्धारित समय का पालन करने, अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया है।

लखनऊ पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मोहर्रम के सभी धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा शांति और भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

# रिश्वत लेने के आरोप में तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बस्ती में भ्रष्टाचार के खिलाफ बस्ती पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सोशल मीडिया पर घूस लेते वायरल हुए वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बुधवार को परशुरामपुर थाने में तैनात एक दीवान सहित दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें पुलिसकर्मी कथित तौर पर रिश्वत लेते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद एसपी ने तत्काल जांच कराई और प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए जाने पर थाना परसरामपुर में नियुक्त मुख्य आरक्षी जगत नरायन यादव, आरक्षी आनन्द यादव, आरक्षी बृजभूषण सिंह के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई।पुलिस कप्तान ने बताया कि थाना परशुरामपुर में नियुक्त पुलिस कर्मियों का कार्य एवं आचरण जनता में अच्छा नही है, इनके कार्य से जनता के व्यक्तियों द्वारा निरन्तर शिकायतें मिल रही थी। इन पुलिस कर्मियों का सार्वजनिक स्थान पर उत्कोच लेते हुए एक वीडियों संज्ञान में आया था, जिसपर तीनों पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर विभागीय जांच के आदेश दिये है ।



# ऑटो रिक्शा में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के दिल्ली-मेरठ मार्ग पर ऑटो में लिफ्ट देकर युवक को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले बदमाश के साथ पुलिस की आज मुठभेड़ हुई। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा चलाई गई गोली बदमाश के पैर में लगी है। उसके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल फोन, नकदी, अवैध तमंचा और घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद किया हुआ है। सहायक पुलिस आयुक्त अजय कुमार ने बुधवार को बताया कि पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से मेरठ की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की घटना में शामिल एक बदमाश अपने साथियों के साथ नवीपुर बंबा पेरिफेरल अंडरपास के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी।



इसी दौरान नवीपुर की ओर से एक ऑटो रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ऑटो मोड़कर भागने लगा। कुछ दूरी पर ऑटो फंस गया। खुद को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपित के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एसीपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार बदमाश की पहचान दिल्ली के करावल नगर स्थित शिव विहार कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय करन पुत्र सूरजपाल के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा और 700 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में करन ने बताया कि उसने अपने साथी पुनित शर्मा, जतिन मित्तल और अनुराग गुप्ता के साथ मिलकर कुछ दिन पहले मेरठ मोड़ से एक युवक को ऑटो में बैठाया था। इसके बाद उससे दो मोबाइल फोन और 5600 रुपये लूट लिए थे।

वारदात के बाद पीड़ित को दुहाई पेरिफेरल के आगे सुनसान स्थान पर छोड़ दिया गया था। आरोपित ने पुलिस को बताया कि लूटी गई रकम आपस में बांट ली गई थी। एक मोबाइल फोन उसके साथी को दे दिया गया था, जबकि दूसरा मोबाइल उसने अपने पास रख लिया था। बरामद मोबाइल फोन और नकदी उसी लूट की घटना से संबंधित हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में फरार अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मीरजापुर के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरिया गांव में बुधवार सुबह मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। गलरिया गांव निवासी 63 वर्षीय पग्गल धरकार अपने घर के समीप खेत में मिट्टी पटवाने का कार्य करा रहे थे। खेत में जेसीबी मशीन से मिट्टी समतलीकरण का काम चल रहा था और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से मिट्टी गिराई जा रही थी। इसी दौरान सुबह करीब नौ बजे मिट्टी लेकर पहुंचे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से पग्गल धरकार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और रोने-बिलखने लगे। मृतक के पुत्र रवि ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि अज्ञात चालक तेज गति और लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था। इसी दौरान उसने उनके पिता को टक्कर मारते हुए कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजन के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रैक्टर स्वामी वीरेंद्र कोरी के घर खड़ा कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संविदा कर्मियों को आउटसोर्स निगम में शामिल किए जाने की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा निगमों में कार्यरत संविदा कर्मियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किए जाने के बावजूद ऊर्जा निगमों के हजारों संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों को आज तक उसके दायरे में नहीं लाया गया है। इसके चलते संविदा कर्मियों का आर्थिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक शोषण लगातार जारी है।संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा निगमों में कार्यरत संविदा कर्मी बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा तथा सुरक्षित कार्य परिस्थितियां उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। अनेक स्थानों पर कार्य के अनुरूप अनुबंध नहीं किए गए हैं। यहां तक कि निर्धारित मानकों के विपरीत कम वेतन का भुगतान किया जा रहा है।संघर्ष समिति ने कहा कि प्रदेश में बिजली आउटसोर्स कर्मियों की लगातार हो रही दुर्घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। पिछले 49 दिनों में 56 बिजली आउटसोर्स कर्मी दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं, जिनमें 30 कर्मियों की मृत्यु हो गई है, जब कि 26 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह स्थिति ऊर्जा निगम प्रबंधन की संविदा कर्मियों के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति को दर्शाती है। बड़े पैमाने पर अनुभवी कर्मियों को हटाए जाने और प्रशिक्षित जनशक्ति की कमी के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है।संघर्ष समिति ने मांग की है कि ऊर्जा निगमों के सभी संविदा कर्मियों को तत्काल आउटसोर्स सेवा निगम के अंतर्गत लाया जाए, सभी आउटसोर्स कर्मियों के लिए न्यूनतम 18,000 रूपए प्रतिमाह वेतन सुनिश्चित किया जाए, कार्य के अनुरूप विधिवत अनुबंध किए जाएं तथा आउटसोर्स सेवा निगम के प्रावधानों के अनुसार वेतन भुगतान कराया जाए,पावर कॉरपोरेशन के आदेशों एवं ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए हटाए गए संविदा कर्मियों को पुनः कार्य पर लिया जाए,बिजली कर्मियों की दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण एवं आवश्यक जनशक्ति उपलब्ध कराई जाए, दुर्घटना के शिकार कर्मियों के निःशुल्क एवं कैशलेस उपचार की व्यवस्था की जाए तथा मृतक कर्मियों के आश्रितों को समुचित आर्थिक सहायता एवं रोजगार प्रदान किया जाये।



# किशोर की तालाब में डूबकर मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम ततारपुर निवासी रौनक (13) पुत्र देवेंद्र कुमार बुधवार को अपने गांव में तालाब के पास घूमने गया था। इसी दौरान वह तालाब के गहरे गड्ढे में चला गया और पानी में डूब गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों और परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो मौके पर अफरातफरी मच गई।परिजन और ग्रामीणों ने तत्काल तालाब पर पहुंच कर किशोर को पानी से बाहर निकाला। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कुठौन्द थाना प्रभारी जगदंबा प्रसाद दुबे का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

# एंटी करप्शन टीम ने राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते पकड़ा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आजमगढ़ की एन्टी करप्शन टीम ने बुधवार को बलिया तहसील के राजस्व निरीक्षक को एक किसान से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्व निरीक्षक ने जमीन नापने के बदले में पीड़ित किसान से रिश्वत की मांग की थी, जिसकी शिकायत पीड़त किसान ने एन्टी करप्शन आजमगढ़ इकाई से की थी।



हल्दी थाना के सोनवानी निवासी किसान अशोक कुमार सिंह ने शिकायत की थी। उन्होंने टीम को बताया कि राजस्व निरीक्षक रामप्रताप राम जो वर्तमान में तहसील सदर, जनपद बलिया में तैनात हैं, भूमि की पैमाइश करने के बदले पांच हजार रुपये मांग रहे हैं। शिकायत पर आजमगढ़ की एन्टी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया।

इसके बाद टीम ने सदर तहसील के प्रथम तल स्थित कमरा नम्बर 22 में राजस्व निरीक्षक कक्ष में दबिश दिया और आरोपित राजस्व निरीक्षक रामप्रताप राम को पांच हजार रुपये की रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथों गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ़्तारी और रिश्वत के नोटों की बरामदगी के बाद आरोपित को टीम अपने साथ लेकर कोतवाली पहुंची। वहीं, शिकायतकर्ता अशोक सिंह ने कहा कि तीन साल पुराने जमीन की नापी के मामले में रिश्वत मांगी गयी थी।

उधर, शहर कोतवाल प्रवीण सिंह ने बताया कि रिश्वत लेने वाले राजस्व निरीक्षक को पकड़कर एंटी करप्शन की टीम यहां लेकर आई थी। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे आजमगढ़ ले जाया गया है।

# प्रयागराज के कई नेताओं ने बसपा में लौटने की तैयारी का मन बनाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर जाने वाले वाले नेता अब फिर से बसपा में शामिल होकर टिकट लेने की जुगाड़ में हैं। दरअसल बसपा पर जैसे ही संकट मंडराया ये नेता भाजपा, सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों में शामिल हो गए, लेकिन जिस लालच में वे बसपा छोड़कर गये थे, उनका वो काम वहां बन ही नहीं सका। मतलब उन्हें पार्टी ने टिकट देकर अपना उम्मीदवार ही नहीं बनाया। इसके चलते अब वे नेता फिर से बसपा में शामिल होकर टिकट लेने की जुगाड़ कर रहे हैं।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव का अघोषित बिगुल बजने के साथ नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। टिकट के लिए नेता गोट सेट करने में जुटे हैं। सत्ता दल भाजपा में टिकट के दावेदारों की भीड़ अधिक है। भाजपा से निराश नेताओं को बसपा में आशा की किरण नजर आ रही है। इसमें ब्राह्मण नेताओं की संख्या अधिक है। कई ब्राह्मण नेता भाजपा में रहकर बसपा की टिकट के लिए दौड़ लगा रहे हैं। इसमें बसपा के कई पूर्व नेता भी घर वापसी को आतुर हैं। सत्ता जाने पर बसपा का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले नेता टिकट न मिलता देख पुराने घर में लौटने की जुगत भिड़ा रहे हैं। बारह विधानसभा क्षेत्रों वाले प्रयागराज में भाजपा के छह, उसकी सहयोगी पार्टी अपना दल एस व निषाद पार्टी के एक-एक तथा सपा के चार विधायक हैं। भाजपा 2017 से प्रदेश की सत्ता पर काबिज है।इसके बाद सपा और बसपा के तमाम नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसमें ब्राह्मण नेताओं की संख्या अधिक है। उन्हें लगा था कि भाजपा में रहने से उन्हें टिकट मिल जाएगा, लेकिन वैसा होता दिख नहीं रहा। करछना विधानसभा क्षेत्र के कभी बसपा के विधायक रहे ब्राह्मण नेता भी उसमें शामिल हैं। वह भाजपा के सदस्य हैं, लेकिन टिकट के लिए अपनी पुरानी पार्टी बसपा में दौड़ लगा रहे हैं। भाजपा यमुनापार के पूर्व उपाध्यक्ष सहित तीन ब्राह्मण नेता मेजा विधानसभा क्षेत्र से बसपा का टिकट चाह रहे हैं।

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित तीन नेता शहर उत्तरी से बसपा में संपर्क साध रहे हैं। इसी प्रकार फाफामऊ, हंडिया, शहर दक्षिणी, फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा से निराश दर्जनभर नेता बसपा में दौड़ लगा रहे हैं। बसपा से जुड़े लोगों का कहना है कि संगठनात्मक रूप से चुनाव को लेकर तैयारी तेज हो गई है। यही वजह है कि भाजपा के कई नेताओं ने बसपा से टिकट लेने के लिए संपर्क साधा है। कई ऐसे नेता पार्टी में वापसी करना चाहते हैं, जो सत्ता जाने के बाद दूसरी पार्टियों में चले गए थे। सबके नाम पर विचार चल रहा है।

# प्रताप परिषद के चुनाव 2 अगस्त को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** क्षत्रियों के प्रमुख संगठन 'प्रताप परिषद' के चुनाव 2 अगस्त को होंगे। अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह चौहान एवं महामंत्री कन्हैया सिंह ने बताया कि 21 जून तक सदस्यता ली जा सकती है। नामांकन 25 जुलाई और वापसी 26 जुलाई को होगी। मतदान 2 अगस्त को और चुनाव परिणाम भी उसी दिन आयेगा। सदस्यता सूची का प्रकाशन 25 जून। आपत्ति हेतु अवसर 26 जून। संशोधित सदस्यता एवं मतदाता सूची का प्रकाशन 28 जून। नामांकन पत्र प्राप्त करने की तिथि 24 जुलाई तथा नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई 2026 है।नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन 26 एवं नामांकन पत्र वापसी 26 जुलाई 2026 को होगी। डॉ. चौहान ने क्षत्रिय समाज से आग्रह किया है कि वे सदस्य बनकर संस्था को मजबूत बनायें।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उरई कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अजनारी फ्लाई ओवर के पास बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे झांसी की ओर से आ रही एक बलेनो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में बलेनो सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक महिला समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया है और मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ सिटी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि कार उरई कोतवाली के मंडी चौकी के कानपुर-झांसी हाइवे पर अजनारी फ्लाई ओवर के पास बलेनो कार नम्बर डीडी 01 ए 7805 अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। जिसमें सवार अखिलेश पुत्र रामचंद्र विश्वकर्मा व ब्रजराज पुत्र कन्हैया यादव निवासी आजमगढ हाल निवासी दादर नगर हवेली गुजरात की मौके पर मौत हो गयी, जबकि अभय, अनुराग तथा जीरा और अखिलेश सभी निवासी पता उपरोक्त गम्भीर रुप से घायल हो गये है।उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। मंडी चौकी इंचार्ज अमित चतुर्वेदी ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है और उनके यहां पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।



# गोरखपुर में गोरखधंधा चला रहे हैं मुख्यमंत्री : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार के दस साल में गोरखपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य की बदहाली, बढ़ते अपराध, अपराध और झूठे वादे पर पुस्तिका जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री गोरखपुर में गोरखधंधा चला रहे हैं मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था को चौपट कर दिया है। भाजपा सरकार ने गरीबों से शिक्षा की पहली सीढ़ी छीनने का काम किया है। दस साल में गोरखपुर में करीब 500 प्राइमरी स्कूल बंद कर दिए गये हैं। मुख्यमंत्री एक तरफ अपना विश्वविद्यालय बना रहे है, वहीं दूसरी तरफ प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। स्कूलों को बंद करने के साथ सरकार ने टीचरों समेत 1500 लोगों की नौकरी छीन लिया है। यही स्थिति स्वास्थ्य विभाग की भी है। 2017 से अब तक गोरखपुर में 68 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंद कर दिए गए हैं। 2017 में गोरखपुर में 77 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र थे, अब केवल 9 बचे हैं। भाजपा सरकार में सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र बंद किये जा रहे हैं, निजी हॉस्पिटल खोले जा रहे हैं। 2017 में 37 निजी हॉस्पिटल थे, दस साल में 13 गुना बढ़कर 501 हो गये है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में गोरखपुर जिले के नेताओं के साथ बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा दौरा गोरखपुर का करते हैं। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा अपराध उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं। एनसीआरबी का आंकड़ा देखा जाए तो दलितों के साथ सबसे ज्यादा अपराध उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं। उसमें भी यूपी में गोरखपुर दलितों के साथ अपराध में नंबर एक पर है। 2017 के बाद गोरखपुर में दलितों के खिलाफ अपराधों में 37 फीसदी बढ़ोत्तरी हो गयी है। इसी तरह महिलाओं के साथ अपराध 14 फीसदी बढ़ गये है। गोरखपुर में निर्माणाधीन कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। गोरखपुर लिंक फोरलेन रोड में भारी भ्रष्टाचार हुआ। मुख्यमंत्री को पता ही नहीं है कि एक्सप्रेस-वे कम से कम 6 लेन का होता है। जो लिंक रोड बनी है, उसमें जमकर गोरखधंधा चला। सड़क के उद्घाटन के बाद ही गड्ढे हो गये। गोरखपुर में बड़े पैमाने पर गरीबों की जमींने छीन ली गयी। तालाबों पर कब्जे हो गये है। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हर दिन उत्तर प्रदेश की पहचान को लेकर बयानबाजी करते है। जबकि सच्चाई यह है कि 2017 से पहले मुख्यमंत्री की खुद कोई पहचान नहीं थी। उन्हें कोई नहीं जानता था।

गोरखपुर जिले के नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में जल्दी समाजवादी पार्टी का सम्मेलन होगा। सम्मेलन की तारीख संगठन से चर्चा कर प्रदेश अध्यक्ष जल्दी तय करेंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के ब्राह्मणपुर नवाबाद बस्ती में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका की मां विमला देवी ने नामजद तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को उसके पति सुरेश गौतम, जेठ रमेश उर्फ कल्लू गौतम तथा संगीता ने जहर देकर मार डाला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ब्राह्मणपुर नवाबाद निवासी आरती गौतम (31), पत्नी सुरेश गौतम, की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे सुरेश गौतम आरती को लेकर कलिंजरा बाजार गए थे। मृतका मूल रूप से बक्शा थाना क्षेत्र के पूरातेजी गांव निवासी मदनलाल गौतम की पुत्री की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो बेटियां हैं दोनों स्थानीय परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत हैं। थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्ध की पीट-पीट कर हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बस्ती के जनपद के थाना क्षेत्र के कलवारी मुस्तहकम गांव में बुधवार दोपहर 65 वर्षीय मोहम्मद समी की बांस से पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि भोजन के बाद साइकिल से घर जाते समय गांव के गेट के पास राजकुमार ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी कलवारी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी समेत कई थानों की पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। तहरीर लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई बाँध स्वचालन खण्ड**
**1/98 विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010**

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – 02/EE/IDADLko/2026-27**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें [illegible] कार्य हेतु 'ए' या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.06.2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक 27.06.2026 को अपराह्न 16.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई बाँध स्वचालन खण्ड, लखनऊ के कार्यालय कक्ष में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.06.2026 से 25.06.2026 को 17.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से, (1) पंजीकरण प्रमाण पत्र, (2) [illegible] (IDT-I), (3) [illegible] प्रमाण-पत्र (IDT-II) एवं (4) [illegible] प्रमाण-पत्र (IDT-III) की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करते हुए तथा उनकी [illegible] ठेकेदार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा, ठेकेदार का पत्र जिसमें प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित हो उसकी मूल प्रति जमा करने के पश्चात निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा खुलने की तिथि में उपरोक्त अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस में नियत स्थान एवं समय में खोली जायेगी। धरोहर धनराशि [illegible] अथवा नियमानुसार [illegible] के रूप में जो कि "Executive Engineer, Irrigation Dam Automation Division, Lucknow" के पक्ष में बन्धक होगी एवं पंजीकरण प्रमाण-पत्र की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Upgradation in VFD, RTU/PLC panel of Main Barrage (Other Bay Gate No. 20 to 29) to run Three Phase Electro Hydraulic Brake, (as per technical specifications), F.O.R. at Ghaghara Barrage, Bahraich Uttar Pradesh. | 5.25 | 10,500.00 | 02 सप्ताह | 225.00+ 18% GST |

नोट : निविदा/बिड से सम्बन्धित तकनीकी विशिष्टता एवं विस्तृत विवरण व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी।

(प्रणव सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई बाँध स्वचालन खण्ड,
लखनऊ

उ0प्र0 252709 दिनांक- 17.06.2026
Website: www.upgov.nic.in



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ।**

पत्रांक:- 1049 / टेन्डर / 2026 दिनांक:- 10.06.2026

**निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग श्रेणी-ए,बी,सी एवं डी0 में सदन कार्य के पंजीकृत निविदा दाता ही निविदा डालने के योग्य होंगे।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.51 | 0.35 | 677.00 | 90 दिन | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 2. | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3. | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4. | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5. | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउण्ड कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.00 | 0.20 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6. | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउण्ड कालोनी के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 7. | लखनऊ | तालकटोरा ई0टी0 कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.51 | 0.35 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 8. | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 9. | लखनऊ | तालकटोरा ई0टी0 कालोनी के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.10 | 0.21 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 10. | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.10 | 0.21 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 11. | लखनऊ | ऐशबाग एल0डी0ए0 कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 12. | लखनऊ | ऐशबाग एल0डी0ए0 कालोनी के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 13. | लखनऊ | बेगमबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवास संख्या-2/1 में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.11 | 0.12 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 14. | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवास संख्या-बी-503 में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.67 | 0.07 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 15. | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेंट से तल संख्या-05 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 16. | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.00 | 0.30 | 677.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 17. | लखनऊ | एल0डी0ए0 कालोनी ऐशबाग कालोनी स्थित एल.आई.जी.-23 टाईप-2 में विशेष विविध मरम्मती कार्य। | 0.97 | 0.10 | 590.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

2. निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं जिनका विवरण तालिका के कॉलम 8, 9, 10 में है, के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक-29.06.2026 से दिनांक-01.07.2026 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ के देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदादाता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक-02.07.2026 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक-02.07.2026 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में दर्शित है, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3. निविदा के नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होंगी।

उ0प्र0 252708 दिनांक- 17.06.2026
Website: www.upgov.nic.in

**अधिशासी अभियन्ता**

# वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में लखनऊ बनेगा ग्रोथ इंजन : सुरेश खन्ना

## लखनऊ में 54 एफपीओ, 2.70 लाख किसान पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में राजधानी लखनऊ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र और आधारभूत संरचना के विकास को नई गति देते हुए सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें। श्री खन्ना बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की आर्थिक प्रगति, विकास योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।बैठक में अवगत कराया गया कि लखनऊ की जीडीपी 1.68 लाख करोड़ रुपये है तथा राज्य की अर्थव्यवस्था में जनपद का योगदान 5.56 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में जनपद की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का योगदान 62.76 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र का 30.14 प्रतिशत तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का 7.10 प्रतिशत रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में संतुलित विकास सुनिश्चित कर



लखनऊ को प्रदेश के आर्थिक विकास का अग्रणी केंद्र बनाया जाए।कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता, एफपीओ और मिलेट्स उत्पादन पर विशेष जोरकृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद के 2,70,802 किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है तथा किसानों के खातों में ?54.16 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की गई है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जनपद के 36,562 किसान बीमित हैं। किसानों को योजना से जोड़ने तथा दावों के समयबद्ध निस्तारण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।बैठक में बताया गया कि जनपद में अब तक 54 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किए जा चुके हैं। प्रभारी मंत्री ने एफपीओ को विपणन, मूल्य संवर्धन और कृषि उद्यमिता से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने मिलेट्स उत्पादन की प्रगति का विस्तृत आकलन प्रस्तुत करने तथा उन्नत बीजों, आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।वृक्षारोपण, पशुपालन और मत्स्य पालन से बढ़ेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्थावन विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने सुरक्षित स्थानों पर वृक्षारोपण, पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रिगार्ड तथा सघन हरित विकास हेतु मियावाकी पद्धति अपनाने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में वानरों की समस्या के समाधान हेतु प्रस्तावित कपी वन की कार्ययोजना को भी गति देने को कहा गया।पशुपालन विभाग की समीक्षा में नंद बाबा दुग्ध मिशन, नेशनल लाइव स्टॉक मिशन, कुक्कुट विकास नीति-2022 तथा गोआश्रय स्थलों के संचालन की प्रगति पर चर्चा हुई। जनपद में 80 अस्थायी, 14 स्थायी, 3 कांजी हाउस एवं 7 नगर पंचायत गोआश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने पशुपालकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने तथा गोआश्रय स्थलों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।बैठक में सांसद राज्यसभा संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, विधायक नीरज बोरा, विधायक अमरेश रावत, विधायक जय देवी, रक्षा मंत्री के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, जिलाधिकारी विशाख जी मुख्य विकास अधिकारी प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में एमएलसी मुकेश शर्मा ने किया सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।देश के रक्षामंत्री लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की मार्गदर्शन में पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के न्यू हैदरगंज-3 और लेबर कॉलोनी वार्डों में सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा की विधायक निधि से निर्मित होने वाली सड़कों का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह सड़कें क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगी। कार्यक्रम में पार्षद विनोद यादव, प्रवीण गर्ग, अरविंद मिश्रा, अनिल पांडे, ऋषि शर्मा, नवनीत शर्मा, अनुज शुक्ला,बूथ अध्यक्ष यशपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष मनोज सिंह, बूथ अध्यक्ष तेज बहादुर सहित क्षेत्र के सम्मानित नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा व मार्गदर्शन में लखनऊ निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनके नेतृत्व में शहर को रिंग रोड, अनेक फ्लाईओवर एवं ओवरब्रिज, एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण,रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास सहित अनेक महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से लखनऊ देश के अग्रणी और आधुनिक शहरों में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा जनहित से जुड़े विकास कार्य भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक राम नरेश मिश्र और शिवकुमार दीक्षित द्वारा विधिवत शिलान्यास कराया गया।

# नगर निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** पटरी दुकानदार कल्याण समिति लखनऊ की बुधवार को बैठक हुई। सप्रू मार्ग स्थित वेंडिंग जोन में समिति के अध्यक्ष एवं टाउन वेंडिंग कमेटी (टीबीसी) सदस्य अशोक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वेंडिंग जोन की साफ-सफाई दैनिक समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके उपरांत समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार 'नगर निगम बनवा रही दुकानें, एलडीए ने निर्माण रोका' उपस्थित सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया। समाचार पर चर्चा करते हुए उपस्थित पथ विक्रेताओं ने मांग की कि यदि नगर निगम वेंडिंग जोनों में दुकानों का निर्माण करा रही है तो ऐसी सुविधा सभी वेंडिंग जोनों में समान रूप से उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य अख्तर हुसैन खान ने उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया कि किसी भी मॉडल वेंडिंग जोन अथवा वेंडिंग जोन का निर्माण नगर निगम अपनी इच्छानुसार नहीं कर सकती। स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं सड़क विक्रय विनियमन) अधिनियम तथा नियमों के अनुसार किसी भी प्रस्ताव को टाउन वेंडिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत कर चर्चा एवं अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है। यदि ऐसा नहीं किया गया है तो संबंधित विषय पर नगर आयुक्त एवं समिति के अध्यक्ष से वार्ता कर अधिकारियों की मनमानी को रोका जाना चाहिए। बैठक में मॉडल वेंडिंग जोन, विभूति खंड (जोन-4) से आए पथ विक्रेताओं ने बताया कि उन्हें स्थान आवंटन से पूर्व 50,000 जमा कराए गए तथा बाद में बिना कोई जानकारी दिए एक सादे कागज पर हस्ताक्षर भी कराए गए। विक्रेताओं का आरोप है कि उन्हें उक्त दस्तावेज की जानकारी नहीं दी गई तथा अधिक जानकारी मांगने पर स्थान आवंटन न करने की चेतावनी दी गई। इस कारण पथ विक्रेताओं में नगर निगम के प्रति रोष व्याप्त है।

# कुर्सी रोड से नहरिया रोड होते हुए शुक्ला तिराहा तक फोर लेन होगी सड़क

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** कुर्सी रोड से नहरिया रोड होते हुए शुक्ला तिराहा तक की सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इसे फोर लेन बनाया जाएगा। चौड़ीकरण का काम शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इससे पहले इस मार्ग पर कुछ स्थानों पर हुए अतिक्रमणों को हटाया जाएगा, जिसे चिह्नित किया जा रहा है। कुर्सी रोड से शुक्ला तिराहा तक लगभग तीन किमी की सड़क मौजूदा समय में कहीं दो लेन तो कहीं सिंगल लेन है। अधिकतर स्थानों पर यह क्षतिग्रस्त भी है। इस मार्ग पर दूर-दूर तक कई कॉलोनियों बस चुकी हैं। वहां रहने वालों के लिए कुर्सी रोड की तरफ आवागमन का यही एकमात्र मार्ग है।सड़क के पर्याप्त चौड़ा और क्षतिग्रस्त होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों की मांग पर कुर्सी रोड-शुक्ला तिराहा को फोर लेन किए जाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने इसे अपनी कार्ययोजना में शामिल कर लिया है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इससे इस रोड पर दोनों तरफ और आगे बसी 50 से अधिक कॉलोनियों के एक से डेढ़ लाख लोगों को लाभ होगा।

# पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के नये सीनियर डीसीएम ने पदभार किया ग्रहण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ** ।अरिजीत सिंह ने बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) का पद भार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व वह पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल में वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) में सिविल सेवा के वर्ष 2016 बैच में उनकी नियुक्ति हुई। वह लखनऊ मण्डल में वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक कोचिंग व जनरल के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने स्टेशनों पर बेहतर यात्री सुविधा के साथ ही यात्री आय एवं टिकट जांच पर जोर दिए जाने की बात भी कही।

# 7.50 लाख से अधिक चिकित्सा दावों की जांच के लिए समिति गठित

**स्वतंत्र भारत** लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) ने पावर कॉरपोरेशन, सहयोगी वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन तथा राज्य विद्युत उत्पादन निगम के कार्यरत कर्मचारियों, पेंशनरों एवं उनके पात्र आश्रितों को उपलब्ध कराई जा रही कैशलेस चिकित्सा सुविधा में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति सूचीबद्ध चिकित्सालयों द्वारा प्रस्तुत ?7.50 लाख से अधिक के चिकित्सा दावों की जांच करेगी तथा गैर सूचीबद्ध उपचारों की अनुमन्यता एवं दरों का निर्धारण भी करेगी।11 जून 2026 को जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार निगम द्वारा मान्यता प्राप्त सूचीबद्ध अस्पतालों में कर्मचारियों एवं पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। बढ़ते चिकित्सा व्यय और उच्च राशि वाले दावों के परीक्षण की आवश्यकता को देखते हुए यह समिति गठित की गई है।

# सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास एवं जनकल्याण प्रदर्शनी का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के नेपच्युन हॉल में 'मोदी सरकार के 12 वर्ष : विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' विषय पर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय प्रदर्शनी (एग्जिबिशन) का शुभारंभ प्रदेश के वित्त मंत्री प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा एवं रामचंद्र प्रधान, विधायक डॉ. नीरज बोरा, जया देवी तथा अमरेश रावत उपस्थित रहे।भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि यह विकास प्रदर्शनी 17 जून से 20 जून तक आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी



में प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के कुल 53 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी और विकासोन्मुखी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। प्रदर्शनी में डीआरडीओ-ब्रह्मोस, लखनऊ मेट्रो, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, यूपीडा, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए), मंडी परिषद, पर्यटन विभाग सहित अनेक विभागों ने अपने-अपने स्टॉल स्थापित किए हैं। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों का प्रदर्शन किया गया तथा आमजन को इन योजनाओं से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । प्रदर्शनी को अवलोकन करने के लिए लखनऊ महानगर के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को आग्रह किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा महानगर महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष जी.डी. शुक्ला, कुमकुम राजपूत, दीपक शुक्ला इुसहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप भारतीय स्वाभिमान, वीरता और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक

## नीरज सिंह ने किया महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर बुधवार को इंटौजा क्षेत्र में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पवित्र प्रतिमा के अनावरण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह उपस्थित रहें। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय स्वाभिमान, वीरता और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। उनका जीवन संघर्ष, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अनुपम मिसाल है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करे और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने



स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस एवं आत्मसम्मान का संदेश छोड़ा। प्रतिमा स्थापना जैसे आयोजन समाज को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आयोजक राजा राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं कुंवर दिग्विजय प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, दिनेश तिवारी, अरुण सिंह गब्बू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# बीबीएयू का 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' पाठ्यक्रम स्वयं मंच पर उपलब्ध

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ ने डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग और इलेक्ट्रॉनिक मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर (मीडिया सेंटर) के संयुक्त प्रयासों से विकसित ऑनलाइन पाठ्यक्रम ÷हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)÷ अब भारत सरकार के प्रतिष्ठित स्वयम् (स्व्र्ख्र्रू) मंच पर शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध हो गया है। इसके साथ ही देश-विदेश के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक तथा हिन्दी साहित्य में रुचि रखने वाले अन्य शिक्षार्थी इस पाठ्यक्रम में ऑनलाइन नामांकन कर अध्ययन कर सकेंगे।यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के दिशा-निर्देशन तथा मीडिया सेंटर के निदेशक (प्रभारी) प्रो. गोपाल सिंह और हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल गंगवार के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम में आधुनिक हिन्दी साहित्य के इतिहास, प्रमुख साहित्यकारों, साहित्यिक आंदोलनों, प्रवृत्तियों तथा विभिन्न साहित्यिक विधाओं से संबंधित समग्र एवं व्यवस्थित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है।इस अवसर पर कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने पाठ्यक्रम निर्माण से जुड़े सभी शिक्षकों, विषय विशेषज्ञों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा मीडिया सेंटर की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते योगदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वयम् मंच पर विकसित किए गए पाठ्यक्रम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे .

# छात्रा को अखिलेश ने किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से बुधवार को 12वीं कक्षा की परीक्षा में पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली बरेली की मेधावी छात्रा कु. मानवी पटेल तथा एक अन्य छात्रा कु. आशिन अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया।अखिलेश यादव ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें लैपटाप देकर सम्मानित किया।लखनऊ की कु. आशिन अग्रवाल पुत्री एसपी अग्रवाल को 12वीं कक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। उन्हें आईसीएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक मिले है।केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा 12 की परीक्षा में 500 में 498 अंक 99.6 प्रतिशत प्राप्त कर मानवी पटेल ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। वह बरेली के चिक्कर इंटर नेशनल स्कूल की मानविकी वर्ग की छात्रा है। इस अवसर पर मानवी के पिता हरेन्द्र सिंह रानू माता रश्मि पटेल और उसके फूफा इंजीनियर अखिलेश कुमार पटेल भी मौजूद थे।

# बढ़ती मंहगाई को लेकर सपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ जनपद में जिला समाजवादी पार्टी ने वर्तमान सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद, पेपर लीक, महिला उत्पीड़न, फर्जी एनकाउण्टर, एवं लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' की अगुवाई में जिला कार्यालय कैसरबाग से चलकर कलेक्ट्रेट, लखनऊ पर धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा का कुशासन आया है, तबसे आम जनता के हितों की परवाह किये बिना लगातार अप्रत्याशित रूप से डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस एवं खाद के दामों में बेतहासा वृद्धि की जा रही है, जिससे प्रदेश के निम्न मध्यम वर्ग, मध्यम वर्ग के साथ सभी वर्गों को बढ़ती महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई से महिलाओं के घरों का बजट पूरी तरह से चरमरा गया है। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को प्रदेश रूप से करा पाने में असफल है। महिलाओं का उत्पीड़न चरम सीमा पर है, आये दिन बच्चियों एवं महिलाओं का शोषण किया जाता है। खाद के दामों में बेतहाशा वृद्धि से देश व प्रदेश का किसान परेशान है। बिजली की दरों में लगातार बढ़ोत्तरी होने के कारण घरेलू खर्च बढ़ने के साथ ही छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हुए हैं एवं बिजली आपूर्ति भी सुचारू रूप से जनता को उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व विधायक गोमती यादव, राजेंद्र यादव, अंब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय सचिव महिला सभा बीना रावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा कृष्ण कन्हैया पाल, प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद सरन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकंदर यादव, प्रदेश अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अनीस राजा, प्रवक्ता नाहिद लारी खान, एमएच खान, मनोज यादव, फखरुल हसन चांद, प्रदेश सचिव राम सिंह राणा, सोनू कनौजिया, महताब सिंह यादव, त्रिवेणी प्रसाद पाल, अशोक यादव, विजय सिंह यादव, दिनेश सिंह, राशिद अली, ज्ञानेश लोधी, रामसागर यादव, अमरपाल सिंह, महेश सिंह लोधी, प्रीति तिवारी, अकरम उर्फ बब्बू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत,यशवीर लोधी,शैलेंद्र सिंह शैलू समेत बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## दावानल के बढ़ते खतरे

विश्व भर में पर्यावरण के तेजी से असंतुलित और विषाक्त होते जाने के परिणाम अब गंभीर रूपों में सामने आते जा रहे हैं। ये प्रभाव झेलने के बावजूद भले ही सामान्य लोग इनका अनुभव नहीं कर पा रहे हों लेकिन वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोधों और अनुसंधानों में इन्हें लेकर कोई भ्रम या अनिश्चितता नहीं है। विडंबना यह है कि सारी बातें साफतौर पर सामने रख दिए जाने के बावजूद आम लोग ही नहीं बल्कि सरकारें तक सुधरने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसा ही एक शोध बताता है कि आग से पैदा होने वाला प्रदूषण वायु गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं में सिर्फ कार्बन डाइऑक्साइड ही नहीं बल्कि ऐसे कई कार्बनिक यौगिक भी होते हैं जो ज्यादा खतरनाक सिद्ध हो रहे हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भी माना है कि गंगा के मैदानों की धुंध और अमेजन के जंगलों से उठने वाला धुआं हजारों किलोमीटर दूर बसे शहरों तक पहुंचा और वहां की हवा को गंभीर रूप से प्रदूषित कर दिया। ऐसा ही एक अध्ययन बताता है कि 2001 के बाद से जंगलों की आग से होने वाले कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में करीब साठ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह भी बताया गया है कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर मौजूद जंगलों में भी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में गंभीर बढ़ोतरी हुई है। इन क्षेत्रों में हर साल करीब पचास करोड़ टन अतिरिक्त कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण में जा रहा है। आमतौर पर जंगलों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है जिसके कारण उनके संरक्षण की दिशा में कदम भी नहीं उठाए जाते। विकसित देशों तक का यही हाल है। नतीजा यह है कि वनाग्नि जैसी घटनाएं होती रहती हैं। बुझाने के उपाय न होने के कारण यह आग फैलती जाती है और पर्यावरण खतरनाक रूप से प्रदूषित होता जाता है। भारत के उत्तराखंड में अनदेखी के कारण इस सीजन में 331 हेक्टेयर से ज्यादा जंगल राख हो चुके हैं। इसका मुख्य कारण बढ़ता तापमान और लापरवाही बताया जा रहा है। इसलिए जंगलों की सुरक्षा के उपाय खोजे जाने और उनमें लगने वाली आग को समय रहते बुझाने की व्यवस्था किया जाना जरूरी है। वरना इस आग से निकलने वाले धुएं का प्रदूषण न जाने कितनी गंभीर समस्याएं पैदा करता रहेगा।

## नया खतरा

चिकित्सा विज्ञान की क्षमता के प्रति पूरी दुनिया के लोगों के पूरी तरह आश्वस्त रहने के बावजूद ऐसी नई चुनौतियां सामने आती जा रही हैं जिनको लेकर अधिकतम सीमा तक सजग रहना आज की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है। चिकित्सकों का कहना है कि भारत में मोटापा बढ़ने के कारण कई लोगों की 'हृदय आयु' यानी कार्डियक एज उनकी वास्तविक उम्र से कहीं ज्यादा हो सकती है जिससे कम उम्र में हृदय रोगों का खतरा काफी बढ़ सकता है। यानी मोटापे से ग्रस्त लोगों का दिल उससे कहीं बूढ़ा हो सकता है जितना वे सोचते हैं। यह निष्कर्ष राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 (एनएफएचएस-6) के नतीजों से और गंभीर हो जाता है जिसके अनुसार भारतीय वयस्कों में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले सर्वेक्षण की अपेक्षा 2023-24 में किए गए सर्वेक्षण में मोटापे से प्रभावित महिलाओं और पुरुषों की संख्या में वृद्धि हुई है। चिकित्सकों का कहना है कि इस बदलाव और साथ ही मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप के बढ़ते मामलों के कारण दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ सकती है। उनका कहना है कि मोटापा, मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर और बिना ज्यादा शारीरिक गतिविधि वाली जीवनशैली के पैंतीस वर्ष के व्यक्ति में दिल की बीमारी का जोखिम उतना ही हो सकता है जितना किसी अधिक आयु के व्यक्ति में होता है। इस संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अधिक वजन और मोटापा गैर-संचारी रोगों के लिए प्रमुख जोखिम कारकों में से है। इनमें हृदय रोग और आघात शामिल हैं जो दुनियाभर में मौत के सबसे अहम कारण बने हुए हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि मोटापा 'कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ' (दिल और फेफड़ों का स्वास्थ्य) का एक मुख्य कारक है और यह भारत सहित पूरी दुनिया में एक बड़ी समस्या है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सोलह महीनों के बाद डोनाल्ड ट्रंप से मिले-मोदी**
अब फादरलैंड की सुरक्षा का सवाल सामने है..
**देश के प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन अटैक का अलर्ट**
भय बिनु होई न प्रीति अब राष्ट्रीय कार्यनीति है!
**अब डाक्टर पर्चे के बिना नहीं मिलेगा कफ़ सिरप**
फर्जी डिग्रीधारी डाक्टर जरूर बैठे मिल जायेंगे!
**एआई टेक्नोलॉजी से लाखों नौकरियों पर संकट**
करोड़ों बेरोजगारों को क्या फर्क पड़ जायेगा!
**अमेरिका ईरान में पीस डील पर डिजिटल साईन**
डिजिटल साईन को फिजिकल बमों से बचायें!
**ईरान से समझौते के बाद अमेरिका खाली हाथ**
एपस्टीन फाईल के भूत से पीछा भी नहीं छूटा!

♦♦♦

# परीक्षा माफिया की जड़ें काटें

भारत की परीक्षा-व्यवस्था एक बार फिर उस मोड़ पर है जहाँ प्रश्न केवल नकल या लीक का नहीं, बल्कि भरोसे की बुनियाद के दरकने का है। नीट-यूजी री-एग्जाम से ठीक पहले टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध ने इस बहस को और तीखा बना दिया है। यह कदम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की सिफारिश पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69



- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

के तहत उठाया गया है। इसके तहत 22 जून तक टेलीग्राम की एक्सेस बंद रहेगी और मैसेज एडिटिंग फीचर 30 जून तक निष्क्रिय रहेगा। एक ओर इसे परीक्षा सुरक्षा की तात्कालिक ढाल माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसे डिजिटल स्वतंत्रता पर असंतुलित हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है। सवाल यह है कि क्या यह अस्थायी बैन परीक्षा सुधार की दिशा में एक ठोस जीत है या फिर जड़ों को छोड़कर पत्तियों को काटने की पुरानी आदत?

नीट-यूजी परीक्षा लीक का दर्द नया नहीं है।

मई 2026 में नीट-यूजी परीक्षा (3 मई को आयोजित) रद्द करनी पड़ी क्योंकि राजस्थान (विशेषकर सीकर-जयपुर क्षेत्र) में गेस पेपर सर्कुलेशन और कथित पेपर लिक के आरोपों ने परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए थे। इससे लगभग 22-23 लाख छात्र प्रभावित हुए। कुछ छात्रों की आत्महत्याओं ने इस त्रासदी को प्रशासनिक विफलता से आगे बढ़ाकर मानवीय संकट में बदल दिया। सरकार और एनटीए का तर्क इस कदम को आपातकालीन सुरक्षा कवच के रूप में प्रस्तुत करता है। उनका कहना है कि टेलीग्राम पर सक्रिय चैनल न केवल फर्जी पेपर बेच रहे थे, बल्कि संदेशों को एडिट कर बाद में उन्हें 'प्रमाण' की तरह पेश कर रहे थे।

यही तकनीकी लचीलापन धोखाधड़ी का नया हथियार बन गया। री-एग्जाम की अत्यंत संवेदनशील अवधि में ऐसे नेटवर्क को प्रभावी रूप से रोकने के लिए अस्थायी प्रतिबंध को आवश्यक एवं तात्कालिक कदम माना गया। यह किसी स्थायी सेंसरशिप की शुरुआत नहीं, बल्कि सीमित समय के लिए डिजिटल दरारों को बंद करने की कोशिश है। पर सवाल यह है कि क्या व्यवस्था की यह 'तात्कालिक मरम्मत' दीर्घकालिक सुरक्षा की गारंटी दे सकती है, या यह केवल एक अस्थायी पट्टी है जो गहरे घाव को छुपा देती है?

फिर भी, इस कदम की आलोचना जायज है। टेलीग्राम पर करोड़ों भारतीय निर्भर हैं। छात्र सामग्री शेयर करते हैं, छोटे व्यापारी काम चलाते हैं, पत्रकार सूचना इकट्ठा करते हैं। एक पूरे प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करना वीपीएन के दौर में कितना प्रभावी होगा, यह बहस का विषय है। इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन जैसी संस्थाएं इसे अतिरंजित और असंवैधानिक बता रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौलिक अधिकार है, लेकिन जब वह लाखों ईमानदार छात्रों के हक में बाधक बन जाए तो क्या सरकार को हाथ पर हाथ रखकर बैठना चाहिए? संतुलन जरूरी है। बैन अस्थायी है, लक्षित है, लेकिन लंबे समय में यह समाधान नहीं।

पर समस्या केवल डिजिटल मंचों की नहीं, बल्कि उस पूरी संरचना की है जो लीक को जन्म देती है। परीक्षा प्रणाली की कमजोर कड़ियाँ–प्रिंटिंग प्रेस की सुरक्षा, परिवहन की निगरानी, केंद्रों की जवाबदेही और भ्रष्टाचार की छायाएँ–सब मिलकर इस संकट की जमीन तैयार करती हैं। टेलीग्राम या कोई अन्य प्लेटफॉर्म केवल माध्यम है, अपराध का मूल स्रोत नहीं। यदि संरचना ही छिद्रपूर्ण रहेगी, तो अपराधी हर नए माध्यम को अपने हित में ढाल लेंगे। इसलिए केवल डिजिटल नियंत्रण से समाधान की उम्मीद करना वैसा ही है जैसे दीवारों पर रंग कर भवन की नींव को मजबूत मान लेना। अब समय आ गया है कि परीक्षा व्यवस्था को तकनीकी और संरचनात्मक दोनों स्तरों पर पुनर्परिभाषित किया जाए। कंप्यूटर बेस्ड टेस्टिंग (सीबीटी) का व्यापक उपयोग केवल आधुनिकता नहीं, बल्कि सुरक्षा की आवश्यकता है। एआई आधारित प्रॉक्टरिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन और एन्क्रिप्टेड प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली लीक की संभावना को काफी हद तक कम कर सकते हैं। ब्लॉकचेन जैसी तकनीक प्रश्नपत्र की ट्रेसबिलिटी और पारदर्शिता को नई मजबूती दे सकती है। यदि तकनीक को केवल सहायक नहीं, बल्कि प्रणाली का केंद्र बनाया जाए, तो भरोसे की नींव पुनः स्थापित की जा सकती है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म रेगुलेशन का प्रश्न अब टालने योग्य नहीं है। धारा 69 आवश्यक है, पर इसका उपयोग संतुलित और पारदर्शी होना चाहिए। टेलीग्राम समाधान नहीं, यह केवल आपातकालीन कदम है जो तत्काल धोखाधड़ी रोक सकता है। सरकार को टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ मिलकर प्रभावी रिपोर्टिंग मैकेनिज्म विकसित करना चाहिए, ताकि संदिग्ध चैनल तुरंत ब्लॉक हो सकें। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और एनटीए के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी आधारित निगरानी तंत्र विकसित होना चाहिए, जहाँ संदिग्ध गतिविधियों की तेज पहचान और निष्कासन हो सके। नियंत्रण और स्वतंत्रता के बीच संतुलन जरूरी है। एनटीए का दावा है कि इससे फ्रॉड पर अंकुश लगेगा, लेकिन असली सफलता तभी होगी जब छात्रों को बार-बार री-एग्जाम न देना पड़े और उनकी मेहनत सुरक्षित रहे, वरना लगातार विवाद उसकी विश्वसनीयता को कमजोर करते रहेंगे।

परीक्षाओं की पवित्रता राष्ट्र के भविष्य से जुड़ी है। टेलीग्राम पर यह अस्थायी प्रतिबंध न तो विजय का शंखनाद है और न ही लोकतांत्रिक अधिकारों पर स्थायी चोट। यह एक आपातकालीन प्रतिक्रिया है–एक ऐसे तंत्र की जो बार-बार दरकता है और हर बार अस्थायी सहारे से खड़ा किया जाता है। असली प्रश्न यह है कि क्या हम हर संकट पर प्लेटफॉर्म बदलते रहेंगे या उस व्यवस्था को ही बदलेंगे जो संकट को जन्म देती है। परीक्षा की शुचिता कोई प्रशासनिक औपचारिकता नहीं,



बल्कि सामाजिक विश्वास की रीढ़ है। यदि यह रीढ़ टूटती रही, तो न केवल परीक्षाएँ, बल्कि पूरा शिक्षा-तंत्र अविश्वास की धूल में बदल जाएगा। अब समय है कि हम सतह पर नहीं, जड़ों पर वार करें–और एक ऐसी व्यवस्था गढ़ें जहाँ 'लीक' असंभव नहीं तो कम से कम असहज अवश्य हो। तभी छात्रों का विश्वास लौटेगा और सपनों का हत्यारा माफिया बेकार हो जाएगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

उन अव्यक्त परमात्मा में आसक्त हुए चित्तवाले पुरुषों के साधन में क्लेश विशेष है; क्योंकि देहाभिमानियों द्वारा अव्यक्त विषयक गति दुःखपूर्वक प्राप्त की जाती है। जब तक देह का भान है, तब तक अव्यक्त की प्राप्ति दुष्कर है।

योगेश्वर श्रीकृष्ण सद्गुरु थे। अव्यक्त परमात्मा उनमें व्यक्त था। वे कहते हैं कि महापुरुष की शरण न लेकर जो साधक अपनी शक्ति समझते हुए आगे बढ़ता है कि- मैं इस अवस्था में हूँ, आगे इस अवस्था में जाऊँगा, मैं अपने ही अव्यक्त स्वरूप को प्राप्त होऊँगा, वह मेरा ही रूप होगा, मैं वही हूँ। इस प्रकार सोचते, प्राप्ति की प्रतीक्षा न करके अपने शरीर को ही 'सोऽहं' कहने लगता है। यही इस मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। वह 'दुःखालयम् अशाश्वतम्' में ही घूम-फिरकर खड़ा हो जाता है। किन्तु जो मेरी शरण लेकर चलता है वह ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि सन्यस्य मत्पराः। अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते ।। 6 ।।

जो मेरे परायण होकर सम्पूर्ण कर्मों अर्थात् आराधना को मुझमें अर्पण करके अनन्य भाव से योग अर्थात् आराधना-प्रक्रिया के द्वारा निरन्तर चिन्तन करते हुए भजते हैं-

तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्। चोप भवामि नचिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसाम् ।।7।।

केवल मुझमें चित्त लगानेवाले उन भक्तों का मैं शीघ्र ही मृत्युरूप संसार-सागर से उद्धार करनेवाला होता हूँ। इस प्रकार चित्त लगाने की प्रेरणा और विधि पर योगेश्वर प्रकाश डालते हैं-

मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय। ए निवसिष्यसि मय्येव अत ऊर्ध्वं न संशयः ।।8।।

इसलिये अर्जुन ! तू मुझमें मन लगा, मुझमें ही बुद्धि लगा। इसके उपरान्त तू मुझमें ही निवास करेगा, इसमें कुछ भी संशय नहीं है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# बलात्कारियों का सम्मान करने वाला 'अद्भुत समाज'

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारतीय प्रेस परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष जस्टिस मार्कंडेय काटजू ने दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक सेमिनार के दौरान कहा था कि 'मैं



-निर्मल रानी

कह सकता हूं कि नब्बे प्रतिशत भारतीय बेवक़ूफ़ होते हैं। उनके सिर में दिमाग़ नहीं होता। उन्हें आसानी से बेवक़ूफ़ बनाया जा सकता है, उन्हें धर्म के नाम पर शरारती तत्वों द्वारा आसानी से गुमराह किया जा सकता है'। परन्तु अपने इस कथन के 12 वर्षों बाद यानी 2024 में जस्टिस काटजू ने मूर्खों के प्रतिशत में और इज़ाफ़ा करते हुये कहा कि अब वे 95 प्रतिशत भारतीयों को मूर्ख कहते हैं क्योंकि भारत अब 'वास्तविक हिंदू राज्य' बन गया है। जस्टिस काटजू के इस कथन को परखने के लिये यदि हम धर्म व अध्यात्म की ध्वजा बुलंद करने वालों की हक़ीक़त को देखें तो यह हमें केवल मूर्ख या महामूर्ख ही नहीं लगते बल्कि अत्यंत निम्न स्तरीय सोच रखने वाले तथा सनातन धर्म,भारतीय समाज व पूरे देश को बदनाम करने वाले भी नज़र आते हैं। मिसाल के तौर पर बलात्कारियों का सम्मान होते,उनका महिमामंडन होते व उनकी शोभा यात्रा निकलते कहीं नहीं देखा गया होगा। यह अद्भुत दृश्य केवल विश्वगुरु भारत के ही 'अद्भुत समाज' में देखने को मिलेगा।

देश में कई स्वयंभू साधू संत बलात्कार व हत्या जैसे जुर्म में जेल में सज़ायें भुगतते देखे जा सकते हैं। देश की अदालतों ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर ऐसे अलग अलग बलात्कारी बाबाओं को सज़ा सुनाने का साहस कर क़ानून की रक्षा करने का काम क्या है। परन्तु आश्चर्य है कि ऐसे धर्माचार्यों व स्वयंभू अध्यात्मवादियों की काली करतूतें जानने के बावजूद उनके भक्तजनों में उनके प्रति अभी भी मोह कम नहीं हुआ है। ऐसे लोग यही कहते नज़र आएंगे कि 'हमारे गुरु जी को ग़लत फंसाया गया है।' मर्द भक्तों की तो छोड़िये महिलाएं भी ऐसे बलात्कारी बाबाओं की भक्ति व उनके महिमामंडन में सबसे आगे नज़र आती हैं। और अब तो संभवतः ऐसे बलात्कारी बाबाओं के महिमामंडन से ही प्रेरणा लेकर धार्मिकता का चोला पहने या धार्मिक संगठनों एवं धर्म के नाम पर अन्य रसूख़दार बलात्कारियों की भी 'शोभा यात्रा' निकाली जाने लगी है। बलात्कार की शिकार लड़की का धर्म देखकर बलात्कारियों की पैरवी की जाने लगी है। क्या ऐसा कर अपराधियों को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है ?

3 मार्च 2002 की गुजरात अहमदाबाद के नज़दीक रणधीकपुर गाँव में की वह भयानक घटना कौन भूल सकता है जिसमें मुस्लिम समाज की 21 वर्षीय युवती बिल्क़ीस बानो जोकि उस समय 5 महीने की गर्भवती भी थीं के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था ? बिलक़ीस बानो के परिवार के 14 सदस्यों की हत्या भी कर दी गई थी जिसमें बिलक़ीस की 3 वर्ष की मासूम बेटी भी शामिल थी । इस मामले में मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत ने 11 आरोपियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने हत्यारों बलात्कारियों की दोषसिद्धि को बरक़रार रखा था । परन्तु गुजरात सरकार ने अपनी क्षमा नीति के तहत 11 दोषियों की रिहाई की मंज़ूरी दे दी और 15 अगस्त 2022 को ही दोषियों को रिहा कर दिया। अफ़सोस की बात यह कि इनकी रिहाई के बाद दोषियों का जेल के बाहर ही इनके समर्थकों द्वारा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया । जगह जगह मिठाई बांटी गयी व उनके जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया गया । गुजरात के दाहोद ज़िले में तो वहां के लोगों ने दोषियों की 'शोभा यात्रा ' निकाली और बलात्कारियों हत्यारों का खुला समर्थन किया । आख़िरकार 7 जनवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के दोषियों की समय पूर्व रिहाई के फ़ैसले को पलट दिया और उन्हें जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया । गोया हत्यारों बलात्कारियों के साथ हमदर्दी जताने के चलते सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष गुजरात सरकार को नीचा देखना पड़ा।

इसी तरह कश्मीर के कठुआ में जनवरी 2018 में एक 8 वर्षीय मुस्लिम लड़की आसिफ़ा बानो के साथ एक मंदिर के कमरे में पुजारी व उसके कई साथियों द्वारा सामूहिक बलात्कार किया गया था और उसकी हत्या कर लाश जंगलों में फेंक दी गयी थी। उस समय भी इन अपराधियों के समर्थन में हिंदूवादियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई थी और भाजपा के दो मंत्रियों ने आरोपियों का समर्थन किया था और बलात्कारियों के समर्थन में होने वाले धरना प्रदर्शनों व रैलियों में हिस्सा लिया था जिससे उस समय बड़ा राजनैतिक बवाल खड़ा हुआ था। इस घटना ने पूरे देश को भावुक कर दिया था। आम आदमी से लेकर बॉलीवुड स्टार तक बच्ची को इंसाफ़ दिलाने के लिए सामने आए थे। बाद में अदालत ने फ़ैसला सुनाते हुये इन्हीं 5 आरोपियों को दोषी ठहराते हुये जेल भेजा था। इसी तरह कई मामलों में जब किसी दलित लड़की के साथ किसी कथित उच्च जाति के लोगों द्वारा बलात्कार किया गया तो बलात्कारियों के पक्ष में उसके 'कथित'उच्च समाज के लोग खड़े देखे गये। 14 सितंबर 2020 को हाथरस में एक दलित युवती के साथ हुआ सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्याकाण्ड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उस समय यह घटना भी एक अत्यंत संवेदनशील और देशव्यापी चर्चा का विषय बन गयी थी। और अब यही दुष्प्रवृति धर्म जाति से मुक्त होकर शायद आम बन चुकी है। ग़ाज़ियाबाद के मुरादनगर में हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति जिसपर अगस्त 2025 में एक क़ानून की पढ़ाई पढ़ने वाली हिन्दू छात्रा के साथ रेप का आरोप था,जब लगभग 9 महीने जेल में रहने के बाद 17 मई 2026 को ज़मानत पर छूटा तो जेल से छूटते ही उसके समर्थकों ने बाक़ायदा उसकी शान में गाड़ियों से विजय जुलूस निकाला। और उसके समर्थन में नरेबाज़ियाँ कीं। समर्थकों ने उसे माला पहनाई और फूल बरसाए। उसे कंधे पर बैठा लिया गया। उसके समर्थक ÷वी÷ साइन दिखाते और घटनाक्रम को मोबाइल में रिकॉर्ड करते नज़र आए। बाद में इस शर्मनाक घटना की सर्वस्व निंदा होने पर पुलिस ने जुलूस निकालने पर आरोपी और उसके समर्थकों पर मामला दर्ज किया। इस घटना ने भी उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा राजनीतिक सवाल खड़ा कर दिया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर राज्य में भाजपा का सहयोगी सत्तासीन संगठन हिंदू युवा वाहिनी की नैतिकता और 'बहनों की सुरक्षा' के दावे पर सवाल उठे थे। ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण वातावरण में पूरे देश के लिये ख़ासकर देश की मां बहनों के लिये यह सोचना अनिवार्य हो गया है कि हत्यारों व बलात्कारियों के बहिष्कार करने के बजाये आख़िर इन का सम्मान करने वाला हम कैसा 'अद्भुत समाज' तैयार कर रहे हैं।

## प्रेरक प्रसंग
### खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया। कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सीखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला
### तेल खरीदना महंगा

पिछले महीने भारत यात्रा के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एलान किया था कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति जल्द ही नई दिल्ली जाएंगी और भारत वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेगा।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्टपति डेल्सी रोड्रिगेज पांच दिन की भारत यात्रा आई हैं। संभावना है कि उनकी इस यात्रा के दौरान भारत वेनेजुएला से कच्चे तेल की अधिक खरीदारी का सौदा करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने के आखिर में भारत यात्रा के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस संबंध में एलान किया था। कहा था कि रोड्रिगेज जल्द ही नई दिल्ली जाएंगी और भारत वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेगा। इस घोषणा की पृष्ठभूमि गौरतलब है। पिछले तीन जनवरी को वेनेजुएला पर अचानक हमला कर वहां के राष्टपति निकलस मदुरो और उनकी पत्नी का अपहरण करने के बाद अमेरिका ने वहां के तेल भंडार पर अपना पूरा नियंत्रण बना लिया है। अब अमेरिकी कंपनियां वहां तेल निकालने और बिक्री करने में जुटी हुई हैं। इस बिक्री का पैसा भी अमेरिका के पास जाता है, जो उसमें से वेनेजुएला का हिस्सा अपनी मर्जी से तय कर उसके खजाने में भेज देता है। एक सोच है कि ऐसा कर रोड्रिगेज आगे और हमलों और इस क्रम में चाविस्मो के सांगठनिक ढांचे को पूरी तरह नष्ट हो जाने से बचा रही हैं। इसे एक तरह की समय काटने की रणनीति बताया गया है। मगर उनके आलोचकों की संख्या भी कम नहीं है। उधर यह भी कम विचित्र नहीं है कि भारत की तेल खरीद संबंधी फैसले अमेरिका ले रहा है।

एक नागरिक
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# बेटी के लिए खरीदें इस तरह की धोती सूट

## साड़ी से बनाएं बच्ची के लिए स्माल फ्रॉक, सस्ते में मिलेगा रॉयल लुक

हम तो अक्सर खूबसूरत नजर आने के लिए अलग-अलग तरह की चीजों को वियर करते हैं। इस बार आप अपनी बेटी को खुश करने के लिए धोती सूट को खरीदकर स्टाइल कराएं। धोती सूट पहनने के बाद काफी सुंदर लगेगा। साथ ही आपकी बेटी को कुछ अलग वियर करने को मिल जाएगा। आइए बताते हैं किस तरह के धोती सूट को आप अपनी बेटी के लिए खरीदकर उसे स्टाइल करा सकती हैं, ताकि वो खूबसूरत नजर आए?

**प्रिंटेड वर्क धोती सूट**
आप बेटी को पहनाना के लिए प्रिंटेड वर्क धोती सूट को स्टाइल कर सकती हैं। धोती सूट पहनने के बाद काफी सुंदर लगेगा। साथ ही आपकी बेटी सबसे अलग नजर आएंगी। इस तरह के धोती सूट आपको मार्केट में रेडीमेड डिजाइन में मिल जाएंगे, जिसे आप अपनी बेटी के सही साइज के हिसाब से खरीदकर स्टाइल करा सकती हैं और नन्ही परी को सुंदर तरीके से तैयार कर सकती हैं। **गोटा वर्क धोती सूट-** अगर आपको बेटी के लिए कुछ अलग तरह के आउटफिट्स चाहिए, तो ऐसे में आप गोटा वर्क धोती सूट को वियर कर सकती हैं। गोटा सूट पहनने के बाद काफी सुंदर लगेगा। साथ ही आपकी बेटी इसे किसी भी खास दिन के लिए वियर कर सकती हैं, ताकि वो खूबसूरत नजर आ सकती हैं। इस तरह के सूट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। **लेस वर्क धोती सूट-** कुछ अलग वियर करने के लिए आप लेस वर्क धोती सूट को स्टाइल कर सकती हैं। सूट पहनने के बाद काफी सुंदर लगेंगे। साथ ही इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह के धोती सूट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे, जिसे आप ट्रेंडी ज्वेलरी के साथ अपनी बेटी को वियर करा सकें। इससे आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। **सीक्वेंस वर्क धोती सूट-** आप अगर बेटी के लिए कुछ अलग सूट ट्राई कराने के बारे में सोच रही हैं, तो ऐसे में आप सीक्वेंस वर्क वाले सूट को वियर कर सकती हैं। सूट पहनने के बाद काफी सुंदर लगेंगे। साथ ही इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह के सूट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे, जिसे स्टाइल करके आपकी बेटी सुंदर नजर आएंगी। **हॉटर नेक ऑरेंज फ्रॉक-** अगर आप भी अपनी किसी पुरानी साड़ी को अब नहीं पहनती हैं और इसे किसी को देने का सोच रही हैं या फिर फेंकने वाली हैं, तो अब आप उस साड़ी से इस तरह का हॉटर नेक ऑरेंज फ्रॉक बना सकती हैं। उदाहरण में आप इस तस्वीर से आइडिया ले सकती हैं। इस तरह की साड़ी अगर आपके पास है, तो उसे आप फ्रॉक में कन्वर्ट कर सकती हैं। **ब्लैक हाई-लो ड्रेस-** अगर आपके घर में छोटी बच्ची है और आप उसके लिए एक से एक कपड़े खरीदती हैं, लेकिन कई बार बच्चियों के कपड़े भी महंगे आते हैं इस वजह से जेब पर फर्क पड़ता है, तो अब आप अपनी बेटी के लिए घर पर एक खूबसूरत यह ब्लैक हाई-लो ड्रेस फ्रॉक तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप अपनी किसी भी पुरानी साड़ी का इस्तेमाल कर सकती है।

**रेड फिट एंड फ्लेयर्ड मैक्सी ड्रेस-** यही नहीं आप चाहें, तो किसी भी बनारसी साड़ी का इस्तेमाल कर इस तरह के खूबसूरत रेड फिट एंड फ्लेयर्ड मैक्सी ड्रेस को तैयार कर सकती हैं। ऐसे फ्रॉक इन दिनों काफी चलन में है, जिसे महिलाएं अपनी पुरानी साड़ी का इस्तेमाल कर तैयार करवाती हैं। ऐसे में आप भी किसी टेलर से अपनी साड़ी देकर इस तरह की खूबसूरत ड्रेस डिजाइन करवा सकती हैं।



**येलो रफल फ्रॉक-** आप अपनी छोटी सी बच्ची के लिए इस तरह का येलो रफल फ्रॉक डिजाइन करवा सकती हैं। ऐसे फ्रॉक को आप अपनी किसी भी पुरानी कॉटन या बनारसी साड़ी के साथ डिजाइन करवा सकती हैं। ऐसे फ्रॉक आपकी बेटी की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और उसे डिफरेंट लुक देने में मदद करेंगे। इसे आप खुद भी बना सकती हैं या बुटीक में बनवा सकती हैं।



# गर्मी के मौसम में करनी है ट्रेकिंग तो पहनें ऐसे कपड़े

गर्मी के मौसम में ट्रेकिंग करना एक रोमांचक अनुभव हो सकता है, लेकिन इसके लिए सही तैयारी और सही कपड़ों का चयन बेहद जरूरी है। गलत कपड़े पहनने से न सिर्फ असुविधा होती है, बल्कि थकान, डिहाइड्रेशन और स्किन से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। ट्रेकिंग के दौरान शरीर लगातार मूवमेंट में रहता है और पसीना अधिक निकलता है, इसलिए ऐसे कपड़ों का चुनाव करना चाहिए जो हल्के, सांस लेने योग्य और आरामदायक हों। इस लेख में हम जानेंगे कि गर्मी में ट्रेकिंग के लिए कौन से कपड़े सबसे सही रहते हैं और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**हल्के और सांस लेने वाले कपड़े पहनें-** गर्मी में ट्रेकिंग के दौरान सबसे जरूरी है ऐसे कपड़े पहनना जो हल्के और सांस लेने योग्य हों। ये कपड़े शरीर से पसीना जल्दी बाहर निकालते हैं और हवा को अंदर आने देते हैं, जिससे शरीर ज्यादा गर्म नहीं होता। भारी कपड़े पहनने से थकान जल्दी महसूस हो सकती है और ट्रेकिंग मुश्किल हो सकती है।

**सिंथेटिक या क्विक-ड्राई फैब्रिक चुनें-** ट्रेकिंग के लिए कॉटन की बजाय क्विक-ड्राई या सिंथेटिक फैब्रिक ज्यादा बेहतर माना जाता है। ये कपड़े पसीने को जल्दी सूखा देते हैं, जिससे शरीर लंबे समय तक सूखा और आरामदायक रहता है। इससे फंगल इंफेक्शन और स्किन रैशेज का खतरा भी कम हो जाता है।

**फुल स्लीव्स और पैंट पहनें-** पहाड़ी या आउटडोर ट्रेकिंग में सूरज की तेज किरणों और कीड़ों से बचाव जरूरी होता है। ऐसे में फुल स्लीव्स शर्ट और लंबी पैंट पहनना बेहतर होता है। यह न सिर्फ सनबर्न से बचाता है बल्कि शरीर को खरोंच और मच्छरों के काटने से भी सुरक्षित रखता है।

**आरामदायक ट्रेकिंग शूज जरूरी-** ट्रेकिंग के दौरान सही फुटवियर सबसे महत्वपूर्ण होता है। मजबूत ग्रिप वाले ट्रेकिंग शूज फिसलने से बचाते हैं और कठिन रास्तों पर बैलेंस बनाए रखने में मदद करते हैं। गलत जूते पहनने से पैरों में दर्द और चोट का खतरा बढ़ सकता है।

**कैप और सन प्रोटेक्शन-** गर्मी में धूप से बचाव बहुत जरूरी है। कैप, सनग्लासेस और स्कार्फ का इस्तेमाल करने से हीट स्ट्रोक और सनबर्न का खतरा कम हो जाता है। इसके साथ ही सनस्क्रीन लगाना भी त्वचा की सुरक्षा के लिए जरूरी माना जाता है।

# रोजाना पहनने के लिए बेस्ट हैं सोने और हीरे के ये स्लीक मंगलसूत्र पेंडेंट्स

**साड़ी और सूट दोनों के साथ खूब जचेंगे**

अधिकतर महिलाएं खासकर ऐसी महिलाएं जो शादीशुदा हैं और वह अपने श्रृंगार में मंगलसूत्र शामिल करती हैं। उन्हें एक से एक खूबसूरत मंगलसूत्र पहनना बहुत पसंद होता है, लेकिन अब आप कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाले मंगलसूत्र पेंडेंट को शामिल कर अपनी खूबसूरती को और अधिक बढ़ा सकती हैं। आइए जानते हैं इन मंगलसूत्र डिजाइंस के बारे में।

**स्टार शेप लटकन डिजाइन गोल्ड पेंडेंट-** अगर आप भीड़ से हटकर लुक पाना चाहती हैं और किसी भी खास मौके पर अपनी खूबसूरती को बढ़ाना चाहती हैं, तो अब साधारण मंगलसूत्र पहनने के बजाय आप इस तरह के नए डिजाइन वाले स्टार शेप लटकन डिजाइन गोल्ड पेंडेंट को शामिल कर सकती हैं। ऐसे पेंडेंट वाले मंगलसूत्र इन दिनों काफी चलन में है, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ा देंगे।

**येलो गोल्ड डबल कुंडा पेंडेंट-** यही नहीं आप इस तरह के येलो गोल्ड डबल कुंडा पेंडेंट को भी शामिल कर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। ऐसे पेंडेंट आपके गले की खूबसूरती को बढ़ा देंगे साथ ही पूरे साड़ी या सूट वाले लुक को गॉर्जियस बनाने में भी मदद करेंगे। इसे आप किसी भी तरह के आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

**मीनाकारी डिटेलिंग गोल्ड पेंडेंट-**अगर आपकी शादी हो गई है और आप एक से एक खूबसूरत मंगलसूत्र पहनना पसंद करती हैं, तो आपके लिए इस तरह का मीनाकारी डिटेलिंग गोल्ड पेंडेंट भी सही ऑप्शन हो सकता है। ऐसे पेंडेंट के डिजाइंस इन दिनों अधिकतर महिलाओं की पहली पसंद बने हुए हैं, जो आपके लिए भी परफेक्ट रहेंगे। आप ऐसे पेंडेंट को ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से खरीद सकती है।

**एंटीक फिलीग्री वर्क गोल्ड मंगलसूत्र पेंडेंट-** यही नहीं आप भीड़ से हटकर लुक पाने के लिए और स्टाइलिश दिखने के लिए इस तरह के एंटीक फिलीग्री वर्क गोल्ड मंगलसूत्र पेंडेंट को भी मंगलसूत्र के साथ शामिल कर पहन सकती हैं। ऐसे मंगलसूत्र आपकी खूबसूरती को दोगुना कर देंगे और आपको रॉयल लुक देने में भी मदद करेंगे। इसे आप ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से खरीद सकती हैं।

**रेड एनेमल ड्राप पेंडेंट-**अगर आप शादीशुदा हैं और एक से एक खूबसूरत मंगलसूत्र पहनती हैं, तो अब आप इस तरह के लेटेस्ट रेड एनेमल ड्राप पेंडेंट वाले मंगलसूत्र को भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे मंगलसूत्र के डिजाइंस अधिकतर महिलाओं को पसंद आ रहे हैं, जो आपके लिए भी परफेक्ट रहेंगे। आप इसे नजदीकी बाजार में किसी भी ज्वेलरी की शॉप से खरीद सकती हैं।

# ऑफिस लुक को बनाएं स्टाइलिश, ट्राई करें कॉटन शॉर्ट कुर्ती की ये लेटेस्ट डिजाइंस

अगर आप भी अपने ऑफिस लुक को थोड़ा स्टाइलिश बनाना चाहती हैं और गर्मी में कूल लगना चाहती हैं तो आजकल शार्ट कुर्तियां काफी ट्रेंड में हैं। खासतौर पर गर्मी और मानसून में कॉटन फैब्रिक सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है क्योंकि यह हल्का, सॉफ्ट और स्किन फ्रेंडली होता है। ऐसे में कॉटन शॉर्ट कुर्तियां आपके ऑफिस वॉर्डरोब के लिए अच्छा ऑप्शन हो सकती हैं। ये कुर्तियां न केवल आपको प्रोफेशनल लुक देंगी बल्कि पूरे दिन आरामदायक महसूस कराएंगी। अगर आप भी ऑफिस लुक को परफेक्ट बनाना चाहती हैं, तो यहां से आईडिया ले सकती हैं।

**एब्स्ट्रैक्ट प्रिंटेड कॉटन वी नेक कुर्ती**
अगर आप सिंपल लेकिन ट्रेंडी लुक पसंद करती हैं तो एब्स्ट्रैक्ट प्रिंटेड कॉटन वी-नेक कुर्ती आपके लिए परफेक्ट है। नेवी ब्लू कलर की यह कुर्ती दिखने में एलिगेंट और प्रोफेशनल नजर आती है। इसमें वी-नेकलाइन, थ्री-क्वार्टर स्लीव्स और स्ट्रेट फिट डिजाइन दिया गया है जो ऑफिस के लिए बेस्ट डिज़ाइन हो सकती है। इसकी एबव-नी लेंथ इसे मॉडर्न टच देती है। आप इसे सफेद या बेज रंग की पैंट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। साथ में छोटे ईयररिंग्स और घड़ी पहनकर अपना ऑफिस लुक कम्पलीट कर सकती हैं।

**अर्जक प्रिंट पेप्लम कुर्ती-** आजकल अर्जक प्रिंट काफी ट्रेंड में है। ब्राउन और रेड कलर कॉम्बिनेशन वाली यह आलिया कट पेपलम कुर्ती एथनिक और मॉडर्न स्टाइल का खूबसूरत कॉम्बिनेशन है। इसमें वी-नेकलाइन, लॉन्ग स्लीव्स दिए गए हैं जो इसे खास बनाते हैं। यह कुर्ती उन महिलाओं के लिए अच्छी है जो ऑफिस में थोड़ा यूनिक और फैशनेबल लुक चाहती हैं। इसे आप स्ट्रेट पैंट के साथ पहनकर क्लासी ऑफिस आउटफिट तैयार कर सकती हैं। इसके साथ फ्लैट्स या ब्लॉक हील्स भी आपके लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

**पैस्ले प्रिंट स्क्वायर नेक कुर्ती**
पैस्ले प्रिंट कभी भी फैशन से बाहर नहीं होता है। ऑफ व्हाइट और क्रीम कलर की यह प्योर कॉटन कुर्ती बेहद सॉफ्ट और एलिगेंट दिखाई देती है। इसमें स्क्वायर नेक और फ्लेयर्ड स्लीव्स है जो इसे स्टाइलिश बनाती है। अगर आप ऑफिस में सेमी-फॉर्मल लुक चाहती हैं तो ये अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसका लाइट कलर गर्मी के मौसम के लिए बहुत अच्छा और आरामदायक हो सकता है। यह गर्मियों के मौसम में भी काफी आरामदायक हो सकता है। इसे आप पेस्टल रंग की ट्राउजर और मिनिमल ज्वेलरी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ती-**
फ्लोरल प्रिंट हमेशा फ्रेश और फेमिनिन लुक देता है। यह कॉटन शॉर्ट कुर्ती ऑफिस के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकती है। इसमें नॉच्ड नेकलाइन और स्लीवलेस डिजाइन दिया है जो आपके ऑफिस लुक को मॉडर्न और स्टाइलिश बनाता है।



# हील्स पहनने पर भी नहीं होगा पैरों में दर्द, पहनते समय फॉलो करें ये हैक्स



वर्किंग महिलाएं ज्यादातर हाई हील्स पहनना पसंद करती हैं, क्योंकि यह लुक को भी निखारता है और हाइट भी अच्छी हो जाती है। हालांकि, रोज-रोज हील्स पहनने की वजह से पैरों में दर्द भी होने लगता है। दिनभर हाई हील्स पहनकर चलने या खड़े रहने की वजह से आपको कमर में भी दर्द हो सकता है, जिससे धीरे-धीरे कोई बड़ी परेशानी हो सकती है। इसलिए आपको हील्स पहनने के लिए कम्फर्टेबल तरीके सर्च करने चाहिए। आपके भी पैरों में अगर हील्स पहनने से दर्द होता है, लेकिन आपको पहनना ही पड़ेगा, तो यह आर्टिकल आपके काम आएगा। आज के इस आर्टिकल में हम आपको इसके बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। **जेल पैड या कुशन पहनें-** क्या आप इसके बारे में जानती हैं? यह महिलाओं के पैरों को आराम देने के लिए बनाया गया है। इसे पैरों में पहनने और हील्स पर लगाने से, आपके तलवों में दर्द नहीं होगा। यह उन महिलाओं को सबसे ज्यादा पसंद आएगा, तो जिन्हें बहुत ज्यादा चलना और देर तक खड़े रहना पड़ता है। यह 80 रुपये से लेकर 150 रुपये तक ऑनलाइन मिलता है। **कॉटन पैड या फोम पैड-** हील्स को कम्फर्टेबल बनाने के लिए आप तलवों के पास कॉटन पैड या फोम पैड लगा सकती हैं। इससे पैरों का बैलेंस बराबर बना रहता है और आपके पैरों में दर्द नहीं होता। इससे पूरे दिन तलवे को आराम मिलता है। **मोलस्किन पैच-** हील्स पहनने से पहले आप पैरों में नीचे की तरफ मोलस्किन पैच भी लगा सकती हैं। इसे आप हील्स के अंदर भी चिपका सकती है, जिससे हील्स के किनारे आपके पैरों पर चुभते नहीं और पैरों को आराम मिलता है। हर दिन हील्स पहनना है, तो आपको इस तरह के टिप्स फॉलो करने चाहिए, क्योंकि यह लंबे समय के लिए आपके पैरों के लिए अच्छा है। **बैंड-एड यूज करें-** कई बार हील्स के किनारों पैरों को एड़ी के साइड से छील देते हैं। ऐसा पूरे दिन हील्स पहनने के कारण भी होता है। इसके लिए आप बैंड-एड का यूज कर सकती हैं। जिस हिस्से पर आपको सैंडल सबसे ज्यादा चुभती है, वहां आप बैंड-एड लगाएं और इसके बाद है सैंडल पहनें। इससे हर दिन हील्स पहनने पर भी पैरों में दर्द नहीं होगा।



# बदलना है लुक? इन लेटेस्ट शॉर्ट हेयर कट ट्रेंड्स से दें मॉडर्न टच

अपनी पर्सनालिटी को अपडेट करने के लिए हम अक्सर कपड़े और एक्सेसरीज को सर्च करते हैं। इस बा आप हेयरस्टाइल को नया टच दें और ट्रेंडी हेयर कट को ट्राई करें। शॉर्ट हेयर कट आजकल काफी ट्रेंड में है। एक्ट्रेसेस भी इसे कराती हुई नजर आ रही हैं। आप भी चाहें तो शॉर्ट हेयर कट को ट्राई कर सकती हैं, जिससे आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। आइए बताते हैं लेटेस्ट शॉर्ट हेयर कट ट्रेंड्स के बारे में, जो आपको देंगे एक क्लासी और स्टाइलिश टच।

**क्लासी बॉब हेयर कट-** बॉब कट कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होता। यह उन महिलाओं पर काफी अच्छा लगता है, जिसका चेहरा पतला होता है। आप भी इस तरह के हेयर कट को ट्राई कर सकती हैं। इसे आप अपनी पसंद के अनुसार स्ट्रेट या हल्का सा वेवी रख सकती हैं। ऑफिस और कैजुअल लुक के लिए ये बेस्ट है। इसलिए आप इसे ट्राई करके खूबसूरत नजर आ सकती हैं। इससे आपका लुक काफी सुंदर नजर आएगा।

**लेयर्ड पिक्सी कट-** अगर आप कुछ बोल्ड ट्राई करना चाहती हैं, तो पिक्सी हेयर कट को ट्राई कर सकती हैं। पिक्सी कट में बालों को छोटे लेयर्स में काटा जाता है, जो चेहरे को एक फ्रेश लुक देते हैं। अगर आप भी बालों में ज्यादा स्टाइलिंग नहीं करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप इसे ट्राई कर सकती हैं। इसे बस आपको वैक्स या सीरम से सेट करना चाहिए, ताकि हेयरस्टाइल अच्छा नजर आए।

**कर्ली शॉर्ट हेयर कट-** अगर आपके बाल नेचुरली कर्ली हैं, तो उन्हें छोटा कटाना एक बेहतरीन ऑप्शन है, तो ऐसे में आप इसे ट्राई कर सकती हैं। छोटे कर्ल्स आपके चेहरे को बहुत ही सॉफ्ट और खूबसूरत लुक देते हैं। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए और लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहिए। इस तरह के हेयर कट को कराने में समय भी कम लगता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 18 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, चतुर्थी तिथौ गुरु वासरे 19/00/ पुष्य नक्षत्रे 11/33/ व्याघात योग 17/36/ वणिज करणे 08/15/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.08 मि.15 से घं. 19 मि.00 तक। वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी। श्री गुरु अर्जुन देव बलिदान दिवस।

**मेष :** परिवारिक जीवन सूखमय होगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**तुला :** लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। कारोबार उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्राओं का लाभ होगा।

**वृष :** वस्त्र भोजन व शमन सुख उत्तम होगा। सेवावृत्ति वाले जनो को शुभ संदेश मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनेगा। यात्राएं चिंता बढ़ाएगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**मिथुन :** व्यक्तिगत कार्यबाधा रहेगी। गलत सलाह मानकर हानि पाएंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। धन लाभ अल्प होगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कुंभ :** नए संपर्कों से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दूर की यात्रा का योग बनेगा। सन्मार्ग पर चित्त रखने से लाभ होगा।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**मीन :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।

# पार्किंग में खड़ी कार से हुई करोड़ों की चोरी

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शंग्रीला फैमिली ढाबा की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर बदमाशों ने एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के गहनों और नकदी से भरा बैग चोरी कर लिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है, जबकि हाईवे किनारे स्थित ढाबों और रेस्टोरेंट की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।जानकारी के अनुसार मूल रूप से बाराबंकी जिले के बदोसराय निवासी इकराम खान वर्तमान में लखनऊ में रहते हैं। मंगलवार को वह अपने परिवार के साथ बहराइच में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से वापस लौटते समय रात करीब 9 बजे उन्होंने हाईवे किनारे स्थित शंग्रीला फैमिली ढाबा पर भोजन करने के लिए वाहन रोका।इकराम खान ने अपनी अर्टिगा कार संख्या यूपी 32 पी आर 0703 ढाबे के सामने बनी पार्किंग में खड़ी की और परिवार के साथ भोजन करने के लिए अंदर चले गए।भोजन करने के बाद जब परिवार वापस पार्किंग में पहुंचा तो कार की बाईं ओर की खिड़की का शीशा टूटा हुआ मिला। कार के अंदर रखा बैग भी गायब था। पीड़ित के अनुसार बैग में एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण तथा लगभग 30 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। घटना का पता चलते ही परिवार के होश उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि शंग्रीला ढाबा की पार्किंग हमेशा काफी व्यस्त रहती है। पार्किंग के बाहर कई गुमटियां मौजूद हैं और सुरक्षा के लिए गार्ड भी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद कार का शीशा तोड़कर करोड़ों रुपये के गहनों की चोरी हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।घटना के बाद क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर इतनी भीड़भाड़ वाली जगह पर चोरों ने इतनी बड़ी वारदात को कैसे अंजाम दे दिया।पीड़ित इकराम खान ने बताया कि लखनऊ स्थित उनके घर पर उस समय कोई मौजूद नहीं था। इसी कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से वह अपने साथ सभी कीमती जेवरात लेकर यात्रा पर निकले थे।उन्होंने आशंका जताई कि गाड़ी में महिलाओं के बैठे होने और उनके पास सामान होने के कारण संभवतः चोरों को यह अंदाजा हो गया होगा कि वाहन में कीमती वस्तुएं रखी हैं। इसी वजह से बदमाशों ने कार को निशाना बनाया।घटना की जानकारी मिलते ही ढाबा कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी।

# मोदी ने विश्वास, विकास और जनकल्याण का नया युग स्थापित किया : अनूप गुप्ता



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को सागर इंस्टीट्यूट में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण से हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, सुशासन और सांस्कृतिक गौरव का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि आज नया भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है और राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं। कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश आतंकवाद और सीमा पार से आने वाली चुनौतियों पर सीमित प्रतिक्रिया देता था, लेकिन अब भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं करता। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और आतंकवाद के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर जैसे अन्य निर्णायक कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कदमों ने दुनिया को भारत की नई शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय कराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास,विश्वास और जनकल्याण का नया युग स्थापित किया है।उन्होंने विश्वास भरे लहजे में कहा कि मोदी है तो मुमकिन है और योगी हैं तो यकीन है।बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों ऐतिहासिक एवं कड़े फैसले लेकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन जैसी अनेको योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारामक बदलाव ला दिया है।कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के दौरान 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाएं विषय पर अपनी बात रखते हुए हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं, औद्योगिक विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो नेटवर्क, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण और नई शिक्षा नीति जैसे कदम भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान को सशक्त करने वाले हैं।जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने सभी का स्वागत किया।

## खबर एक नजर

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद पुलिस द्वारा आज 01 वारण्टी व 03 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 10 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।इसी क्रम में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 197/2026 धारा 80(2)/85/352/115(2) बीएनएस व 3/4 डी0पी0एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण दयाराम पुत्र गयाप्रसाद व शीला पत्नी दयाराम निवासीगण ग्राम थालकलां थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 118/2026 धारा 3(5)/352/123 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्ता परवीन बानो पत्नी राजू निवासिनी ग्राम फौजुल्लागंज जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा आज आज मु0अ0सं0 235/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### व्यापार मण्डल व सर्राफा एसो0 के व्यापारियों के हुई बैठक

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) द्वारा जनपद के व्यापार मण्डल व सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों/व्यापारिक बन्धुओं के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा जनपद के व्यापार मंडल व सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों/व्यापारिक बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में व्यापारियों की सुरक्षा व पुलिस स्तर की अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। साथ ही व्यापारी बन्धुओं से मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की गई तथा सभी व्यापारिक संगठनों से यह अनुरोध किया गया कि प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाएं तथा सड़कों पर भी सीसीटीवी कैमरे का फोकस करें। इसके साथ ही व्यापारी बन्धुओं को व्यापारिक गतिविधियों में इलेक्ट्रानिक लेन-देन में सावधानी बरतने व दुकानों एवं घरों में कार्य करने वाले नौकरों के सत्यापन कराने के सम्बन्ध में भी प्रोत्साहित किया गया। मौके पर अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

### राम मंदिर घाटाले में ट्रस्ट को भंग करने की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** प्रदेश युवक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री से मांग किया है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग किया जाय। श्री शुक्ला नगर के एक होटल में पत्रकार वार्ता में कहा कि मर्यादा प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर से चंदा चढ़ावे में लूट मची हुई है। दान में मिले कई करोड़ रुपये व आभूषणों की बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी हुई है। उसके बाद भी ट्रस्ट द्वारा अभी तक कोई तहरीर पुलिस को नहीं दे गयी है इसलिये ट्रस्ट को भंग करने की मांग किया है। 16 जून 2026 को उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि थाने में चंदा चोरी प्रकरण की तहरीर दिया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राम मंदिर के रुपयों का मनमाने तरीके से खर्च करते हुए नवम्बर 2023 में सर्किल रेट 9 करोड़, एक हजार की जमीन शाहनेवाजपुर मांझा में नगर के झारखण्डी निवासी को 55 करोड़ 47 लाख 31 हजार 800 रुपये में खरीदा तथा उसी ग्राम सभा में सर्किल रेट 1 करोड़ 13 लाख रुपये लगभग मूल्य की जमीन उनके परिवार से 29 करोड़ 5.67 लाख रुपये में खरीदी गयी है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अयोध्या को बदनाम करने का काम किया है।

### गुरुद्वारा नजरबाग में रक्तदान एवं निःशुल्क जांच शिविर आज

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक गोविंद धाम नजरबाग, अयोध्या जी में पांचवे गुरु अर्जन देव महाराज के महान शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा परिसर में खालसा फाउंडेशन द्वारा 18 जून को विशाल रक्तदान और निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ से विशेषज्ञ चिकित्सक लिवर, हृदय, आंख, दांत, किडनी, हड्डी और जरनल फिजिशियन द्वारा अन्य सभी समस्याओं का निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। अयोध्या फेको सेंटर के डा. हर्षदीप एवं दांतों के विशेषज्ञ डा. सौरभ भल्ला लखनऊ से आएंगे। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, बीएमआई, नाड़ी जांच, एसपीओ टू आदि जांचे भी निःशुल्क की जायेंगी। महान शहीदी दिवस पर गुरुवार प्रातः 8 बजे गुरु जी द्वारा रचित बाणी सुखमनी साहेब का पाठ-कीर्तन और अरदास के उपरांत 11 बजे से सायं 4 बजे तक चिकित्सा शिविर आयोजित होगा।

### ज्येष्ठ के सातवें बड़े मंगल पर उमड़ा जन सैलाब

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** ज्येष्ठ माह के सातवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर श्री हनुमत सेवा मंडल द्वारा 'श्री हनुमान महाबली सरकार' की भव्य मंगल शोभा यात्रा अत्यंत धूमधाम और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। इस अलौकिक यात्रा में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा क्षेत्र 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। नगर भ्रमण के दौरान श्री रामलला का अलौकिक श्रृंगार भक्तों के बीच विशेष चर्चा और गहरे आकर्षण का केंद्र बना रहा। यह अलौकिक शोभायात्रा हनुमान किला मंदिर से शुरू होकर नवाब बाज़ार, टेढ़ी बाज़ार, मंगल बाज़ार, नयागंज, खूवाजाहाल और कोठी होते हुए पुनः हनुमान किला मंदिर पर आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के समापन पर मंदिर प्रांगण में शानदार आतिशबाजी की गई और फिर भगवान की महाआरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

# विकास प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ




**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित जन-जागरूकता एवं जनकल्याण अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) ऑडिटोरियम, बाराबंकी में आयोजित विकास प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ आज जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।प्रदर्शनी में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, मिशन शक्ति, पशुधन, मत्स्य, श्रम, कौशल विकास मिशन, उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास, डूडा, खादी एवं ग्रामोद्योग, खाद्य एवं रसद, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा बेसिक शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को शासन की विभिन्न योजनाओं, लाभार्थीपरक कार्यक्रमों एवं विकास परियोजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।अतिथियों ने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विकास प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन इन उपलब्धियों को निकट से देख एवं समझ सकेंगे तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक जानकारी भी हासिल कर सकेंगे।प्रदर्शनी में योजनाओं से संबंधित परामर्श एवं पंजीकरण की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती विषयक विशेष कार्यशाला एवं लाइव डेमो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती की आधुनिक एवं टिकाऊ तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, परियोजना निदेशक, डीआरडीए राकेश कुमार सिंह सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# भगवान का अवतार धर्म-रक्षा के लिए : पं रामनिवास शास्त्री

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** बहुता धाम में चल रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कथाव्यास पं. राम निवास शास्त्री ने कृष्ण जन्म की कथा में बताया कि भगवान के अवतार का प्रयोजन अधर्म का अन्त और धर्म की स्थापना करना होता है। जब संसार में सत्य, क्षमा, दया, अहिंसा आदि मानव मूल्यों का पतन हो जाता है। आतंकी, आततायी अपने अत्याचार से धर्मनिष्ठ सदाचारी समाज को पीड़ित कर देते हैं। सन्तों, मन्दिरों, वेद, पुराण, यज्ञादि का तिरस्कार होने लगता है, तब भगवान स्वयं मानव रूप में अवतरित होते हैं और राक्षसों, अत्याचारियों का संहार करके धर्म की स्थापना करते हैं। जब पृथ्वी कंस के अत्याचार से त्रस्त हो गयी। चारों ओर हिंसा, क्रूरता और अन्याय का राज्य हो गया तब पृथ्वी गाय का रूप धारण कर ब्रह्मा के पास गयी और उनसे अपनी असहनीय पीड़ा दूर करने का उपाय पूछा। ब्रह्मा स्वयं अपनी असमर्थता समझकर पृथ्वी, शंकर तथा अन्य देवताओं को साथ लेकर क्षीरसागर के तट पर गये और सर्वव्यापी प्रभु की प्रार्थना की। भगवान की आकाशवाणी हुयी। ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी सुनकर बताया कि भगवान स्वयं वसुदेव के घर में जन्म लेंगे। कंस को पता चला कि वसुदेव के आठवें पुत्र से उसकी मृत्यु होगी। अतः उसने वसुदेव-देवकी को कारागार में डाल दिया। समय आने पर वहीं भगवान का जन्म हुआ जो श्रीकृष्ण के नाम से जाने जाते हैं। श्रीकृष्ण ने उचित समय का विचार कर अत्याचारी आतंकी पूतना, अघासुर, बकासुर, शिशुपाल, कंस, चाणूर आदि का संहार किया। इससे पुनः धर्म-कर्म, सदाचार की प्रतिष्ठा हुयी। सर्वत्र सुख शान्ति फैल गयी। श्रीकृष्ण की जय जयकार होने लगी। भगवान सदैव धर्मानुरागी आचारशील भक्तों के मनुज रूप में अवतार लेकर दुःख दूर करते हैं, तब तब धरि प्रभु विविध शरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।

# बार व एसडीएम के बीच विवाद और बढ़ा



**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी** ।तहसील बार एशोसिएशन हैदरगढ़ व एसडीएम के बीच पिछले कुछ समय से चल रहा विवाद मंगलवार को और बढ़ गया। यह विवाद आज दोपहर उस समय बढ़ा जब अधिवक्ताओं द्वारा एसडीएम न्यायालय के बायकॉट के बावजूद एसडीएम ने न्यायालय में पुकार कराई। इसी बात का विरोध करने पहुंचे अधिवक्ताओं के साथ पहुंचे अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उनके उकसाने पर लेखपालों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज की यही नहीं दो लेखपालो ने उनका गला दबाया। जिनसे उनकी जान संकट में पड़ गई।परन्तु अन्य अधिवक्ताओं के आ जाने पर स्थिति सम्भल गई। उल्लेखनीय है कि अन्य दिनों की तरह अधिवक्ता अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे जबकि उप जिला अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा एसडीएम न्यायिक के न्यायालय में लगभग आधा सैकड़ा राजस्व कर्मियों और लेखपालों को एकत्रित करते हुए वकीलों द्वारा बाय काट के बावजूद मामलों की सुनवाई कर रहे थे ।इसी दरमियान पुकार कराये जाने पर अधिवक्ताओं ने विरोध किया। गाली गलौज व हाथापाई की घटना के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम विरोधी नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और कार्यवाही की मांग शुरू कर दी।वही इस मामले में उप जिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा किमेरे कई बार पत्र भेजकर आमंत्रित करने के बावजूद बार के पदाधिकारी वार्ता के लिए नही आये।कोर्ट में न खुद जाते है और न ही वादकारियों को जाने देते हैं। उन्होंने कहा की जिस तरह अध्यक्ष द्वारा उन्हें गाली दी गई । उसके प्रतिक्रिया स्वरूप उनके अधीनस्थों ने जो किया वो स्वाभाविक था।

# ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई चौपाल



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शुरू की गयी नई पहल के तहत जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक नई पहल की शुरूआत की गयी है, जिसमें सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारित किया जाना है जिससे पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े और जनसंवाद का स्तर उच्चकोटि का हो सके। इसी क्रम में आज जनपद के सभी थानों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में ग्राम वासियों के बीच चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्या को सुना गया एवं मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं जैसे भूमि विवाद, पैसे की लेन-देन, चकमार्ग,नाली सम्बन्धी आदि शिकायतों को मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारण कराया गया। उक्त कार्यवाही की जनता द्वारा सराहना की गयी । बाराबंकी पुलिस द्वारा ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलों का अवलोकन कर उनके बारे में जानकारी की गयी एवं मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में अन्य जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही शस्त्र धारकों व हिस्ट्रीशीटर के बारे में भी जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों को ग्राम चौपाल के योजना के महत्व एवं साइबर क्राइम, यातायात जागरुकता से अवगत कराते हुए सतर्क रहने एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090/112/1076/108/1930 के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया।

# चांद दिखते ही ग़म-ए-हुसैन में डूबा बाराबंकी, सुहागिनों ने तोड़ीं चूड़ियां, काले लिबास में शुरू हुई अज़ादारी

## पहली मोहर्रम पर 'या हुसैन' की सदाओं से गूंजे इमामबाड़े और अजाखाने, देर रात तक जारी रहीं मजलिसें



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** मोहर्रम का चांद नज़र आते ही बाराबंकी की फ़िज़ाओं पर ग़म-ए-हुसैन की चादर फैल गई। बीती रात चांद दिखाई देने के साथ ही सुहागिन महिलाओं ने इमामबाड़ा करबला पहुंचकर परंपरानुसार अपनी चूड़ियां तोड़ दीं और शहादत-ए-इमाम हुसैन के ग़म में शरीक हो गईं। महिलाओं और पुरुषों ने काले लिबास धारण कर अज़ादारी का आग़ाज़ किया। पहली मोहर्रम के साथ ही शहर और ग्रामीण इलाकों के इमामबाड़ों, अजाखानों और इबादतगाहों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया, जहां हर तरफ़ 'या हुसैन, या हुसैन' की सदाएं गूंजती रहीं और अज़ादारों ने अश्कों के जरिए शहीदान-ए-करबला को खि़राज-ए-अकीदत पेश किया।

मौलाना ग़ुलाम अस्करी हॉल में सुबह आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए देश के जाने माने आलिम ए दीन मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी साहब ने कहा कि 'करबला कमालाते बशरियत का मजमुआ है। यह इंसानियत, सब्र, वफ़ादारी, त्याग और हक़ की राह में डटे रहने की सबसे बड़ी मिसाल है। इमाम हुसैन ने अपनी और अपने परिवार की कुर्बानी देकर पूरी इंसानियत को अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया।' उन्होंने कहा कि करबला का पैग़ाम किसी एक दौर के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए है।इमामबाड़ा मीर मासूम अली कटरा में आयोजित अशरे की पहली मजलिस को खिताब करते हुए इस्लाह के एडिटर मौलाना जाबिर जौरासी साहब ने कहा कि करबला इंसानियत की सबसे बड़ी तालीमगाह है। उन्होंने कहा कि शहीद कभी कमज़ोर नहीं होता बल्कि उसकी शहादत उसके मिशन को और अधिक मज़बूत बना देती है। करबला हमें बताती है कि सच्चाई और न्याय के लिए संघर्ष करने वालों को कभी पराजित नहीं किया जा सकता।मजलिस का आगाज़ मोहम्मद इसहाक 'अली मियां' ने तिलावत-ए-क़ुरआन से किया। इसके बाद मौलाना अली मेहदी, बाक़र नक़वी और हाजी सरवर अली करबलाई ने नज़रान-ए-अकीदत पेश किया। मसायब-ए-करबला के बयान के दौरान पूरा इमामबाड़ा ग़मगीन हो गया और अज़ादारों की आंखों से अश्क बहने लगे।आग़ा फ़य्याज़ मियांजानी के अजाखाने में आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना फ़ैज़ान मेहदी ज़ैदपुरी साहब ने कहा कि करबला हक़ और बातिल के बीच होने वाले संघर्ष का नाम है। यह जंग हथियारों से नहीं बल्कि ईमान, यक़ीन और बुलंद हौसलों से जीती गई थी। उन्होंने कहा कि अहलेबैत की शिक्षाओं पर अमल और क़ुरआन की तिलावत हर मोमिन की ज़िंदगी का अहम हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. रज़ा मौरानवी और हाजी सरवर अली करबलाई ने अपने कलामों के जरिए अकीदत पेश की।रसूलपुर में मरहूम मोहम्मद मोहसिन साहब के अजाखाने की मजलिस को खिताब करते हुए आयतुल्लाह सैयद अली सिस्तानी साहब के भारत में नुमाइंदे मौलाना अशरफ़ अली गर्वी साहब ने कहा कि अशरा-ए-मोहर्रम को केवल एक परंपरा या रस्म के रूप में नहीं बल्कि इबादत और आत्मसुधार के अवसर के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क़ुरआन का हर सूरा इंसानियत के लिए मार्गदर्शन है, उसी प्रकार मासूमीन की सीरत और शिक्षाएं भी जीवन के हर क्षेत्र में राह दिखाती हैं। इस मौके पर डॉ. रज़ा मौरानवी, हाजी सरवर अली करबलाई और आबान सल्लमहू ने नज़रान-ए-अकीदत पेश किया।करबला सिविल लाइंस में मौलाना हिलाल अब्बास साहब और रिफ़ाकत रिजवी के अजाखाने में मौलाना अली मेहदी साहब ने फ़लसफ़ा-ए-करबला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इमाम हुसैन की ज़िंदगी इंसानियत, न्याय और सत्य के लिए संघर्ष का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से करबला के संदेश को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## खबर एक नजर

### आयोग आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए पूरी तरह संवेदनशील-बैजनाथ रावत

**रायबरेली।** अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग बैजनाथ रावत द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान आज निरीक्षण भवन में पत्रकारों के साथ प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आयोग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को उनके अधिकार समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से प्राप्त हों। अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आयोग आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के अनुरूप सरकार समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

### दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत

**महराजगंज रायबरेली।** एक माह पूर्व चंदापुर थाने के सामने दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में पल्सर बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया था। मामले में घायल युवक के पिता की नामजद तहरीर के आधार पर चंदापुर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मोन गांव निवासी जाकिर हुसैन पुत्र पीर बक्श ने चंदापुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते माह 19 मई की शाम करीब साढ़े तीन बजे उनका पुत्र मोहम्मद अख्तर हुसैन अपनी पल्सर बाइक से भुकवा गांव मजरे टीसाखाना पुर गांव जा रहा था, आरोप है कि चंदापुर थाने के सामने पहुंचते ही थाना क्षेत्र के भुकवा गांव निवासी रंजीत पुत्र रमेशर ने बाइक संख्या एच आर 26 बीएफ 4919 को तेज रफ्तार से चलाते हुए पल्सर बाइक सवार उसके बेटे की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उसके दाहिने पैर का घुटना टूट गया। जिसका इलाज जिले के एक निजी अस्पताल में जारी है। मामले में चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक के पिता की नामजद तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### पुरानी सोच बनाम नई तकनीक की कहानी

**रायबरेली।** नई सीरीज़ प्रीतम एंड पेड्रो का ट्रेलर जारी कर दिया है। कॉमेडी, सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर यह सीरीज़ 3 जुलाई से जियोहॉटस्टार स्ट्रीम होगी। सीरीज़ में अरशद वारसी और विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। कहानी एक पुराने ख्यालों वाले पुलिसकर्मी और एक युवा टेक एक्सपर्ट की हैए जो एक रहस्यमयी मामले की जांच के दौरान साथ आते हैं। शो का निर्माण राजकुमार हिरानी ने किया है और निर्देशन अविनाश अरुण ने किया है। निर्माताओं के अनुसारए यह सीरीज़ हास्य, भावनाओं और रोमांच का अनोखा मिश्रण पेश करेगी। शो में मोना सिंह, बोमन ईरानी और वीर हिरानी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रीतम एंड पेड्रो का विशेष प्रीमियर 3 जुलाई को जियोहॉटस्टार पर होगा।

### मकान बंटवारे के विवाद में दबंगों ने महिला की पीटा

ऊँचाहार, रायबरेली। मकान बंटवारे के विवाद में दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी, पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है। मुरारमऊ गाँव की दीपिका शुक्ला का कहना है कि उसके जेठ से मकान बंटवारे का विवाद चल रहा है, मंगलवार की शाम जबरन हमारे हिस्से में बने छज्जे को तोड़ रहा था, जब उसने विरोध किया तो आरोप है कि जेठ व जेठानी ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर हमला कर दिया। परिजनों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कार्यवाहक कोतवाल संजय कुमार शर्मा ने बताया कि दीपिका की तहरीर पर जेठ गिरजाशंकर व जेठानी कल्पना के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

### सोचने की क्षमता दिलाएगी जीत

**रायबरेली।** रियलिटी शो श्इंडिया के टॉप 1 प्रतिशत श् लेकर आ रहा है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की तर्कशक्ति, सामान्य समझ, समस्या समाधान क्षमता और दबाव में सही निर्णय लेने की योग्यता की परीक्षा लेगा। शो पारंपरिक क्विज़ प्रतियोगिताओं से अलग होगाए क्योंकि इसमें रटी.रटाई जानकारी के बजाय तेज सोच और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता को महत्व दिया जाएगा। अनिल कपूर ने कहा कि भारत में जुगाड़ और सूझबूझ की अनोखी संस्कृति है और यही इस शो की सबसे बड़ी खासियत है। जल्द ही स्टार प्लस पर होगा।

### दौतरा ने रचा इतिहास, स्वच्छता के मामले में पाई भारत में 51वीं रैंक

महराजगंज, रायबरेली। जिले के महराजगंज ब्लॉक में स्थित प्राथमिक विद्यालय दौतरा ने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है। विद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 प्रतियोगिता में राष्ट्रीय विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यालय ने पूरे देश में 51वीं रैंक हासिल कर रायबरेली एवं उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। बता दें भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के लगभग 14.75 लाख सरकारी एवं निजी विद्यालयों का विभिन्न निर्धारित मानकों के आधार पर जनपद, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया गया। अंतिम चरण में पूरे देश से केवल 191 विद्यालयों को विजेता घोषित किया गया,

जिनमें उत्तर प्रदेश के जनपद का प्राथमिक विद्यालय दौतरा भी शामिल है। विद्यालय की इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे वर्ष 2018 से विद्यालय में कार्यरत शिक्षक आशीष प्रताप सिंह का दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचारपूर्ण कार्यशैली, सतत प्रयास तथा सतत परिश्रम प्रमुख आधार रहे हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार के शिक्षकों संजीव कुमार बाजपेई, विष्णु साहू, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता के साथ मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुए छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, ग्राम प्रधान, ग्राम समुदाय, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग तथा विभिन्न जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों में विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। यह उपलब्धि केवल प्राथमिक विद्यालय दौतरा की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण रायबरेली जनपद एवं उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय की सफलता यह संदेश देती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद समर्पण, नवाचार और सामुदायिक सहभागिता के बल पर राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियाँ प्राप्त की जा सकती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार द्वारा आगामी जुलाई माह में नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में सभी विजेता विद्यालयों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र के साथ एक लाख रुपये की अतिरिक्त अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रधानाध्यापक व हेडमास्टर को शैक्षिक एक्सपोज़र विजिट का अवसर भी दिया जाएगा। विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बीईओ राम मुलन यादव सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। दौतरा से दिल्ली तक गूंजा नामए राष्ट्रीय जीत ने बढ़ाया रायबरेली और उत्तर प्रदेश का सम्मान।

# 12 वर्ष में मोदी ने एक नये भारत देश का नव निर्माण करने का काम किया-मनोज पाण्डेय



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में आज ऊंचाहार के कोटिया चित्रा से प्रारम्भ हुई 11 किमी0 की यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल लोगों का अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। यात्रा में बुर्जुग, नौजवान, महिलायें सभी लोगों ने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया। योगी मोदी जिन्दाबाद 12 साल बेमिसाल इस बार तीसरी बार भाजपा सरकार के गगनभेदी नारों के साथ भारतीय जनता पार्टी के झंडो के साथ यह पद यात्रा कोटिया चित्रा से प्रारम्भ होकर गोकना पानी की टंकी, नाजेपुर सरांय भान, निधान का पुरवा, भगवानगंज बाजार, खरौली, तीर का पुरवा, रम्मा का पुरवा, गुलाब का पुरवा होते हुये कन्दरावां पहुंची। गोकना पानी टंकी पर आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्रवासियों को सदैव परिवार की तरह मानते हैं और उनका संकल्प है कि समाज और क्षेत्र के उन गरीब कमजोर व असहाय व अन्तिम पायदान पर खड़े लोग जो कि किन्हीं कारणों से अपेक्षित अधिकार व विकास से वंचित हैं। उन्हें अग्रिम पंक्ति में कैसा लाया जाये इसके लिए वह शतत प्रयासरत हैं। प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय ने सम्बोधित करते हुये कहा कि मनोज पाण्डेय को पूरा देश अच्छी तरह से जानता है कि वह बिना किसी भेदभाव से लोगों को न्याय दिलाने में चटटान की तरह खड़े रहते हैंए और क्षेत्र की जनता को और कार्यकर्ताओं को जितना समय यह देते हैं इसकी अन्य लोग कल्पना नहीं कर सकते हैं, उन्होंने उक्त पद यात्रा में आये हुये सभी लोगों को धन्यवाद दिया। मंत्री ने कंदरावा में आयोजित जन चौपाल में उपस्थित हजारों लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना एवं उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिया। उक्त पद यात्रा एवं जन चौपाल कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभिलाष चन्द्र कौशल, शिवपूजन द्विवेदी, बृजेश यादव, आशीष तिवारी, अनिल पाण्डेय, पप्पू मिश्रा, प्रधान प्रमोद सिंह, प्रधान अशोक प्रधान बजरंगी पासवान, प्रधान शेखर, प्रधान शिवकुमार, विदुर तिवारी, प्रधान गिरधारी, नागेन्द्र मिश्रा, सुनील पाण्डेय, बबलू मिश्रा, नरेन्द्र शुक्ला, बच्चा श्रीवास्तव, जगतपाल पासी, सुनील दुबे, रज्जन दुबे, राजेन्द्र तिवारी बाबा, अशोक मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## टेबल फैन में उतरे करंट से युवती की मौत, सवा साल के मासूम के सिर से उठा मां का साया



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,** सलोन, रायबरेली। डीह थाना क्षेत्र के ग्राम टेकारी दांदू में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 21 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, जबकि परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी निशा पत्नी शनि रैदास 21 वर्ष मंगलवार रात करीब नौ बजे घर में टेबल फैन लगा रही थी। इसी दौरान पंखे में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आ जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही बेहोश हो गई। परिजन आनन-फ ानन में उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचेए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित विभागों को अवगत कराया गया। इसके बाद क्षेत्रीय लेखपाल एवं विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच.पड़ताल की। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। निशा की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतका अपने पीछे लगभग सवा साल के एक मासूम बेटे को छोड़ गई है, जिसके सिर से मां का साया उठ गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और लोग परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं। ग्रामीणों ने विद्युत उपकरणों की सुरक्षा जांच और बिजली आपूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी की मांग की हैए ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

## युवा शक्ति को खेलों से नई दिशा दे रही हैं पूनम सिंह, क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** शहर के किला बाजार स्थित वसी नकवी नेशनल इंटर कॉलेज एनआईसी में अपनी माता स्व. कमला सिंह की पावन स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ कमला फ उंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने फीता काटकर एवं टॉस कर किया।

इस अवसर पर पूनम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों का निरंतर होना आवश्यक है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मंगली स्पोर्टिंग क्लब एवं साहिल स्पोर्टिंग क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें साहिल स्पोर्टिंग क्लब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। पूनम सिंह ने विजेता टीम को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा प्रदान करने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है और ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने भी प्रतियोगिता के सफ ल आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर पूनम सिंह ने टूर्नामेंट के सफ ल आयोजन के लिए मोहम्मद आलम उर्फ अप्पू एवं मोहम्मद इमरान को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन मिल रहा है।

## नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत महराजगंज पुलिस को बड़ी सफ लता मिली है। पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फ ुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना महराजगंज क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अंकुश पुत्र गोकरण उसकी नाबालिग बहन को बहला-फु सलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0.76/2026 धारा.137 (2)/87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। 17 जून 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर थाना महराजगंज पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के कुबना पुल के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकुश पुत्र गोकरण, निवासी ग्राम हिलगी पोस्ट कासो पहाड़पुर, थाना हरचन्दपुर, के रूप में हुई है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा-65 (1) बीएनएस व 5 (एल)/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई को उ0नि0 रोहित कुमार और आ0 गौरव कुमार की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि जनपद में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी है।

## टीवी दिखाने के बहाने 11 वर्षीय बच्ची से रेप का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिले में 11 वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपी ने टीवी दिखाने के बहाने बच्ची को घर बुलाया और वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में बीते सोमवार शाम करीब 4 बजे 11 वर्षीय बच्ची गांव की दुकान से सामान लेने जा रही थी।

रास्ते में नरवापार मजरे ऊंचाहार देहात निवासी जितेंद्र उर्फ बल्ले ने बच्ची को बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। आरोप है कि वह बच्ची को सुनसान इलाके में ले गया और अभद्रता का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फ रार हो गया। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने ऊंचाहार कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। आरोपी की गिरफ्तारी में देरी होने पर बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने नामजद आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी जितेंद्र उर्फ बल्ले को नगर की रेलवे क्रॉसिंग से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रशासन ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें

### महिला जनसुनवाई में प्राप्त हुई 10 शिकायते



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग पुनम द्विवेदी ने जिला पंचायत सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिला जन सुनवाई के दौरान 10 शिकायत प्राप्त हुई जिन्हें शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इसके पश्चात सदस्य महिला आयोग द्वारा विकास खण्ड खीरों में जनजागरूकता चौपाल में प्रतिभाग कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सदस्य द्वारा 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, सहायक श्रमायुक्त शशी सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल, जिला मिशन समन्वयक शेफ ाली सिंह, जेन्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, काउन्सलर श्रद्धा सिंह सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सूचना विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का किया गया उद्घाटन

### पंचायत स्तर तक बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, शुद्ध पेयजल, आवास, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ-रंचना चौधरी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष व प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, उ0प्र0 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग बैजनाथ रावत, अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 द्वारा केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों स्थापित किये गये नये कीर्तिमानों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का फ ीता काट कर अतिथियों द्वारा शुभारंभ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया, इसके पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 20-20 लोहार एवं नाई ट्रेड की किटए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के 04 युवाओं को 05-05 लाख के लोन का डमी चेक तथा 05 किसानों को मिनीकिट एवं 10-10 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये। अध्यक्ष, उ0प्र0 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग बैजनाथ रावत ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उत्थान हेतु अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं, जिनसे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को सरकार की कार्यशैली का आधार बताते हुए कहा कि यह केवल नारा नहीं, बल्कि धरातल पर दिखने वाली सच्चाई है। आज गरीब, किसान, महिला और युवा सभी वर्गो को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कार्य किए गए हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ग्रामीण विकास को सशक्त बनाने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पंचायत स्तर तक बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, शुद्ध पेयजल, आवास, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की नीतियों का मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि शिक्षाए स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में जो परिवर्तन देखने को मिल रहा है, वह सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शासन की सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना हैए जिससे वे सीधे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे जनसामान्य को योजनाओं की स्पष्ट जानकारी दें और पात्र लाभार्थियों का चयन पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं में सक्रिय भागीदारी करें और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहयोग दें। कार्यक्रम का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, शिवेन्द्र सिंह, कमलेश चौधरी, मुकेश श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण व लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

# एनसीआर में चार नमो सिटी बसाने की तैयारी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं में फिलहाल कोई बदलाव नहीं होगा। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की 42वीं बैठक में मौजूदा स्वरूप को बरकरार रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही भविष्य के शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए चार नए नमो सिटी मॉडल शहर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया गया है।

- प्लानिंग बोर्ड की बैठक में बड़ा फैसला

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में हरियाणा सरकार के उस प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई, जिसमें एनसीआर का दायरा दिल्ली के राजघाट से 100 किलोमीटर के हवाई क्षेत्र तक सीमित करने की मांग की गई थी। अधिकारियों के अनुसार, इस प्रस्ताव के लागू होने पर एनसीआर का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा दायरे से बाहर हो जाता। हालांकि बोर्ड ने इस प्रस्ताव को फिलहाल स्वीकार नहीं किया और मौजूदा सीमाएं यथावत रखने का फैसला किया।बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय चार नए नमो सिटी विकसित करने से जुड़ा रहा। इसके तहत दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से एक-एक ग्रीनफील्ड टाउनशिप का प्रस्ताव मांगा गया है। इन प्रस्तावों के आधार पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नए शहर विकसित किए जाएंगे। योजना के अनुसार इन शहरों में आधुनिक बुनियादी ढांचा, बेहतर परिवहन संपर्क, डिजिटल सुविधाएं, पर्यावरण-अनुकूल विकास मॉडल और टिकाऊ शहरी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। माना जा रहा है कि इससे एनसीआर के मौजूदा शहरों पर बढ़ते जनसंख्या दबाव, ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और अव्यवस्थित शहरी विस्तार जैसी समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही रोजगार, निवेश और आवास के नए अवसर भी पैदा होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एनसीआर की सीमा को लेकर अध्ययन जारी रहेगा। इसके लिए एक उप-समिति गठित की गई है, जो अगस्त 2026 तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर दिसंबर 2026 में होने वाली अगली समीक्षा बैठक में सीमा पुनर्गठन के मुद्दे पर दोबारा विचार किया जाएगा। फिलहाल एनसीआर के दायरे में कोई कटौती नहीं होगी, लेकिन चार नए नमो सिटी के प्रस्ताव ने क्षेत्र के भविष्य के विकास की दिशा तय कर दी है।

## सुरक्षा और आपदा प्रबंधन उपायों का किया गया अभ्यास

**सांबा।** आगामी अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को सांबा के प्रसिद्ध चिची देवी मंदिर परिसर में संयुक्त मॉकड्रिल आयोजित की गई। सुरक्षा बलों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों तथा आपदा प्रबंधन उपायों का भी अभ्यास किया। इसमें सांबा पुलिस, एसओजी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, सिविल डिफेंस और चिकित्सा विभाग की टीमों ने भाग लिया। मॉकड्रिल के दौरान संभावित सुरक्षा खतरे और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा शुरू होने से पहले इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों का आकलन करना और किसी भी आपातस्थिति में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इस दौरान मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

# टेलीग्राम पर केंद्र सरकार के अस्थायी बैन के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट पहुंची कंपनी




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आगामी 21 जून को होने वाले नीट यूजी री-टेस्ट (दोबारा परीक्षा) से ठीक पहले, केंद्र सरकार ने पेपर लीक और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का बड़ा फैसला लिया है। सरकार के इस कड़े कदम के खिलाफ टेलीग्राम कंपनी ने सीधे दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। यह मामला जस्टिस तेजस करिया की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है, जिस पर अदालत ने आज ही विस्तार से सुनवाई करने की सहमति दे दी है। हृश्वश्च्ञ त परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक विवाद की जांच वर्तमान में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) कर रही है। सीबीआई की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई थी कि परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र को पीडीएफ फॉर्मेट में व्हाट्सऐप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से सर्कुलेट किया गया था, जिससे परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता पूरी तरह प्रभावित हुई। आगामी री-टेस्ट में सुरक्षा की किसी भी तरह की दोबारा चूक या अनधिकृत परीक्षा सामग्री को फैलने से रोकने के लिए, केंद्र सरकार ने सुरक्षात्मक उपाय के तौर पर टेलीग्राम पर यह अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने केंद्र सरकार के इस फैसले का पुरजोर स्वागत किया है। एनटीए ने इसे मेडिकल उम्मीदवारों के भविष्य और परीक्षा की पारदर्शिता की रक्षा करने वाला कदम बताया है। एनटीए द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह प्रतिबंध इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) एक्ट की धारा 69 के तहत दिए गए आपातकालीन निर्देशों के माध्यम से लगाया गया है। यह आदेश एक बहुत ही विशिष्ट और कम अवधि के लिए है, जो 22 जून, 2026 को स्वतः समाप्त हो जाएगा।

# बाबा श्री महाकाल का गणेश स्वरूप में हुआ विशेष श्रृंगार

## भस्म आरती में भक्तों ने किया दिव्य दर्शन

**उज्जैन।** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीया पर बुधवार सुबह भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान भक्तों ने देर रात से ही कतार में लगकर अपने आराध्य देव बाबा महाकाल के दर्शन किए। सुबह चार बजे बाबा महाकाल के पट खुले और उनका अलौकिक श्रृंगार कर भस्म अर्पित की गई। भक्तों ने इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया, जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीया पर बुधवार सुबह 4 बजे भस्म आरती संपन्न हुई। इस दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खोले गए। इसके बाद पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से किया गया। पूजन के दौरान प्रथम घंटा बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। पुजारियों और पुरोहितों ने बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार किया तथा कपूर आरती के बाद उन्हें नवीन मुकुट धारण कराया। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल के शिवलिंग पर भस्म अर्पित की गई। फिर झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़ों और शंखनाद के साथ भस्म आरती संपन्न हुई। आज के श्रृंगार की विशेषता यह रही कि बुधवार को बाबा महाकाल का श्रृंगार भगवान श्री गणेश के स्वरूप में किया गया। भस्म अर्पित करने के बाद उन्हें फूलों और बेलपत्र की मालाएं अर्पित की गईं। इन अलौकिक दर्शनों का लाभ हजारों श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्री महाकाल और जय श्री गणेश के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मान्यता है कि भस्म अर्पित किए जाने के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं।

# चार देशों की पदयात्रा कर चुका स्ट्रे डॉग गुरुग्राम पहुंचा



**गुरुग्राम।** कभी कोलकाता की गलियों में छुट्टा घूमने वाला डॉग अब दुनिया भर में छाया है। अब इसे पीस का ब्रांड एंबेसडर कहा जा रहा है। नाम मिला है आलोका। अमेरिका समेत 4 देशों में कई हजार किलोमीटर पैदल चल चुका स्ट्रे डॉग अब गुरुग्राम पहुंचा। होटल में हुए कार्यक्रम में स्ट्रे डॉग से मिलने के लिए हजारों लोग इकट्ठा हुए। पशु प्रेमियों ने

- युवतियों ने सेल्फी और ऑटोग्राफ
- मेनका गांधी से मिला
- इंस्टाग्राम पर 4.8 लाख फॉलोअर्स

डॉग के साथ फोटो क्लिक कराए। ऑटोग्राफ के तौर पर पंजे के प्रिंट्स लिए। एक फैन तो डॉग के सामने बैठकर हाथ जोड़े नजर आया। आलोका ने 2 दिन पहले दिल्ली में बौद्ध भिक्षुओं संग पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी से भी मिल चुका है। इससे पहले आलोका ने बौद्ध भिक्षुओं के साथ अमेरिका में वॉक फॉर पीस में ही करीब 3700 किलोमीटर की पैदल यात्रा की है। बौद्ध भिक्षु पन्नकारा ने बताया- आलोका कोलकाता की गलियों में घूमता रहता था। एक शांति यात्रा के दौरान ही बौद्ध भिक्षुओं की इससे मुलाकात हुई।

# माफिया पर वार करें, छात्रों पर नहीं : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने बुधवार को नीट-यूजी पेपर लीक की चिंताओं के बीच टेलीग्राम पर लगाई गई पाबंदियों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेपर लीक माफिया पर कार्रवाई करने के बजाय छात्रों को निशाना बना रही है। यह कदम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा मंगलवार को भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर एक तय और सीमित समय के लिए रोक लगाने के बाद उठाया गया है। यह रोक 22 जून 2026 तक लागू रहेगी, जिसमें नीट-यूी 2026 की दोबारा परीक्षा का दिन और उसके ठीक बाद का समय भी शामिल है। एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने कहा कि टेलीग्राम पर बैन- पेपर लीक रोकने के लिए मोदी सरकार का नया हथकंडा। यानी, चोर को पकड़ने के बजाय, पीड़ित के दरवाज़े पर ही ताला लगा दो। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि लाखों छात्र सालों से टेलीग्राम पर पढ़ाई कर रहे हैं और पेपर लीक की समस्या का समाधान इस सुविधा को छीनना नहीं है। पोस्ट में लिखा था कि लाखों छात्र सालों से टेलीग्राम पर पढ़ाई कर रहे हैं - नोट्स, टेस्ट सीरीज़, चर्चा और तैयारी। तो फिर, उस सुविधा को छीनना पेपर लीक का समाधान कैसे हो सकता है? ऐसे कदमों के असर पर सवाल उठाते हुए उन्होंने लिखा कि और यह तरीका पूरी तरह सुरक्षित भी नहीं है - देश का हर छात्र यह बात जानता है, और पेपर लीक करने वाला माफिया भी। तो, अगला बैन किस पर लगेगा? व्हाट्सएप पर? परीक्षा के दिन की व्यवस्थाओं पर तंज कसते हुए गांधी ने कहा कि परीक्षा के दिन छात्रों की तलाशी ली जाएगी। कैंची से जेबें काटी जाएंगी। प्रश्न पत्र एयर फ़ोर्स के ज़रिए भेजे जाएंगे। ड्रामेबाज़ी की कोई कमी नहीं होगी। लेकिन समस्या की जड़ पर कोई प्रहार नहीं होगा - क्योंकि पेपर लीक माफ़िया इसी सरकार की नाक के नीचे फल-फूल रहा है और युवाओं को खून के आँसू रुला रहा है।



# पीएम के विशेष विमान में राष्ट्रीय प्रतीक की अधूरी झलक

**डूंगरपुर।** जिस बात पर वर्षों से देश के बड़े-बड़े अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और प्रोटोकॉल से जुड़े लोगों का ध्यान नहीं गया, उसे डूंगरपुर की 13 साल की बेटी ने पकड़ लिया। आठवीं कक्षा में पढ़ने

- डूंगरपुर की 13 साल की लड़की ने पकड़ी चूक
- पीएमओ को पत्र लिखकर दिया सुझाव

वाली किम भारतीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष विमान एयर इंडिया वन पर अंकित राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ की अधूरी दिखाई देने वाली छवि को लेकर चिंता जताई है। उसने इस संबंध में 15 जून को सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को पत्र लिखकर सुझाव भेजा है। किम प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से जुड़ी खबरें और तस्वीरें नियमित रूप से देखती हैं। हाल ही में जब प्रधानमंत्री फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर थे, तब टीवी पर प्रसारित दृश्यों को देखते हुए किम की नजर एक तकनीकी चूक पर गई। उसने गौर किया कि जैसे ही विमान का मुख्य दरवाजा खुलता है, राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ का एक हिस्सा उसके पीछे छिप जाता है। इससे भारत के राष्ट्रीय प्रतीक की पूरी आकृति दिखाई नहीं देती। किम का मानना है कि प्रधानमंत्री के विमान से उतरने और चढ़ने के दृश्य दुनिया भर के मीडिया में प्रसारित होते हैं। ऐसे में भारत की पहचान, गरिमा और गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय चिह्न हर स्थिति में पूर्ण रूप से दिखाई देना चाहिए। इसी सोच के साथ उसने पीएमओ को सुझाव दिया है कि अशोक स्तंभ को विमान पर ऐसी जगह स्थापित किया जाए, जहां दरवाजा खुलने पर भी उसकी पूरी आकृति हमेशा स्पष्ट दिखाई दे।

# ढाई लाख आबादी, हर माह पहुंच रहे सात लाख सैलानी

**शिमला।** राजधानी शिमला में लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण शहरवासियों को हर रोज ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। ढाई लाख आबादी वाले शिमला शहर में रोजाना 35 से 40 हजार वाहन बाहर से आ रहे हैं। पर्यटन सीजन में यह संख्या और बढ़ जाती है। इससे हर रोज जाम लग रहा है जिससे अब हिल्स क्वीन की रफ्तार हांफने लगी है। पर्यटन सीजन

- रोज आ रहे 40 हजार वाहन
- हिल्स क्वीन की रफ्तार थम रही

में शिमला में हर महीने सात लाख तक पर्यटक पहुंच रहे हैं। शहर में रोजाना पर्यटकों समेत दूसरे जिलों से एक से डेढ़ लाख लोग पहुंच रहे हैं। सड़कों पर वाहनों के बढ़ते बोझ, लाखों की संख्या में पहुंच रहे लोगों से हिल्स क्वीन शिमला हांफने लगी है। 10 मिनट के सफर में लोगों को ट्रैफिक जाम के कारण एक घंटे तक का समय लग रहा है। सर्कुलर रोड पर मंगलवार को भी दिनभर लोगों को जाम से परेशान होना पड़ा। पुलिस के आंकड़ों पर नजर डालें तो जून के पंद्रह दिन में ही शहर में पांच लाख वाहनों ने प्रवेश किया है। पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से सड़कों के किनारे वाहन खड़े हो रहे हैं जिससे स्थिति और खराब हो रही है। इसके अलावा दूसरे जिलों से उपचार, नौकरी, स्कूल आदि के लिए भी रोजाना हजारों लोग शहर में पहुंचते हैं। इथोपिया की बुले होरा विश्वविद्यालय में भूगोल एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अजितेश सिंह चंदेल के हाल ही में किए शोध के मुताबिक वाहनों के अधिक दबाव के कारण शहर की 70 फीसदी आबादी को हर रोज 45 मिनट तक ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। इनका जियोस्टेटिकल एनालिसिस ऑफ ट्रैफिक कंजेशन एंड अडेप्टिव स्मार्ट अर्बन मोबिलिटी सॉल्यूशन इन शिमला, अ हिमालयन माउंटेन सिटी नाम से शोध पत्र प्रतिष्ठित जर्नल डिस्कवर सस्टेनेबिलिटी में प्रकाशित हुआ है। शोध पत्र के मुताबिक पर्यटन नगरी में बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण देश-विदेश से आने वाले सैलानियों को भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। जाम के कारण 64 फीसदी पर्यटक ट्रैफिक जाम के कारण असंतुष्ट हैं। इससे उनकी खर्च करने की क्षमता में भी 18 प्रतिशत की कमी आई है। इसका असर शहर के कारोबार पड़ रहा है और उन्हें 15 फीसदी तक राजस्व का घाटा उठाना पड़ रहा है।



**6000 के लिए पार्किंग, वाहन 40 हजार-** राजधानी में शहरवासियों और देश-विदेश से आने वाले सैलानियों के लिए पर्याप्त पार्किंग की सुविधा नहीं है। शहर में महज 6000 वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग उपलब्ध है। हर साल 30 लाख से अधिक पर्यटक शिमला घूमने के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा शहर में 40,000 से अधिक वाहन पंजीकृत हैं। पार्किंग की कमी को देखते हुए नगर निगम ने जगह-जगह येलो लाइन पार्किंग चिह्नित की है लेकिन मुख्य मार्गों पर बनी हैं। इस वजह से पार्किंग भी यातायात को प्रभावित कर रही हैं। शहर की सड़कों पर यू टर्न के लिए चालकों को खासी मशक्कत करने को मजबूर हैं।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा में चढ़ाई होगी सुगम रोपवे परियोजना को केंद्र की मंजूरी

**जुड़ेंगे धार्मिक स्थल**

**जम्मू।** समुद्र तल से 3888 मीटर ऊंचाई पर स्थित भगवान अमरेश्वर धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की राह अब आसान होगी। श्री अमरनाथ गुफा के लिए रोपवे परियोजना के प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। ये जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने दी। उन्होंने यहां जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे विकास कार्यों समेत कई परियोजनाओं के निर्माण की स्थिति भी जांची। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि मंत्रालय के पास जम्मू-कश्मीर से 30,000 करोड़ रुपये के 54 रोपवे परियोजनाओं के प्रस्ताव पहुंचे हैं। इनमें से पहले चरण में 16,000 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को शुरू किया जा रहा है। इनमें अमरनाथ गुफा, शंकराचार्य मंदिर, थाजीवास ग्लेशियर, भद्रवाह, सनासर और दूधपथरी भी शामिल हैं। अमरनाथ गुफा के लिए रोपवे बालटाल से बनाया जाएगा। ये करीब 11.6 किलोमीटर लंबा होगा। इस रोपवे की डीपीआर 2025 में केंद्र सरकार को भेजी गई थी। इस इसे मंजूर कर लिया गया है। यह निर्माण तीर्थयात्रा और पर्यटन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत पूरा किया जाएगा। बता दें कि अमरनाथ यात्रा के दो मार्ग हैं। पहलगाम और बालटाल मार्ग। बालटाल मार्ग की चढ़ाई सीधी खड़ी है। वर्तमान में पैदल या टट्टू के जरिए यात्रा करने में कई घंटे या दो दिन तक लगते हैं। रोपवे से यह सफर मिनटों में तय हो सकेगा।

### रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ी गई महिला पटवारी

**किसान से लिए 10 हजार रुपए**

**इंदौर।** धार जिले के बदनावर में लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की। मामला धार जिले की बदनावर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेरवास का है। यहां के निवासी 50 वर्षीय सुरेश सिंह पवार पिता नाथूलाल पवार पेशे से किसान हैं और खेती-बाड़ी का काम करते हैं। उनके पास ग्राम खेरवास में 12 बीघा कृषि भूमि मौजूद है। पीड़ित किसान की इस कृषि भूमि के पास ही शासकीय भूमि स्थित है, जिससे एक सड़क लगी हुई है। इसी शासकीय भूमि से सटी सड़क की नपती करने और जमीन का सीमांकन करने के बदले में संबंधित क्षेत्र की महिला पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस मामले में आरोपी कला भट्ट पिता देवीलाल भट्ट (उम्र 56 वर्ष) को लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कला भट्ट तहसील बदनावर, जिला धार में पदस्थ हैं। उनके पास ग्राम खेरवास के पटवारी हल्का नंबर 9 का भी अतिरिक्त प्रभार था। वह वर्तमान में विश्वकर्मा कॉलोनी बदनावर में रह रही हैं और मूल रूप से कल्याण संपत विहार कॉलोनी गांधीनगर इंदौर की निवासी हैं। कला भट्ट द्वारा पीड़ित किसान सुरेश सिंह पवार से इस काम के एवज में कुल 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी।

### बांदीपोरा में बादल फटा, बाढ़ के हालात

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा ज़िले में नियंत्रण रेखा के पास गुरेज़ के दूर-दराज़ इलाके में स्थित तुलाल घाटी के टरटेई किलो गांव में बादल फटने की घटना हुई। अचानक और लगातार पानी गिरने और तेज़ी से बहते मलबे के कारण गांव में बाढ़ जैसे हालात बन गए, जिससे दर्जनों रिहायशी मकानों को नुकसान पहुंचा और सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि पानी में डूब गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बाढ़ जैसे हालात की वजह से स्थानीय लोगों में घंटों तक दहशत का माहौल रहा। लोग अपने बच्चों और जानवरों को बचाते हुए घरों से निकलकर ऊंचे इलाकों की ओर भागने लगे। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले, इसी महीने 4 जून की शाम को जम्मू-कश्मीर के रियासी ज़िले के पहाड़ी बाथोई इलाके में बादल फटने की एक और घटना हुई थी, जिसमें कई घर क्षतिग्रस्त हो गए थे। हालांकि, उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जम्मू क्षेत्र में हाल के दिनों में बादल फटने की यह पांचवीं घटना है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के तीन ज़िलों डोडा, किश्तवाड़ और पुंछ में बादल फटने की चार घटनाएं हुईं, जिससे कई इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई और सड़कें बंद हो गईं, हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# मिट्टी-चूने का घर बनाया, 5 डिग्री कम हुआ तापमान

**इंदौर।** आईआईटी से पढ़ाई और अमेरिका में शानदार करियर को अलविदा कहकर एक दंपति ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनोखी मिसाल पेश की है। अर्चना और मनीष गेहलोद ने वर्ष 2013 में अपनी मोटी तनख्वाह वाली नौकरी छोड़ दी और अपनी जिंदगी को

- बारिश का पानी ही पर्याप्त

पूरी तरह से प्रकृति के रंग में ढालने का फैसला किया। इस दंपति ने अपने लिए एक ऐसा इको-नेचुरल घर तैयार किया है, जहाँ रोजमर्रा की ज्यादातर जरूरतें प्रकृति के संसाधनों से ही पूरी होती हैं। पानी, बिजली, निर्माण सामग्री और कचरा प्रबंधन तक, हर व्यवस्था को इसी सोच के साथ तैयार किया गया है कि पर्यावरण पर इसका कम से कम असर पड़े। आज यह घर पर्यावरण प्रेमियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन चुका है।

**पारंपरिक और प्राकृतिक तरीकों से हुआ निर्माण-** इस अनोखे आशियाने को बनाने में आधुनिक सीमेंट की जगह पारंपरिक और प्राकृतिक तरीकों को अपनाया गया है। इसकी दीवारों की चुनाई में चूने के साथ उड़द दाल, मेथी, गुड़ और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों का मिश्रण लगाया गया है। सबसे खास बात यह है कि घर की दीवारों पर किसी भी तरह का रासायनिक प्लास्टर नहीं किया गया है। निर्माण कार्य में स्थानीय स्तर पर मिलने वाले पत्थर, ईंटें और बबूल की लकड़ी का इस्तेमाल किया गया है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, यह इको-नेचुरल हाउस आम पारंपरिक घरों की तुलना में लगभग 50 फीसदी कम कार्बन फुटप्रिंट उत्पन्न करता है, जो पर्यावरण के लिए बेहद फायदेमंद है। **सालाना 20 हजार लीटर बारिश के पानी का संचय-** इस घर की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक इसका बेहतरीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है। मानसून के दौरान बारिश के पानी को विशेष रूप से फिल्टर करके 20 हजार लीटर क्षमता के एक बड़े भूमिगत टैंक में जमा किया जाता है। इस टैंक की बनावट ऐसी है कि इसमें न तो हवा पहुंचती है और न ही रोशनी, जिसके कारण पानी बिना खराब हुए लंबे समय तक पूरी तरह सुरक्षित रहता है। अर्चना के मुताबिक, उनके परिवार में पीने और खाना बनाने के लिए पूरे साल इसी संचित पानी का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे पानी की बर्बादी पूरी तरह रुक गई है। **सौर ऊर्जा से रोशन और प्राकृतिक रूप से ठंडा-** घर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दिनभर इसमें पर्याप्त धूप, रोशनी और शुद्ध हवा मिलती रहे। अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए दंपति ने घर की छत पर 5 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाया है।

# हरिद्वार में 5210 किलो के पारद शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

## साढ़े चार फीट ऊंचा और 3333 किलो पारे से बना

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार में बुधवार, 17 जून को 5210 किलो वजनी पारद शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसे 'पारद ध्यान लिंगम' नाम दिया गया है। ट्रस्ट के मुताबिक, यह एशिया के सबसे बड़े और सबसे भारी पारद शिवलिंगों में से

- 10 साल की रिसर्च के बाद तैयार हुआ

एक है। इसमें 3333 किलो शुद्ध पारे का इस्तेमाल किया गया है। यह शिवलिंग हरिद्वार-दिल्ली स्टेट हाईवे पर भादराबाद टोल प्लाजा के पास स्थित श्री साई शिव गंगा धाम, शिर्डी साई बाबा मंदिर परिसर में स्थापित किया गया है। बुधवार सुबह सूर्योदय के शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रों और विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा हुई। आयोजकों के मुताबिक, शिवलिंग की कुल ऊंचाई 4.5 फीट है। इसकी चौड़ाई करीब 1.5 फीट है। कुल वजन 5210 किलो है। इसमें 3333 किलो शुद्ध पारा है। पारा सामान्य रूप से तरल धातु माना जाता है, इसलिए इसे स्थिर और ठोस आकार में तैयार करना इस परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती रहा। ट्रस्ट का दावा है कि इस शिवलिंग को तैयार करने में आधुनिक हानिकारक केमिकल या मिलावट का इस्तेमाल नहीं किया गया। इसे प्राचीन भारतीय रसायन शास्त्र, नाथ योगी परंपरा और लंबे वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर तैयार किया गया है। इस पारद शिवलिंग का निर्माण पुणे के हीलिंग गुरु और गिरनार के ध्यान गुरु रघुनाथ येमूल गुरुजी के नेतृत्व में हुआ। आयोजकों के मुताबिक, पारे को बांधकर इस स्वरूप में लाने के लिए करीब 10 साल तक रिसर्च और प्रयोग किए गए।



# सेंसेक्स 347 अंक चढ़कर 77,156 पर बंद, निफ्टी में 97 अंक की बढ़त रही

**नई दिल्ली।** आज लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ बंद हुए शेयर बाजार ने निवेशकों की संपत्ति में और इजाफा कर दिया। घरेलू संकेतकों के साथ-साथ कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और रुपये की मजबूती ने बाजार की धार को बनाए रखा। सेंसेक्स 347 अंकों की छलांग लगाकर 77,155.62 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी 24,085.70 के स्तर पर पहुंच गया। इस तेजी के बीच कई दिग्गज कंपनियों के शेयरों में शानदार उछाल देखने को मिला, वहीं कुछ बड़े शेयर दबाव में रहे।



**भरोसे का रिकॉर्ड-** वित्त वर्ष 2025-26 में 99.80 प्रतिशत का सर्वोच्च डेथ क्लेम पेड रेश्यो हासिल करने की जानकारी एमडी एवं सीईओ सुमित मदान ने दी, एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस।

**बाजार में तेजी-** बुधवार के कारोबारी सत्र में बीएसई सेंसेक्स 347.14 अंक यानी 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ 77,155.62 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 410.51 अंक तक चढ़कर 77,218.99 के स्तर तक पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.40 फीसदी मजबूत होकर 24,085.70 पर बंद हुआ। दिन में निफ्टी ने 24,108.20 का उच्च स्तर भी छुआ।

**निवेश से मजबूती-** 150 करोड़ रुपये के क्यूआईपी के लिए 13.57 करोड़ इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी मिली, मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड।

**ट्रेंट सबसे आगे-** सेंसेक्स की 30 कंपनियों में ट्रेंट के शेयरों में सबसे अधिक 7.06 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एटर्नल, टाटा स्टील, इंफोसिस, टाइटन और भारती एयरटेल के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। इन शेयरों में खरीदारी के दम पर बाजार का सकारात्मक रुख कायम रहा।

**डिलीवरी नेटवर्क विस्तार-**100 से अधिक अर्बन फुलफिलमेंट सेंटर खोलकर मिनटों में डिलीवरी सेवा का विस्तार करने की घोषणा वाइस प्रेसिडेंट अभिनव सिंह ने की, एमेज़ॉन नाउ।

**इन शेयरों गिरावट-** बाजार में तेजी के बावजूद कुछ बड़ी कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली। वित्तीय और ऑटो क्षेत्र के इन शेयरों पर दबाव का असर बाजार की कुल बढ़त पर सीमित रूप से दिखाई दिया।

**निवेश पर जोर-** फादर्स डे पर पापाहैना अभियान के जरिए पिताओं की प्रेरणादायक भूमिका को सम्मान देने की बात चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं सीएसआर रवींद्र शर्मा ने कही, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस।

**रुपया हुआ मजबूत-**अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे मजबूत होकर 84.52 पर बंद हुआ। वहीं वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 79.10 डॉलर प्रति बैरल पर बना रहा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों में लगातार नरमी से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ और बाजार को समर्थन मिला।

**नई बीमा पेशकश-** गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट वाला नया यूलिप प्लान 'आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर' लॉन्च करने की जानकारी चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने दी, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस।

**वैश्विक बाजारों हाल-** एशिया के प्रमुख बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई-225 और चीन का शंघाई एसएसई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक गिरावट में रहा।

# सोना-चांदी में बड़ी गिरावट, 10 ग्राम गोल्ड 558 और चांदी 744 सस्ती

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार से मिले कमजोर संकेतों के बीच घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 558 रुपए सस्ता होकर 1.50 लाख रुपए पर आ गया, जबकि एक किलो चांदी 744 रुपए की गिरावट के साथ 2.48 लाख रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। इससे पहले चांदी का भाव 2.49 लाख रुपए प्रति किलो था।सोने में गिरावट- आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। अलग-अलग कैरेट के हिसाब से भी सोने के दाम में कमी दर्ज की गई है। कीमतों में नरमी के बावजूद सोना निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। चांदी भी फिसली- एक किलो चांदी की कीमत में 744 रुपए की गिरावट आई है और इसका भाव 2.48 लाख रुपए प्रति किलो रह गया है। इससे पहले चांदी 2.49 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर पर कारोबार कर रही थी। लगातार बढ़त के बाद आई यह गिरावट खरीदारों के लिए राहत लेकर आई है। सालभर में तेजी- भले ही आज कीमतों में गिरावट आई हो, लेकिन वर्ष 2026 में अब तक सोना और चांदी दोनों में बड़ी तेजी दर्ज की गई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोने का भाव 1.33 लाख रुपए था, जो अब बढ़कर 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए प्रति किलो से बढ़कर 2.48 लाख रुपए प्रति किलो हो गई है। यानी इस साल सोना करीब 17 हजार और चांदी 18 हजार रुपए महंगी हुई है। विशेषज्ञों का अनुमान, सोना 1.93 लाख रुपए तक पहुंच सकता है- अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा समूह वेल्स फार्गो ने सोने के लिए अपना लक्ष्य बढ़ाकर 6,100 से 6,300 डॉलर प्रति औंस कर दिया है। भारतीय बाजार में इसका असर पड़ने पर 10 ग्राम सोने की कीमत करीब 1.93 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। दूसरी ओर, औद्योगिक मांग और सीमित सप्लाई के कारण चांदी भी लंबी अवधि के निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प मानी जा रही है।



# क्यों आई शेयर बाजार में तेजी? मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का दिन काफी अच्छा रहा। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण यानी मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गया। लगभग छह सप्ताह के बाद बाजार इस ऊंचे स्तर पर पहुंचा है। भू राजनीतिक तनाव में कमी और कच्चे



## निवेशकों की हुई बल्ले-बल्ले

तेल के दामों में गिरावट के चलते बाजार में तेजी देखने को मिली है। पिछले कुछ दिनों से बाजार में मजबूती की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर चल रही पहल और तेल की कीमतों में कमी से निवेशकों का भरोसा लौटा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में अस्थिरता कम होने से अब लोग निवेश करने में जोखिम उठा रहे हैं। इसके अलावा, पिछले चार कारोबारी सत्रों में बीएसई-लिस्टेड कंपनियों के मार्केट वैल्यू में 6 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

**बड़ी कंपनियों से ज्यादा छोटे शेयरों में तेजी-** बाजार के मुख्य सूचकांकों की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। अप्रैल महीने से अब तक सेंसेक्स में सीमित बढ़त रही है लेकिन छोटे और मझोले शेयरों ने निवेशकों को मजबूत रिटर्न दिया है। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के बाद भी घरेलू निवेशकों के दम पर बाजार टिका हुआ है। यदि आगे विदेशी निवेश बढ़ता है तो बाजार और भी नई ऊंचाइयों को छू सकता है। भारत की मजबूत विकास दर और कंपनियों की बेहतर आर्थिक स्थिति भी बाजार को सहारा दे रही है। पिछले कुछ समय में कंपनियों का कर्ज कम हुआ है और उनके पास नकदी का प्रवाह बढ़ा है।

# सेबी की निवेशकों को चेतावनी, अनधिकृत वेबसाइटों पर गैर-सूचीबद्ध शेयरों की खरीद-फरोख्त से रहें सावधान

**नई दिल्ली।** सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने निवेशकों को एक बार फिर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों की खरीद-बिक्री के लिए इस्तेमाल किए जा रहे अनधिकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वेबसाइटों से दूर रहें। सेबी ने स्पष्ट किया है कि ऐसे प्लेटफॉर्म न तो उसके द्वारा अधिकृत हैं और न ही मान्यता प्राप्त हैं, इसलिए इन पर होने वाले ट्रांजैक्शन्स या ट्रेडिंग निवेशकों के लिए जोखिम भरे साबित हो सकते हैं।




**सेबी की निवेशकों को सलाह-** सेबी ने निवेशकों को आगाह किया है कि वे ऐसे प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग करने के साथ-साथ अपनी निजी और संवेदनशील जानकारी भी साझा न करें। नियामक संस्था के अनुसार, इन वेबसाइटों पर उपलब्ध सेवाएं किसी आधिकारिक निगरानी के दायरे में नहीं आतीं, जिससे निवेशकों को वित्तीय नुकसान का खतरा बढ़ सकता है। नियामक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, निवेशकों को एक बार फिर ऐसे इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्मों पर किसी भी प्रकार का ट्रांजैक्शन्स/ट्रेडिंग करने या उन पर कोई भी संवेदनशील निजी जानकारी शेयर करने के जोखिमों के बारे में आगाह किया जाता है, क्योंकि ये प्लेटफार्म सेबी द्वारा न तो अधिकृत हैं और न ही मान्यता प्राप्त हैं। यह पहली बार नहीं है जब सेबी ने इस तरह की चेतावनी जारी की है। इससे पहले भी दिसंबर 2024 और अगस्त 2016 में निवेशकों को ऐसे अनधिकृत प्लेटफॉर्म से सावधान रहने की सलाह दी गई थी। इसके बावजूद कई ऑनलाइन वेबसाइटें और इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म अभी भी गैर-सूचीबद्ध शेयरों की खरीद-बिक्री की सुविधा दे रहे हैं।

**अनधिकृत प्लेटफॉर्म पर लेन-देन से हो सकता है नुकसान**

सेबी ने कहा कि यदि कोई निवेशक ऐसे अनधिकृत प्लेटफॉर्म पर लेन-देन करता है, तो उसे नियामकीय सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा। इसका मतलब है कि निवेशक सेबी, स्टॉक एक्सचेंज या डिपॉजिटरी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले निवेशक संरक्षण, शिकायत निवारण और ऑनलाइन विवाद समाधान जैसी सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पाएंगे। बाजार नियामक ने दोहराया कि केवल मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज ही प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री और फंड जुटाने के लिए अधिकृत प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा सकते हैं। इसलिए निवेशकों को किसी भी निवेश या ट्रेडिंग गतिविधि से पहले प्लेटफॉर्म की वैधता और नियामकीय स्थिति की जांच जरूर करनी चाहिए। सेबी ने यह भी याद दिलाया कि वह पहले कई अनधिकृत वर्चुअल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, पेपर ट्रेडिंग, फैंटेसी गेम्स और बिना रजिस्ट्रेशन वाले ऑनलाइन डेट सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म के खिलाफ भी चेतावनी जारी कर चुका है। नियामक का कहना है कि निवेशकों को केवल अधिकृत और नियमन वाले प्लेटफॉर्म का ही इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि उनके निवेश सुरक्षित रह सकें।

# 2.7 अरब डॉलर में बिकेगी दुनिया की मशहूर पिज्जा चेन पिज्जा हट

**नई दिल्ली।** मशहूर पिज्जा चेन पिज्जा हट बिकने जा रही है। पिज्जा हट, केएफसी और टाको बेल की पेरेंट कंपनी यम ब्रांड्स ने पिज्जा हट को बेचने का फैसला किया है। यह डील 2.7 अरब डॉलर में हुई है। बदलती उपभोक्ता पसंद, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और कमजोर होती बिक्री के चलते कंपनी ने यह फैसला किया है और यह सौदा, वैश्विक रेस्टोरेंट उद्योग के सबसे बड़े सौदों में से एक माना जा रहा है।




**दो हिस्सों में बंटेगा पिज्जा हट का कारोबार-** सौदे के तहत यम चाइना होल्डिंग नामक कंपनी चीन में पिज्जा हट के कारोबार को 1.2 अरब डॉलर में खरीदेगी, जबकि वैश्विक कारोबार का बाकी हिस्सा निजी इक्विटी फर्म LongRange Capital 1.5 अरब डॉलर में खरीदेगी। सभी नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद यह सौदा 2026 की तीसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

**पिज्जा हट को क्यों बेच रही है यम ब्रांड्स-**पिछले कुछ वर्षों से पिज्जा हट बदलती खान-पान की आदतों और तेज प्रतिस्पर्धा के चलते संघर्ष कर रही है। बढ़ती महंगाई और खाने के सामान की ऊंची कीमतों ने पिज्जा कारोबार पर दबाव बढ़ाया है। उपभोक्ता भी खर्च में सतर्कता बरत रहे है और स्वास्थ्य कारणों से भी कई लोग स्वस्थ भोजन विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। साथ ही ऑनलाइन फूड डिलीवरी ने भी पिज्जा हट को नुकसान पहुंचाया है। लगातार कई तिमाहियों तक बिक्री में गिरावट के बाद यम ब्रांड्स ने पिछले साल पिज्जा हट को बेचने पर विचार शुरू कर दिया था। इसी क्रम में कंपनी ने लॉन्ग रेंज कैपिटल के साथ बातचीत शुरू की।

**केएफसी और टाको बेल के बिजनेस पर फोकस करेगी कंपनी -** यम ब्रांड्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस टर्नर ने कहा कि यह सौदा कंपनी को अपने अन्य सफल ब्रांडों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। पिज्जा हट की बिक्री के बाद यम ब्रांड्स के पास मुख्य रूप से केएफसी और टाको बेल जैसे ब्रांड रह जाएंगे, जिन्होंने हाल के वर्षों में बेहतर प्रदर्शन किया है। विश्लेषकों का मानना है कि कंपनी अब अपने तेजी से बढ़ते व्यवसायों में निवेश बढ़ाना चाहती है। पिज्जा हट दुनिया के सबसे चर्चित रेस्टोरेंट ब्रांड्स में से एक है। 1977 में इसे पेप्सीको ने खरीदा था।

# 15 जुलाई से लागू होगा भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता, व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच हुआ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 15 जुलाई 2026 से लागू हो जाएगा। दोनों देशों ने बुधवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत और ब्रिटेन के कारोबारियों को बड़े स्तर पर शुल्क (टैरिफ) में राहत मिलेगी और दोनों देशों के बीच व्यापार को नई गति मिलेगी। यह समझौता हस्ताक्षर होने के बाद सबसे तेजी से लागू होने वाले व्यापार समझौतों में से एक माना जा रहा है। अब कारोबारियों के पास इसकी तैयारियां पूरी करने के लिए 28 दिन का समय है।



**व्यापार में होगा बड़ा इजाफा**

ब्रिटेन सरकार के अनुसार, इस समझौते से लंबे समय में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था (जीडीपी) में लगभग 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी। वहीं, वास्तविक मजदूरी में 2.2 अरब पाउंड का इजाफा होने का अनुमान है। इसके अलावा भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार हर साल 25.5 अरब पाउंड तक बढ़ सकता है।

**कई उत्पादों पर कम होगा शुल्क**

इस समझौते के तहत कई ब्रिटिश उत्पादों पर भारत में लगने वाले आयात शुल्क में बड़ी कटौती की जाएगी। ब्रिटिश व्हिस्की पर शुल्क 150त्न से घटाकर 40त्न किया जाएगा। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शुल्क 100त्न से घटाकर 10त्न किया जाएगा, हालांकि यह निर्धारित कोटा के तहत होगा। कॉस्मेटिक उत्पादों पर लगने वाला 22त्न तक का शुल्क समाप्त किया जाएगा या चरणबद्ध तरीके से खत्म होगा।

**भारतीय उत्पादों को भी मिलेगा फायदा-** ब्रिटेन भी भारत से आने वाले कई उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। इसमें कपड़े, जूते-चप्पल और कुछ खाद्य उत्पाद शामिल हैं। इससे भारतीय निर्यातकों को ब्रिटिश बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे। ब्रिटेन का कहना है कि भारतीय सामान के आयात पर लागत कम होने से वहां के उपभोक्ताओं को सस्ते उत्पाद और अधिक विकल्प मिल सकेंगे।

**पेशेवरों और कर्मचारियों को भी राहत-**समझौते के साथ ही यूके-इंडिया डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट भी लागू होगा। इसके तहत काम के लिए भारत जाने वाले ब्रिटिश नागरिकों और ब्रिटेन जाने वाले भारतीय पेशेवरों को सामाजिक सुरक्षा योगदान को लेकर राहत मिलेगी।

# कच्चे तेल के दाम नरम, ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे, कंपनियों को कितना लाभ?

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में शांति की आहट के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस कारण बुधवार को तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। भू-राजनीतिक तनाव कम होने और ईरान से तेल आपूर्ति बढ़ने की उम्मीदों के बीच यह वृद्धि हुई। कच्चे तेल की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गईं, जिससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना।

**किन कंपनियों के शेयरों में कितना उछाल?**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के शेयर 2.26 फीसदी बढ़कर 410.45 रुपये के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गए। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के शेयर भी 2.46 फीसदी की वृद्धि के साथ 319.50 रुपये के इंट्राडे उच्च स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के शेयरों में 1.61 फीसदी का उछाल आया और वे 147.45 रुपये पर पहुंच गए।

**होर्मुज में तनाव घटने पर बेंचमार्क ब्रेंट**



**क्रूड का हाल क्या?**

ओएमसी शेयरों में यह तेजी कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के बाद आई है। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते से अतिरिक्त ईरानी कच्चे तेल के निर्यात का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है। इससे वैश्विक बाजारों में आपूर्ति संबंधी चिंताएं कम होंगी। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे कारोबार कर रहा था। यह पिछले कुछ सत्रों में तेज गिरावट के बाद तीन महीने के निचले स्तर के करीब है।

**ईरान समझौते का कितना प्रभाव?**

रिपोर्टों के अनुसार, अंतरिम समझौता ईरान को कच्चे तेल की बिक्री फिर से शुरू करने की अनुमति दे सकता है। यह व्यापक वार्ताओं के लिए एक ढांचा तैयार करेगा। इन वार्ताओं का उद्देश्य शत्रुता समाप्त करना और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित चिंताओं को दूर करना है। प्रस्तावित व्यवस्था से होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने की उम्मीद है। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा शिपिंग मार्ग है। इससे क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की आवाजाही में सुधार होगा।

**बाजार विशेषज्ञों की राय क्या?**

बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि ब्रेंट क्रूड पिछले 5 दिनों में लगभग 16 फीसदी गिरकर 79 डॉलर पर आ गया है। इससे भारत में बढ़ते भुगतान संतुलन घाटे की बड़ी चिंता दूर हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बाजार के नजरिए से एफआईआई बहिर्वाह में कमी एक और सकारात्मक रुझान है। रुपये के लगातार मजबूत होने से यह रुझान जारी रहने की संभावना है। बुधवार को व्यापक इक्विटी बाजार वैश्विक भावना में सुधार और ऊर्जा कीमतों पर चिंताओं में कमी के कारण सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहा था।

# बंपर पैदावार और आक्रामक खरीद से भरे गोदाम, देश में गेहूं-चावल का रिकॉर्ड स्टॉक

**नई दिल्ली।** बाजार में गेहूं के तेवर कड़े हो रहे हैं। राजधानी दिल्ली में अप्रैल में जो गेहूं 2550 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर था, वह 16 जून को बढ़कर 2700 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया है। कीमतों में आई इस तेजी के पीछे दो बड़े कारण हैं। पहला है निर्यात में जोरदार उछाल। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में जहां देश से महज 6,448 टन गेहूं का निर्यात हुआ था, वहीं अप्रैल 2026 में यह आंकड़ा करीब सात गुना बढ़कर 45,162 टन पर पहुंच गया है। निर्यात की इस तेज रफ्तार ने घरेलू बाजार में कीमतों को समर्थन दिया है। दूसरा कारण है रिकॉर्ड तोड़ सरकारी खरीद। चालू फसल वर्ष 2025-26 में अच्छी मानसून बारिश के कारण देश में 12.06 करोड़ टन गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। सरकार ने इस साल 3.5 करोड़ टन गेहूं की खरीद की है, जिससे एक जून तक गेहूं का स्टॉक 5.34 करोड़ टन के साथ 2021 के बाद अपने पांच साल के उच्चतम स्तर पर जा पहुंचा है।



**चावल का भंडार बढ़कर लक्ष्य से पांच गुना ज्यादा-**फसल वर्ष 2025-26 में देश में 15.4 करोड़ टन चावल का उत्पादन हुआ है। एक जून तक सरकारी गोदामों में बिना पिसा हुआ धान मिलाकर चावल का कुल स्टॉक 6.84 करोड़ टन के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकार ने एक जुलाई तक आरक्षित भंडार का जो लक्ष्य तय किया था, वह महज 1.35 करोड़ टन था। यानी सरकार के पास तय लक्ष्य से पांच गुना से भी ज्यादा चावल का स्टॉक मौजूद है। भारत दुनिया के कुल चावल निर्यात में अकेले 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखता है। जानकारों का कहना है कि अल नीनो की आशंकाओं के बावजूद, इस महा-स्टॉक के दम पर भारत बिना किसी डर के सप्लाई आक्रामक तरीके से जारी रख सकेगा।

**सोयाबीन के रकबे में बंपर बढ़त की उम्मीद-**इस साल सोयाबीन के रकबे में तेज बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। किसानों और उद्योग जगत के अधिकारियों के मुताबिक, चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची कीमतों और अल नीनो के कारण सामान्य से कम बारिश के अनुमानों ने किसानों को गन्ने और मक्के जैसी अधिक पानी वाली फसलों को छोड़कर इस तिलहन की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया है।

# गोल, गोल, गोल... मेसी की हैट्रिक



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने शानदार अंदाज में अपने अभियान का आगाज किया. टीम ने अपने पहले मुकाबले में अल्जीरिया को 3-0 से हराकर साफ संकेत दे दिया कि वह खिताब बचाने के इरादे से टूर्नामेंट में उतरी है. इस जीत के केंद्र में कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने बेहतरीन हैट्रिक लगाकर मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया. मेसी की शानदार फॉर्म के सामने अल्जीरिया का डिफेंस पूरी तरह बेबस नजर आया. यह मुकाबला लियोनेल मेसी के लिए कई मायनों में खास रहा. अर्जेंटीना के लिए उन्होंने अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला और इसे विश्व कप में अपनी पहली हैट्रिक के साथ हमेशा के लिए यादगार बना दिया. इसके साथ ही मेसी उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिन्होंने छह अलग-अलग फीफा वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है. 38 साल से ज्यादा उम्र होने के बावजूद उनकी फिटनेस, गेंद पर नियंत्रण और आक्रामक खेल ने एक बार फिर दर्शकों को प्रभावित किया।

इस मुकाबले में मेसी ने सिर्फ हैट्रिक ही नहीं लगाई, बल्कि रिकॉर्ड बुक में भी बड़ा बदलाव कर दिया. मैच शुरू होने से पहले उनके नाम फीफा वर्ल्ड कप में 13 गोल दर्ज थे, जबकि फ्रांस के स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे 14 गोल के साथ आगे थे. अल्जीरिया के खिलाफ तीन गोल करने के बाद मेसी के कुल गोलों की संख्या 16 हो गई. इसके साथ ही उन्होंने एम्बाप्पे को पीछे छोड़ दिया और जर्मनी के महान स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोस के 16 विश्व कप गोलों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. अब मेसी और क्लोस संयुक्त रूप से विश्व कप इतिहास के सबसे सफल गोल स्कोरर बन गए हैं। मैच के शुरुआती मिनटों से ही अर्जेंटीना ने आक्रामक रवैया अपनाया. इसका फायदा टीम को 17वें मिनट में मिला, जब रोड्रिगो डी पॉल ने शानदार पास दिया. मेसी ने गेंद पर बेहतरीन नियंत्रण दिखाया और गोलकीपर को छकाते हुए पहला गोल दाग दिया. इस गोल ने अर्जेंटीना को शुरुआती बढ़त दिला दी और अल्जीरिया पर दबाव बढ़ गया. पहले हाफ में बढ़त हासिल करने के बाद अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा. 60वें मिनट में निको गोंजालेज के क्रॉस पर एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने शॉट लगाया, जिसे अल्जीरियाई गोलकीपर ने रोक दिया. हालांकि गेंद मेसी के पास पहुंच गई और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए अपना दूसरा गोल कर दिया. इस गोल के बाद अर्जेंटीना की जीत लगभग तय नजर आने लगी। वहीं कैनसस सिटी में पहले हाफ के हाइड्रेशन ब्रेक तक मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच के शुरुआती 10 मिनट में दोनों टीमों के एक-एक गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए। इसके बाद अर्जेंटीना ने खेल पर पकड़ बनानी शुरू की और कप्तान लियोनेल मेसी ने अपने जादुई अंदाज में मैच का पहला गोल दाग दिया। मेसी ने मिडफील्ड से गेंद संभाली, कुछ कदम आगे बढ़े और फिर अपने पसंदीदा बाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर अल्जीरिया के गोलकीपर लुका जिदान को कोई मौका नहीं दिया। इस गोल के साथ अर्जेंटीना ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली और स्टेडियम में मौजूद हजारों प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका मिल गया।

### 76वें मिनट में पूरी की हैट्रिक

मेसी का शानदार प्रदर्शन यहीं नहीं थमा। 76वें मिनट में उन्होंने मैदान के बीच से गेंद आगे बढ़ाई और गोंजालेज के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाया। गोंजालेज ने गेंद वापस मेसी को लौटाई, जो बॉक्स के किनारे मौजूद थे। मेसी ने बिना किसी गलती के सटीक शॉट लगाया और गेंद को गोलपोस्ट के निचले कोने में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की और अर्जेंटीना की 3-0 की शानदार जीत पर मुहर लगा दी। मेसी की इस यादगार पारी ने न सिर्फ टीम को जीत दिलाई, बल्कि टूर्नामेंट की शुरुआत में ही उनके नाम कई बड़े रिकॉर्ड भी दर्ज करा दिए।

# पुर्तगाल के खिलाफ क़ॉन्गो ने दिखाया दम 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ मुकाबला

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए डीआर कांगो ने फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप स्टेज मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर समाप्त किया। मैच में पुर्तगाल की ओर से जाओ नेव्स ने छठे मिनट में गोल किया, जबकि कांगो के लिए पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले योएन विसा ने बराबरी का गोल दागा। मुकाबले की शुरुआत बेहद तेज रही और पुर्तगाल के मिडफील्डर जाओ नेव्स ने मात्र छठे मिनट में ही हेडर के जरिए गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिला दी। शुरुआती झटके के बावजूद, 1974 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही कांगो की टीम ने हार नहीं मानी। पहले हाफ के इंजरी टाइम में योएन विसा ने कॉर्नर पर शानदार हेडर मारकर स्कोर 1-1 कर दिया। इस महत्वपूर्ण मैच में पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कांगो के मजबूत डिफेंस ने पूरी तरह से खामोश रखा और वह कोई गोल नहीं दाग सके। दूसरे हाफ में पुर्तगाल के जाओ कैंसेलो ने एक शानदार गोल किया, लेकिन अंपायर ने उसे ऑफसाइड करार दे दिया। इस रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद, दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। ग्रुप स्टेज के अपने अगले मैचों में पुर्तगाल का सामना उज्बेकिस्तान से होगा, जबकि डीआर कांगो की टीम कोलंबिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। डीआर कांगो ने किस तरह पुर्तगाल के सितारों को रोककर यह ऐतिहासिक बराबरी हासिल की।



# नॉर्वे ने इराक को 4-1 से रौंदा हालांड ने मारे दो बेहतरीन गोल

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में नॉर्वे की टीम ने इराक के खिलाफ 4-1 की बड़ी जीत दर्ज की. 26 साल एर्लिंग हालांड पहला बड़ा टूर्नामेंट खेलने उतरे थे और गोल कर इसे यादगार बनाया. मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर ने 29वें मिनट में पास से गोल करके नॉर्वे को बढ़त दिलाई. हालांकि जल्दी ही अयमन हुसैन के हेडर से इराक बराबरी दिला दी। इसके बाद नॉर्वे बढ़त बनाने के मौके लगातार तलाशता रहा. हालांड ने इराक के डिफेंस गलती का फायदा उठाकर हाफ टाइम से पहले फिर से नॉर्वे को आगे कर दिया. यह गोल उनके लिए यादगार था, इससे टीम को बढ़त मिली और साथ ही इंटरनेशनल मैचों उनके गोल्स की संख्या 57 हो गई. लियो ओस्टिगार्ड को मैच की शुरुआत में मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला था. उन्होंने आते ही हेडर के जरिए एक शानदार गोल कर दिया. इसके साथ यह भी तय हो गया कि अब यहां से नॉर्वे की टीम मैच नहीं हारेगी. नॉर्वे को चौथा गोल स्टॉपेज टाइम में हुसैन के ओन गोल से मिला। इस जीत के बाद नॉर्वे ग्रुप आई में गोल डिफरेंस के आधार पर टॉप पर पहुंच गया. फ्रांस के साथ तीन पॉइंट्स पर, जिसने दिन में पहले सेनेगल को 3-1 से हराया था. नॉर्वे अगला मैच 22 जून को न्यू जर्सी में अफ्रीकी टीम के खिलाफ खेलेगा. इराक ने वर्ल्ड कप के लिए सबसे लंबा और मुश्किल सफर तय किया. मार्च में 21 मैचों की मुहिम के बाद 867 दिनों में 48वीं और आखिरी क्वालिफायर टीम बनी. हुसैन जिसने प्ले-ऑफ में बोलिविया के खिलाफ निर्णायक गोल किया था उसे अमेरिका पहुंचने पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने घंटों रोका और सवाल किए।

# एम्बाप्पे का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप में स्टार खिलाड़ियों को जलवा देखने को मिल रहा है. फ्रांस के सुपर स्टार किलियन एम्बाप्पे ने सेनेगल के खिलाफ अपने जबरदस्त खेल से फैंस का दिन बना दिया. इस मैच में उन्होंने दो गोल मार ना सिर्फ टीम की जीत दिलाई बल्कि फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी बन गए. पहले हाफ में धीमे खेल के बाद दूसरे हाफ का नजारा बदल गया. फ्रांस ने सेनेगल पर 3-1 से जीत हासिल कर अभियान की शुरुआत की। न्यू जर्सी में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सबसे दमदार अटैक के साथ पहुंचा था. एम्बाप्पे के साथ बैलन डी'ओर विजेता उस्मान डेम्बेले, बायर्न म्यूनिख के माइकल ओलिसे और शानदार प्रतिभाशाली डेसायर डूए थे. पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए शानदार सीजन खेलने वाले ब्रैडली बारकोला बेंच पर बैठे थे. मैच के पहले हाफ के ज्यादातर हिस्से में सेनेगल का दबदबा



देखने को मिला. निकोलस जैक्सन का शॉट पोस्ट से टकराया. इस्माइला सार ने करीब से गोल करने का मौका गंवा दिया। एमबाप्पे ने 66वें मिनट में शानदार खेल दिखाया और फ्रांस को बढ़त दिलाई. उन्होंने सेनेगल के कप्तान कालिदू कूलिबाली को पीछे छोड़ते हुए माइकल ओलिसे की पास पर गोलकीपर एडुआर्ड मेंडी को छकाकर गोल किया. बारकोला 80वें मिनट में मैदान पर आए और दो मिनट बाद एड्रियन रैबियो की पास पर अपना चौथा इंटरनेशनल गोल किया. सेनेगल के इब्राहिम म्बाये ने स्टॉपेज टाइम में एंगल्ड शॉट से स्कोर कम किया. एक मिनट बाद एमबाप्पे ने लंबी दूरी से शानदार गोल किया, जो मेंडी के हाथों से ऊपर और क्रॉसबार के नीचे गया। इस मैच में एम्बाप्पे ने दूसरे गोल से इतिहास रच दिया. इसने उनके शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ दी. अब उनके नाम फ्रांस के लिए 58 गोल हो गए हैं. उन्होंने ओलिवियर जिरू को पीछे छोड़ दिया है. वर्ल्ड कप में उनके 14 गोल हो गए हैं. उन्होंने लियोनेल मेसी के 13 गोल को पार कर लिया और जर्मनी के महान गेरड मुलर की बराबरी कर ली. उनसे आगे सिर्फ ब्राजील के रोनाल्डो (15) और जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज़े (16) हैं।

# ऑस्ट्रिया की धमाकेदार शुरुआत, जॉर्डन को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रिया ने सैन फ्रांसिस्को में जॉर्डन के खिलाफ 3-1 से जीत के साथ अपने 2026 फीफा वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत की। यह मैच 1998 के बाद वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रिया की पहली उपस्थिति और टूर्नामेंट में एशियाई फुटबॉल परिसंघ के किसी देश के साथ उनका पहला मुकाबला था। ऑस्ट्रिया ने 21वें मिनट में रोमानो शिमड के शानदार लॉन्ग-रेंज शॉट से बढ़त बनाई। ऑस्ट्रिया ने बॉल पर अपना कब्ज़ा बनाए रखा और मिडफ़ील्ड से आगे बढ़े, जिससे शिमड को बॉक्स के किनारे पर बॉल मिली और उन्होंने एक सटीक शॉट लगाकर बॉल को दूर वाले कोने में पहुंचा दिया, जिससे गोलकीपर के पास उसे रोकने का कोई मौका नहीं बचा। जॉर्डन ने 50वें मिनट में गोल करके बराबरी की, यह उनका वर्ल्ड कप का पहला गोल था। खाली जगह में आए एक पास की मदद से अली ओल्वान ने दौड़ लगाई और अंदर की ओर मुड़े। स्टीफन पोश उन्हें रोक नहीं पाए, जिससे ओल्वान बॉक्स में घुस गए और एक शानदार शॉट लगाकर गेंद को दूर वाले कोने में पहुंचा दिया; गेंद गोलपोस्ट से टकराकर अंदर चली गई। मैच काफी देर तक बराबरी पर रहा, लेकिन आखिर में ऑस्ट्रिया का सेट-पीस दबाव अहम साबित हुआ। शुरुआत में ऐसा लगा कि मार्को अर्नाटोविच ने ऑस्ट्रिया को फिर से बढ़त दिला दी है, लेकिन गोल से पहले हैंडबॉल होने के कारण VAR ने उनके गोल को अमान्य कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद, एक कॉर्नर किक के दौरान जॉर्डन के पेनल्टी एरिया में अफरातफरी मच गई और गेंद याज़न अल-अरब से टकराकर नेट में चली गई, जिससे 'ओन गोल' हो गया। स्टॉपेज टाइम में जॉर्डन की उम्मीदें और कम हो गईं, जब सलीम ओबैद को एक शॉट रोकने के दौरान गेंद को हाथ से छूने के लिए पेनल्टी का सामना करना पड़ा। अर्नाउटोविच ने पेनल्टी ली और उसे भरोसे के साथ गोल में बदलकर वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रिया की जीत पक्की कर दी।

# अफगानिस्तान ए पर बड़ी जीत से फाइनल में पहुंचा भारत ए

**नई दिल्ली।** भारत-ए और अफगानिस्तान-ए के बीच त्रिकोणीय सीरीज के पांचवें मुकाबले में भारत-ए ने 101 रनों से जीत दर्ज की। यह मैच दांबुला में खेला गया, जहां अफगानिस्तान-ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत-ए ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 319 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान-ए की टीम 36.5 ओवर में 218 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और मुकाबला हार गई।

भारत-ए की शुरुआत अच्छी रही, हालांकि वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर अर्धशतक पूरा नहीं कर सके। लेकिन प्रियांश आर्य, कप्तान तिलक वर्मा और कुमार कुशाग्र ने शानदार अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।यश ठाकुर ने तीसरे ओवर में हसन ऐसाखिल को ऋतुराज के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। वह 9 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। 5.4 ओवर में अंशुल कंबोज ने खालिद तानिवाल को आउट किया। तानिवाल 10 गेंदों में 13 रन बनाकर वैभव सूर्यवंशी के हाथों कैच आउट हुए। अफगानिस्तान-ए को तीसरा झटका निशांत सिंधू ने दिया, जब उन्होंने इमरान मीर को आउट किया। मीर 27 गेंदों पर 32 रन बनाकर सूर्यांश शेडगे के हाथों कैच आउट हुए। फसील शिनोजादा ने 46 रनों की पारी खेली, लेकिन वे अनुकूल रॉय की गेंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गए। 28वें ओवर की पहली गेंद पर बहिर शाह 57 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट विप्रज निगम ने लिया और सूर्यांश शेडगे ने कैच पूरा किया। 32वें ओवर में मोहम्मद इशाक 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यश ठाकुर ने पवेलियन भेजा, जबकि अशोक शर्मा ने डीप थर्ड मैन पर शानदार कैच लिया। यह यश ठाकुर का दूसरा विकेट रहा। 33वें ओवर की दूसरी गेंद पर फरमानुल्लाह सफी 17 रन बनाकर सूर्यांश शेडगे की गेंद पर रुद्धु आउट हुए। यह शेडगे का पहला विकेट रहा। 37वें ओवर की दूसरी गेंद पर अनुकूल रॉय 4 रन बनाकर रन आउट हुए, उन्हें फसील शिनोजादा और फरमानुल्लाह सफी ने मिलकर रन आउट किया।

# श्रीलंका में सूर्यवंशी के विवाद के बाद स्थिति प्रबंधन प्रशिक्षण जरूरी : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी की बढती ख्याति के बीच अब मैदान पर उनकी एकाग्रता भंग करने के लिये छींटाकशी को हथियार बनाया जायेगा और विशेषज्ञों का मानना है कि श्रीलंका में भारत ए के मैच के दौरान उनके आपा खोने जैसी स्थिति से बचने के लिये उन्हें स्थिति प्रबंधन प्रशिक्षण देने की जरूरत है । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस समय 15 वर्ष के सूर्यवंशी की सबसे ज्यादा चर्चा है और विरोधी टीमें अब उन्हें नाकाम करने के लिये हर पैतरा आजमायेंगी । एक जाने माने मनोवैज्ञानिक का मानना है कि भारत के इस युवा बल्लेबाज को हालात का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा । भारत के मशहूर खेल मनोवैज्ञानिक डॉक्टर स्वरूप सावनूर ने कहा ,''मैने दो तीन साल पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में वैभव और अंडर 16 लड़कों के समूह के साथ काम किया है । बीसीसीआई और वीवीएस लक्ष्मण की अगुवाई वाले एनसीए को इसकी अहमियत पहले से पता है और इसलिये ही खिलाड़ियों के शिविर में आने पर उनकी खेल मनोविज्ञान सेवा प्रोफाइल बनाई जाती है ।'' सावनूर बीसीसीआई के अलावा आईपीएल में पंजाब किंग्स , घरेलू क्रिकेट में विदर्भ और भारत की अंडर 17 फुटबॉल टीम के साथ काम कर चुके हैं ।

# अनमोल, रक्षिता और श्रियांशी मकाऊ ओपन के अगले दौर में पहुंचे

**नई दिल्ली।** अनमोल खराब ने महिला एकल में सीधे गेम में जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की जिससे तीन भारतीय महिला खिलाड़ी बुधवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। पिछले महीने डेनमार्क चैलेंज के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली आठवीं वरीयता प्राप्त अनमोल ने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इंडोनेशिया की मुतियारा आयु पुस्पितासारी को महज 42 मिनट में 21-13, 21-16 से हराकर अंतिम 16 राउंड में अपनी जगह पक्की की। दुनिया की 51वें नंबर की 19 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का सामना अब मलयेशिया की गोह जिन वेई से होगा। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी रक्षिता श्री रामराज ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए मलयेशिया की किसोना सेल्वादुरय को 46 मिनट में 21-16, 24-22 से शिकस्त दी और अब प्री क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की किम मिन सन से होगा। सातवीं वरीय और दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी श्रियांशी वालिसेट्टी ने हमवतन तस्नीम मीर के खिलाफ 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-18, 19-21, 21-15 से जीत दर्ज की। अब उनकी भिड़ंत दक्षिण कोरिया की किम मिन जी से होगी। श्रेया लेले का सफर यहीं खत्म हो गया जिन्हें चीन की चौथी वरीय हान कियान शी से 34 मिनट में 12-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण कोरिया की किम मिन जी के खिलाफ जोरदार टक्कर देने के बावजूद आकर्षी कश्यप भी 17-21, 21-18, 17-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पुरुष एकल में रौनक चौहान ने एक गेम हारने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपे के वू झे यिंग को एक घंटे पांच मिनट में 18-21, 21-15, 21-19 से शिकस्त दी। हालांकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और चीनी ताइपे के हुआंग पिंग-ह्सियन से एक घंटे चार मिनट में 21-11, 18-21, 16-21 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत के लिए मिला-जुला नतीजा रहा।

# मंधाना और शेफाली चमकीं, भारत ने नीदरलैंड को 95 रन से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम बुधवार को यहां स्मृति मंधाना (74 रन), शेफाली वर्मा (55 रन, 20 रन देकर तीन विकेट) और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महिला टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में नीदरलैंड को 95 रन से शिकस्त देकर ग्रुप एक में शीर्ष पर पहुंच गई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मंधाना (47 गेंद में 11 चौके और एक छक्का) और शेफाली (38 गेंद, 10 चौके) ने नीदरलैंड के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी निभाई। इससे भारतीय टीम पांच विकेट पर 209 रन का स्कोर खड़ा कर विश्व कप इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रही।



जवाब में नीदरलैंड की टीम 17.3 ओवर में 114 रन पर ढेर हो गई। यह उसकी लगातार दूसरी हार थी। उसके लिए कप्तान बाबेटे डि लीडे 27 गेंद में 28 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पहले मैच में बांग्लादेश से हारने वाली नीदरलैंड की बल्लेबाज शुरू में संभलकर खेलीं। लेकिन फिर लगातार विकेट गंवाने से कोई अहम साझेदारी नहीं बना सकीं। टीम की कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिक सकीं। टीम ने अंतिम सात विकेट 23 गेंद में गंवा दिए। भारतीय गेंदबाजों में श्री चरणी सबसे रहीं जिन्होंने चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट झटके। शेफाली वर्मा ने अपने हरफनमौला खेल से नीदरलैंड की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। अर्धशतक जड़ने के बाद उन्होंने 3.2 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट झटके। इस तरह वह हेली मैथ्यूज और सुने लुस के बाद महिला टी20 विश्व कप मैच में अर्धशतक और तीन विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बन गईं। नंदनी शर्मा ने तीन ओवर में 22 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए जबकि अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा को एक विकेट मिला। श्रेयंका पाटिल हालांकि एक गेंद डालने के बाद टखना मुड़ने के कारण गेंदबाजी नहीं कर सकीं। इससे पहले मंधाना ने लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी खेली जबकि शेफाली ने टूर्नामेंट में पहला अर्धशतक लगाया। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष 20 रन और दीप्ति शर्मा 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 19 रन का योगदान दिया। पिछले मैच में पाकिस्तान पर जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम ने दो बदलाव करते हुए अरूंधति रेड्डी को आराम देकर नंदिनी शर्मा को और भारती फुलमाली की जगह यास्तिका भाटिया को अंतिम एकादश में शामिल किया।

# भारत ने अफगानिस्तान को 170 रन से रौंदा

**नई दिल्ली।** कप्तान शुभमन गिल और इशान किशन के शतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार



को यहां अफगानिस्तान को 170 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 403 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करे हुए अफगानिस्तन की टीम अर्शदीप (45 रन पर तीन विकेट), गुरनूर बरार (60 रन पर तीन विकेट) और प्रिंस यादव (56 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के सामने कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी और अंततः 44.3 ओवर में 232 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने 89 गेंद में आठ चौकों से सर्वाधिक 79 रन बनाए जबकि सेदिकुल्लाह अटल (42) और रहमानुल्लाह गुरबाज (41) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

गिल ने बेहद गर्मी और पैर में जकड़न के बावजूद 154 रन की शानदार पारी खेली जबकि इशान किशन ने एकदिवसीय शतक के तीन साल के इंतजार को खत्म करते हुए 125 रन बनाए जिससे भारत ने 402 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम हालांकि 49.5 ओवर में सिमट गई। गिल और किशन ने तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 141 गेंद में 224 रन की तूफानी साझेदारी करके भारत के मजबूत स्कोर की नींव रखी। गिल ने 110 गेंद की अपनी पारी में 22 चौके और दो छक्के मारे जबकि किशन ने 79 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और सात छक्के जड़े। अफगानिस्तान की ओर से नांगेयालिया खरोटे (76 रन पर चार विकेट) और राशिद खान (48 रन पर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने सात मिलकर सात विकेट चटकाकर मेहमान टीम को अंतिम ओवरों में वापसी दिलाने की कोशिश की। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान को पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 33 गेंद में 41 रन की पारी खेलकर एक बार फिर तेज शुरुआत दिलाई। गुरबाज सातवें ओवर में भाग्यशाली रहे जब पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज प्रिंस यादव की गेंद को हवा में लहराकर अर्शदीप सिंह को कैच बैठे लेकिन यह नोबॉल हो गई। गुरबाज हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और अगले ओवर में गुरनूर बरार की गेंद पर विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच दे बैठे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का मारा।

# देश में रसोई गैस के भंडारण का तुरंत इंतजाम करने की सिफारिश

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** तकरीबन 33 करोड़ से भी अधिक घरों की रसोई पूरी तरह एलपीजी पर निर्भर होने के बावजूद देश में इसके रणनीतिक भंडारण की कोई व्यवस्था अथवा नीति नहीं होने को बेहद चिंताजनक

## सीईईडब्ल्यू की रिपोर्ट: देश में एलपीजी के रणनीतिक भंडारण की व्यवस्था नहीं होना चिंताजनक

और जोखिमपूर्ण करार देते हुए काउंसिल ऑन एनर्जी एनवायरनमेंट एंड वॉटर यानी सीईईडब्ल्यू की ताजा रिपोर्ट में सरकार से गैस और एलपीजी भंडारण को अनिवार्य और व्यावसायिक बनाने की सिफारिश की गई है। इसके तहत आपातकालीन स्टॉक की बाध्यताएं लागू करने, खत्म हो चुके कुओं में गैस भंडारण किए जाने और जमीन के नीचे एलपीजी भंडारण को बढ़ाने सरीखे ठोस कदम यथाशीघ्र उठाने का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि लगभग 95 प्रतिशत रसोई गैस की आपूर्ति के लिए भारत प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पूरी तरह आयात पर निर्भर है। ऐसे में वैश्विक एलपीजी आपूर्ति में कोई भी रुकावट देश के करोड़ों घरों की रसोई गैस की उपलब्धता को जोखिम में डाल सकता है। ऐसे में इस रिपोर्ट के माध्यम से सरकार को एलएनजी आपूर्ति में विविधता लाने, गैस हब-इंडेक्स एलएनजी अनुबंधों का विस्तार करने, रिफाइनरियों का आधुनिकीकरण किए जाने, भविष्य की मांग और संभावित चुनौतियों के अनुरूप बुनियादी ढांचा तैयार करने, चुनिंदा घरेलू संसाधनों को विकसित करने और विद्युतीकरण में तेजी लाने का सुझाव भी दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति को अब स्वच्छ ऊर्जा, विद्युतीकरण, रणनीतिक भंडार और मजबूत तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं के जरिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को घटाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। सीईईडब्ल्यू के नए स्वतंत्र अध्ययन, 'हाउ सिक्योर इज इंडियाज एनर्जी फ्यूचर? असेसिंग एक्सेसिबिलिटी, रिलायबिलिटी एंड अफोर्डेबिलिटी' के अनुसार भारत की ऊर्जा सुरक्षा की चुनौती अब सिर्फ इस बात तक सीमित नहीं रह गई है कि देश कितना कोयला, तेल और गैस का आयात करता है बल्कि एक गहरा जोखिम यह है कि भारत का जीवाश्म ईंधन आधारित तंत्र सभी स्तरों पर असुरक्षित हो गया है। चुंकि भारत सिर्फ छह देशों से ही 85 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात करता है लिहाजा इस असुरक्षा में आपूर्तिकर्ताओं की सीमित संख्या, जोखिम भरे समुद्री मार्ग, सीमित रिजर्व व भंडारण क्षमता, रिफाइनरी से जुड़ी बाधाएं और वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर शामिल है। अध्ययन के अनुसार भारत की ऊर्जा सुरक्षा का जोखिम अब आम घरों, उद्योगों, सार्वजनिक वित्त, महंगाई और रणनीतिक स्वायत्तता तक फैल चुका हैं। ऐसे में इस अध्ययन में पांच तात्कालिक प्राथमिकताओं पर यथाशीघ्र गंभीरता से ध्यान देने का सुझाव दिया गया है जिसमें रणनीतिक तेल, गैस और एलपीजी भंडारों को अनिवार्य और व्यावसायिक बनाना, व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और भारी माल ढुलाई के लिए एलएनजी के उपयोग में तेजी लाना, एक नेशनल रिफाइनरी ट्रांजिशन प्लान लाना और एलपीजी आयात पर निर्भरता को घटाने के लिए इलेक्ट्रिक कुकिंग को बढ़ावा देना मुख्य रूप से शामिल है।

# महिलाओं का उत्पीड़न, हत्या, पेपर लीक, महंगाई को लेकर सपा ने किया हल्लाबोल प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के

## कलेक्ट्रेट में पहुंचकर बिजली, पानी, गैस आदि का उठाया मामला

## सपा जिलाध्यक्ष बोले- महिलाओं के उत्पीड़न व हत्या से जनता परेशान

पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बढ़ती मंहगाई, बिजली पानी गैस, डीजल, हत्या बलात्कर, पेपर लीक को लेकर पार्टी कार्यालय से हल्ला बोल प्रदर्शन कर पैदल मार्च रमईपट्टी, सिविल लाइन कचहरी रोड, साइलस तिराहा कलेक्ट्रेट में पहुॅचकर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जोरदार धरना व प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर आयोजित धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी जी





ने किया। महंगाई, बेरोजगारी, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली के दामो में बड़े पैमाने पर मूल्य वृद्धि, डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की भारी किल्लत, अघोषित बिजली कटौती, किसानों को खाद बीज तथा डीजल का न मिल पाना, नीट परीक्षा पेपर लीक, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, ध्वस्त कानून व्यवस्था तथा भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफसमाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ हल्ला बोल प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को संबोधित जिलाधिकारी महोदय के माध्यम के नाम मांग पत्र देकर जन समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने अपने प्रदर्शन में सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अपराधियों का बोलबाला है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। डीजल पेट्रोल रसोई गैस और बिजली के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर प्रदेश की जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया गया। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। यह सरकार किसानों को खाद बीज और डीजल तक उपलब्ध नहीं कर पा रही है। हमारी मांग है कि डीजल पेट्रोल और रसोई गैस बिजली की मूल्य वृद्धि वापस लिया जाए और इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, धान के बेहन डालने का समय चल रहा है किसानों को समय से खाद और डीजल उपलब्ध कराया जाए। इस सरकार में पीडीए आरक्षण का सबसे ज्यादा घोटाला हुआ है। प्रदेश की जनता इस जनविरोधी सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। यह सरकार जनहित के हर मुद्दे पर विफल है। 2027 का चुनाव देश और संविधान को बचाना है। प्रदर्शन में पूर्व सांसद डा0 रमेश चन्द बिन्द, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, आशीष यादव, कीर्ति कोल, राजनिराला, अशोक यादव, डा0 सुनील पटेल, परवेज खान, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव, विजय सिंह, जुम्मन खान, सन्तोष गोयल, दिनेश यादव, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, राममिलन यादव, अभय यादव, विशाल यादव, कौशिक कन्नौजिया, चन्दन यादव, श्याम अचल यादव, अतीक खान, मेवालाल प्रजापति, दिलीप गुप्ता, जमुना यादव, मुकुन्द यादव, हरिशंकर यादव, लल्लू दूबे, राजेन्द्र यादव, रवि सोनकर, कान्धा यादव, रवि यादव , आशीष कोल इन्दुकुमारी, परवीन बानो, विवेक कुशवाहा, महेश मौर्या, गगन मौर्या, रम्भा देवी कोल, सौरभ पटेल, शैलेष पटेल, उपेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र यादव, राहुल यादव, अजय सोनकर, राजकुमार यादव, लवकुश यादव, आकाश यादव, अनुराग तिवारी रिजवान अहमद, अनीस खान, इलियास खान, जहांआरा, आकांक्षा यादव, दिव्या गुप्ता, रमाकांत यादव आदि हजारो लोग उपस्थित रहे।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट युवक घायल दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव निवासी रितेश सिंह ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है ।

दी गई तहरीर में बताया की भूमि विवाद को लेकर विपक्षी सत्येंद्र कुमार सिंह व अमित कुमार सिंह मंगलवार की रात्रि में गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे और दाँत से काट लिया जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक अभिषेक जायसवाल ने युवक का उपचार कर मेडिकल बनाया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की भूमि विवाद को लेकर मारपीट के मामले में दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## देवलास में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती, मंत्री दयाशंकर सिंह ने दी बड़ी घोषणाएं

**स्वतंत्र भारत मऊ।** देवलाश्रम, देवलास स्थित महाराणा प्रताप स्मारक परिसर में बुधवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप सांस्कृतिक एवं सामाजिक नवचेतना संस्थान तथा सिसोदिया संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्र स्वाभिमान और साहस के प्रतीक हैं। उन्होंने हल्दीघाटी की मिट्टी और चेतक की गाथा को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने घोषणा की कि परिसर में लगभग 27 लाख रुपये की लागत से चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की नई कांस्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

## स्थायी रोडवेज की मांग को लेकर व्यापारियों ने परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत मऊ। महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर देवर्षि देवलास आगमन पर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को व्यापारियों ने विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता तथा जिला युवा उपाध्यक्ष अनमोल साहू ने क्षेत्र में स्थायी रोडवेज बस स्टेशन स्थापित करने की मांग उठाई।व्यापारियों का कहना है कि स्थायी रोडवेज बनने से व्यापारियों, यात्रियों और आम लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी, साथ ही परिवहन विभाग की आय में भी वृद्धि होगी। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## सांड के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल पैर में फ्रैक्चर

**स्वतंत्र भारत मऊ।**दोहरीघाट थाना क्षेत्र के महुआबारी गांव निवासी जीरा देवी (35) रसूलपुर बाजार खरीदारी करने गई थीं। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में एक छुट्टा सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड के हमले से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके शरीर पर कई जगह चोटें आईं तथा पैर में फ्रैक्चर भी हो गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल रसूलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बड़हलगंज रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे छुट्टा पशुओं पर नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से लोगों को बचाया जा सके।

## बालिका की सर्पदंश से मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना के गड़रियन का पुरवा मजरे टांडा मे बुधवार को सर्पदंश से एक नौ वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बनवारी लाल पाल की नौ वर्षीय पुत्री प्रिया पाल गांव के समीप बकरियां चराने गई।खेत मे स्थित एक देवस्थान के पास वह बैठी थीएतभी अचानक उसे सांप ने डस लिया।मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दी।आनन.फानन में ग्रामीण और परिजन बालिका को सीएचसी कुंडा लेकर पहुंचेएजहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका के पिता बनवारी लाल पाल हरियाणा में ईंट.भट्ठे पर मजदूरी करने गए है।बेटी की असमय मौत से मां रामसखी का रो.रो कर बुरा हाल है।

## महिला की तहरीर पर तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र की छिछोर ग्राम पंचायत की चिनोरा गांव निवासिनी श्रीमती शनिचरी देवी ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि सोमवार को दिन मैं 2:30 बजे जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही जय हिंद चौहान, धीरेंद्र चौहान एवं रविंद्र चौहान ने मुझे बुरी तरह लात घूसों से मारा पीटा, जिससे मुझे गंभीर चोटें आई हैं।उपरोक्त लोग दबंग किस्म के लोग हैं ,और बराबर जान माल की धमकी देते रहते हैं ।शनिचरी देवी की तहरीर पर हलधरपुर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में वाद पंजीकृत कर घटना की जांच कर रही है।

## अज्ञात पिकअप की टक्कर से सुभासपा नेता गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा पेट्रोल पंप के समीप कृष्णा मेमोरियल स्कूल के पास अज्ञात पिकअप की टक्कर से सुभासपा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राजभर (52) गंभीर रूप से घायल हो गए। वह मंगलवार शाम बाइक से अपने मित्र को छोड़कर घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित फरार हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे तथा उनका हालचाल जाना। अस्पताल में समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ जुटी।

## खेत में मिट्टी गिरा रहे ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर श्रमिक की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरिया गांव में बुधवार सुबह नौ बजे के करीब खेत में मिट्टी गिराते समय ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर श्रमिक की मौत हो गई।गलरिया गांव निवासी 63 वर्षीय श्रमिक पगल धरकार अपने घर के पास जेसीबी मशीन लगवाकर खेत में ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी का पटान करवा रहे थे।उसी दौरान खेत पर मिट्टी गिरा रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से पगल धरकार की मौत हो गई।श्रमिक की मौत से स्वजनों में चीख पुकार मच गई।मृतक के पुत्र रवि की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व घटना की जांच में जुट गई।दी गई तहरीर में मृतक श्रमिक के पुत्र ने आरोप लगाया कि खेत में मिट्टी गिरा रहे अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक व तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए पिता को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर मालिक वीरेंद्र कोरी के घर पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ा कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# मिर्जापुर-एमपी सीमा तक सड़क चौड़ीकरण का शिलान्यास, अनुप्रिया पटेल ने किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत हलिया ( मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के देवरी-हरबरा मार्ग के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवरी से हरबरा (मध्य प्रदेश सीमा) तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का मंगलवार की शाम शिलान्यास किया गया। भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री तथा मिर्जापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने परियोजना का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। 35 करोड़ 55 लाख 77 हजार रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क लगभग 10.30 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी होगी।अधिकारियों ने बताया कि निर्माण पूरा होने के बाद मिर्जापुर जनपद का मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद से सीधा और सुगम संपर्क स्थापित होगा। इससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी, व्यापार और रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। साथ ही दोनों राज्यों के बीच सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।इस दौरान छानबे विधायक रिंकी कोल, डॉ. एसपी पटेल, रमाकांत पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, पंकज सिंह चंदेल सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र

## दो दिन बाद पुलिस को मिली सूचना, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

के महुलार कला गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी दो दिन बाद पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महुलार कला गांव निवासी पिंटू कोल की शादी लगभग 14-15 माह पूर्व संतनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी पूनम 25 वर्षीय से हुई थी। बताया जा रहा है कि विवाहिता ने रविवार की रात खपरैल मकान के बड़ेर में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दंपती की कोई संतान नहीं थी। घर में पति और सास के साथ ही विवाहिता रहती थी। काम के सिलसिले में बाहररहता था। मंगलवार देर रात स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दुबार चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह ने पुलिस टीम की मदद से शव को नीचे उतरवाया। दो दिन पुराना शव होने के कारण उसमें दुर्गंध आने लगी थी। चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# मतवार गांव में कच्चे मकान में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के मतवार गांव स्थित सरइहवा मुहल्ले में मंगलवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे मकान में आग लगने से कच्चे मकान में रखा खाद्यान सामग्री सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड वाहन के कर्मियों ने आग पर काबू पाया है लेकिन तब तक सबकुछ जलकर राख हो चूका था जानकारी के अनुसार मतवार गांव के सरइहवा मुहल्ला निवासी मुनी सागर व उनके पुत्र संदीप कोल के कच्चे मकान में मंगलवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग से बेड, आलमारी, पंखा और गृहस्थी का अन्य सामान व कागजात जलकर राख हो गया। घटना के समय संदीप कोल पत्नी का इलाज कराने ससुराल नदना गांव गया था। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल बृजभूषण ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया है।

# डीएम ने भ्रमण कर विकास कार्यों का लिया जायजा

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विकास खंड रेहरा बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर ग्रिंट में आयोजित प्रोजेक्ट संवर्द्धन के अंतर्गत वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन तथा उनके सुपोषण हेतु किए जा रहे प्रयासों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को निर्धारित स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं तथा कुपोषण उन्मूलन के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम का भ्रमण कर विभिन्न आधारभूत सुविधाओं एवं संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम में स्वच्छता



व्यवस्था, पेयजल, सडक, विद्युत, आवास एवं अन्य विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने राजस्व एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान एसडीएम उतरौला मनोज कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सेवानिवृत्त शिक्षक व बहू की मौत, तीन परिजन समेत चार घायल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के अमिला अकटहा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक शिववचन्द और उनकी बहू लाली देवी की पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं परिवार के तीन अन्य सदस्य और एक रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा आजमगढ़ जिले के तहबरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुआ।जानकारी के अनुसार, शिववचन्द अपने इलाज के लिए 14 जून को परिवार के साथ लखनऊ गए थे। मंगलवार रात इलाज कराकर सभी आल्टो कार से घर लौट रहे थे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तहबरपुर क्षेत्र में कार चालक आदित्य रोशन को झपकी आ जाने से कार अनियंत्रित होकर शव लेकर जा रही एंबुलेंस से टकरा गई।हादसे में शिववचन्द और उनकी बहू लाली देवी की मौके पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल आजमगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## कूड़ा फेंकने के लिए मारपीट दो घायल चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी अनवर अली ने मंगलवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की मंगलवार की शाम कूड़ा करकट फेकने के विवाद को लेकर विपक्षी गांव निवासी जियाद्दीन, असलम अली, सेराज, तौहीद अली गाली गलौज देने लगे की मना करने पर बेटा इफ्तार व भाई रियाजुद्दीन को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## घर में अकेले रह रहे व्यक्ति का मिला शव

**स्वतंत्र भारत मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के अदरी बाजार मोहल्ले में अपने ही घर में मृत अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

जब घर से बदबू आने लगी तो स्थानी लोगों ने सभासद को फोन किया मौके पर पहुंचे सभासद में इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार श्रीनाथ विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र विश्वकर्मा 45 वर्ष जो मऊ जनपद के कोपागंज थाना क्षेत्र आदिरी बाजार में अपनी एक 5 वर्षीय पुत्री राधा के साथ अपने घर में अकेले रहते थे। कुछ दिनों पूर्व जब उनकी पत्नी का देहांत हो गया तो देखभाल करने वाला कोई नहीं था। तो उनकी बच्ची को ससुराल वाले अपने यहां पालन पोषण करने लगे उसके बाद श्रीनाथ विश्वकर्मा अपने घर में अकेले ही रहकर जीविका चलाते थे अचानक मंगलवार की शाम लगभग 6:00 बजे उनके घर से बदबू आने लगी तो पड़ोसियों ने तुरंत वार्ड नंबर 6 के सभासद अकील अंसारी को सूचित किया मौके पर पहुंचे सभासद ने तुरंत इस घटना की जानकारी पुलिस को थी मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़कर देखा तो मां मशहरी से टेक लगाकर मृत अवस्था में बैठे मिले पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वही इस मामले में जब कोपागंज थाना अध्यक्ष रोहन सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का शव अपने घर में ही मेरी अवस्था में पाया गया है बदबू आने पर लोगों ने सूचना दिया मौके पर देखा गया तो शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। आसपास के लोगों ने बताया कि पिता खाता था और अपने घर में चुपचाप पड़ा रहता था बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद देखा जाएगा।

## आदर्श बने एबीवीपी के पूर्ण कालिक विस्तारक

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।कुंडा के खेमीपुर निवासी आदर्श पाण्डेय को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत अभ्यास वर्ग 13 से 16 जून तक गोपाल सरस्वती सेकेंडरी स्कूल रायबरेली मे आयोजित कार्यक्रम मे राष्ट्र सेवा से प्रेरित होकर एबीवीपी मे आजीवन पूर्ण कालिक सदस्य एवं बाराबंकी जिला का विस्तारक बनाया गया है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# जी7 में दिखी भारत की कूटनीतिक ताकत

- पीएम मोदी ने कई वैश्विक नेताओं से की अहम मुलाकातें
- आपसी भरोसे पर दिया बल, बताया रणनीतिक संपत्ति

**एवियन-लेस-बैंस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नई साझेदारियां बनाने और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को फिर मजबूत करने विषय पर आयोजित आउटरीच सत्र में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, आज की दुनिया पहले से कहीं अधिक आपस में जुड़ी और एक-दूसरे पर निर्भर हो गई है। ऐसे में यह विषय और भी अहम हो जाता है। लेकिन कोई भी साझेदारी तभी सफल हो सकती है, जब उसकी नींव भरोसे पर टिकी हो। उन्होंने कहा, आपसी भरोसा आज सबसे अहम रणनीतिक संपत्ति है। लेकिन दुख की बात है कि आज दुनिया में संसाधनों की कमी नहीं है, बल्कि भरोसे की कमी है और हमारे साझेदारियों का भविष्य इसी भरोसे को फिर से बनाने पर निर्भर करता है। प्रधानमंत्री ने अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा,




एवियन जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी से मुलाकात कर खुशी हुई। एक वर्ष से भी कम समय में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने के हमारे संकल्प को दर्शाता है। हमने दोनों देशों के बीच संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की, विशेष रूप से पिछली मुलाकात के बाद हुई प्रगति पर चर्चा की।

उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इसे एक शानदार मुलाकात बताया। उन्होंने कहा, भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिहाज से पिछला साल बेहद उत्कृष्ट रहा है। व्यापार समझौते ने आर्थिक सहयोग के कई नए अवसर खोले हैं। आज की बातचीत का फोकस दोनों देशों के रिश्तों को और अधिक गति देने पर रहा। प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर एक्स पर प्रधानमंत्री ने कहा, अपने भाई, महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ एक बहुत अच्छी मुलाकात हुई। हमने भारत-यूएई संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की और अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के तरीकों पर विचार किया। उन्होंने जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने इसे एक बहुत अच्छी मुलाकात करार दिया। उन्होंने कहा, भारत और जापान के बीच संबंधों को सभी क्षेत्रों में और मजबूत करने पर सहमति बनी, जिसमें खास तौर पर व्यापार और निवेश को प्राथमिकता दी जाएगी। पीएम मोदी की मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से भी मुलाकात हुई। भारत और मिस्र के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता को दोनों देश बहुत महत्व देते हैं।

## नौकरी और एच-1बी वीजा के बदले 94 लाख मांगने का आरोप

### अमेरिका में भारतीय कर्मचारी ने मालिक पर किया केस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में एक भारतीय कर्मचारी ने अपने मालिक के खिलाफ अदालत में केस दर्ज किया है। ऋषिकेश राज मीसाला नाम के इस कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि उसके मालिक ने नौकरी और वीजा बचाने के बदले उससे करीब 94 लाख रुपये (एक लाख डॉलर) की मांग की। ऋषिकेश का कहना है कि उनके भारतीय-अमेरिकी मालिक साई जितेंद्र कलागरा ने उन पर पैसे देने के लिए भारी दबाव बनाया। शिकायत के मुताबिक, जब ऋषिकेश ने इन पैसों को लेकर सवाल उठाए, तो उन्हें डराया गया। मालिक ने धमकी दी कि वह उनकी शिकायत अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग से कर देगा। इतना ही नहीं, ऋषिकेश ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पिता को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। हालांकि, अभी तक अदालत में ये आरोप साबित नहीं हुए हैं। ऋषिकेश साल 2023 में अपनी मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद छात्र वीजा पर अमेरिका आए थे। बाद में उन्हें एक ऐसी कंपनी में नौकरी मिली जो एच-1बी वीजा देती है। यह वीजा अमेरिकी कंपनियों को विदेशी पेशेवरों को काम पर रखने की अनुमति देता है। ऋषिकेश को उम्मीद थी कि इस नौकरी से उन्हें अमेरिका में पक्की नागरिकता मिल जाएगी।

## ट्रंप : समझौता जीत, विशेषज्ञ : रणनीतिक हार

### ईरान से समझौते पर अपने ही देश में आलोचनाओ से घिरे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ शांति समझौते के लिए अपनी पीठ थपथपा रहे हैं और ईरान की हार का दावा कर रहे हैं।

ट्रंप इसे अमेरिका की बड़ी कूटनीतिक जीत भी बता रहे हैं। हालांकि व्हाइट हाउस के दावों के विपरीत अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का एक बड़ा वर्ग मानता इसे अमेरिका की जीत नहीं मानता बल्कि समझौते को अमेरिका की इस युद्ध से निकलने की कोशिश के रूप में देख रहा है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता वास्तव में अमेरिका और ट्रंप प्रशासन की रणनीतिक नाकामी को उजागर करता है। शिकागो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रॉबर्ट ए. पेप ने इस समझौते को विनाशकारी रणनीतिक पराजय करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका एक ऐसे जाल में फंस गया, जहां युद्ध को आगे बढ़ाना भी मुश्किल था और पीछे हटना भी।

विश्लेषकों के अनुसार 100 दिनों से अधिक चले संघर्ष, अरबों डॉलर के सैन्य खर्च, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर, खाड़ी क्षेत्र में समुद्री व्यापार बाधित होने और अमेरिकी जनता की बढ़ती नाराजगी के बाद वॉशिंगटन को बातचीत की मेज पर लौटना पड़ा। जबकि उसका एक भी लक्ष्य अभी तक हासिल नहीं हुआ है। सीबीएस न्यूज के एक इंटरव्यू में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया कि अमेरिका पूरे समय होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए हुए था। इस पर पत्रकार ने उनसे सवाल किया कि अगर अमेरिका का होर्मुज पर पूरा नियंत्रण था, तो जलडमरूमध्य को फिर से खोलना बातचीत का इतना बड़ा मुद्दा क्यों बना रहा? इस पर हेगसेथ जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना शुरू हो गई। यूजर्स ने कहा कि इस बातचीत से अमेरिकी प्रशासन के दावों और असल स्थिति के बीच के विरोधाभास उजागर होता है।

## रिपोर्ट : जंग के बाद और ताकतवर हुआ ईरान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-ईरान समझौते के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने नई चेतावनी दी है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, जंग के बाद ईरान पहले से ज्यादा ताकतवर हो गया है। खुफिया एजेंसियों का आकलन है कि अब ईरान जब चाहे होर्मुज को बंद कर सकता है। रिपोर्ट से परिचित तीन सूत्रों ने बताया कि युद्ध के बाद ईरान के पास वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की एक और नई ताकतवर क्षमता आ गई है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि ईरान के पास ऐसा हथियार मिल गया है जो परमाणु बम से ज्यादा असरदार है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर परमाणु बातचीत टूटती है, तो यमन के हूती विद्रोहियों के जरिए बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट में भी संकट पैदा कर सकता है।

## जापान ने उठाया हिंद-प्रशांत क्षेत्र और चीन की चुनौतियों का मुद्दा

- होर्मुज से समुद्री व्यापार जारी रखने पर दिया बल

**एवियन।** फ्रांस में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने चीन से जुड़ी क्षेत्रीय चुनौतियों को प्रमुखता से उठाया। जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों पर जी-7 देशों के बीच समन्वय आवश्यक है।

ताकाइची ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जी-7 नेताओं के रात्रिभोज में पश्चिम एशिया की स्थिति, रूस-यूक्रेन संघर्ष, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।





जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और चीन से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों पर अपना दृष्टिकोण साझेदार देशों के सामने रखा। ताकाइची के अनुसार, जी-7 देशों ने इन मुद्दों पर मिलकर और करीबी समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। जापानी प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता जताते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री व्यापार निर्बाध रूप से जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग की वकालत की।

#### भारत की कोशिशें अफ्रीका को मजबूत कर रहीं

जी-7 सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, भारत का मानना है कि साझेदारी की असली कसौटी यह नहीं है कि हम दूसरों के लिए क्या बनाते हैं, बल्कि यह है कि हम उन्हें खुद के लिए कुछ बनाने में कैसे सक्षम बनाते हैं। हमारी विकास साझेदारियां इसी भावना को दर्शाती हैं। हमारी कोशिशें सहयोगी देशों में क्षमता निर्माण और कौशल विकास पर केंद्रित रही हैं। प्रधानमंत्री ने इसके लिए अफ्रीका का उदाहरण दिया और कहा, अफ्रीका में भारत की साझेदारी में ट्रेनिंग, क्षमता निर्माण, जल संसाधन, कृषि और ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। चीन के बढ़ते निर्यात से यूरोप चिंतित अमेरिका की ओर से पिछले आठ वर्षों से चीनी उत्पादों पर भारी शुल्क लगाने के बावजूद चीन की औद्योगिक ताकत कमजोर नहीं हुई है। इसके उलट चीन का निर्यात लगातार बढ़ रहा है और वह अपने उत्पादों को अमेरिका के बजाय यूरोप व एशिया के अन्य खुले बाजारों की ओर मोड़ रहा है।

## ‘अमेरिका के बिना इस्राइल का वजूद ही नहीं होता’

### नेतन्याहू पर भड़के ट्रंप, लेबनान में बमबारी पर भी जताई नाराजगी

**पेरिस।** फ्रांस में चल रहे जी7 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइल को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। कतर के अमीर के साथ बैठक में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के बिना इस्राइल का कोई वजूद नहीं होता। उन्होंने दावा किया कि उनके बिना इस्राइल का अस्तित्व नहीं बचता क्योंकि किसी और



राष्ट्रपति ने वह हिम्मत नहीं दिखाई जो उन्होंने दिखाई है। ईरान के साथ इस हफ्ते होने वाले शांति समझौते से पहले ट्रंप ने मांग की है कि इस्राइल लेबनान पर बमबारी तुरंत बंद करे। ट्रंप ने अपने सहयोगी बेंजामिन नेतन्याहू के बारे में कहा कि उनके साथ मेरे रिश्ते अच्छे रहे हैं, लेकिन अब उन्हें लेबनान के मामले में ज्यादा जिम्मेदार होना पड़ेगा। ट्रंप ने लेबनान में इस्राइल के हमलों को क्रूर और हद से ज्यादा बताया। यह नाराजगी तब और बढ़ गई जब ईरान के साथ शांति समझौते के फाइनल होने से ठीक दो घंटे पहले इस्राइल ने बेरूत पर बमबारी कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने इस हमले के बाद नेतन्याहू से बेहद कड़े शब्दों में नाराजगी जताई। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस हमले का समय और तरीका बिल्कुल पसंद नहीं आया। दूसरी तरफ, इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू इस शांति समझौते से काफी नाराज हैं। उन्होंने सोमवार को एक मीडिया वार्ता में कहा कि इस्राइल को ईरान और उसके साथियों से खतरा बना हुआ है। उन्होंने साफ किया कि इस्राइल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में जो सुरक्षा क्षेत्र बनाए हैं, वह वहां तब तक रहेगा जब तक देश की सुरक्षा के लिए जरूरी हो।

### ‘एक आदमी की खोज में इमारत गिराना सही नहीं’

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दो मार्च से अब तक इस्राइली हमलों में 3,756 लोग मारे गए हैं और 11,000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ट्रंप ने कहा कि हिजबुल्लाह के किसी एक सदस्य को ढूंढने के लिए पूरी रिहायशी इमारत को गिराना सही नहीं है क्योंकि वहां मासूम लोग भी रहते हैं।

### ट्रंप का नया सुझाव

ट्रंप ने एक नया सुझाव देते हुए कहा कि अगर इस्राइल मासूमों को मारे बिना हिजबुल्लाह को नहीं रोक सकता, तो यह काम सीरिया को करने देना चाहिए। उन्होंने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की तारीफ की और कहा कि वे इस काम को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। ट्रंप ने संकेत दिया कि अगर नेतन्याहू नहीं माने, तो अमेरिका हिजबुल्लाह से निपटने के लिए सीरिया के साथ साझेदारी कर सकता है।

## ट्रंप पर हमले की एक और साजिश नाकाम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने दावा किया है कि उसने व्हाइट हाउस में आयोजित एक बड़े अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) कार्यक्रम पर संभावित हमले की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह यूएफसी कार्यक्रम पिछले रविवार को व्हाइट हाउस परिसर में आयोजित किया गया था, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनके कैबिनेट सहयोगी और विशेष अतिथि शामिल हुए थे। कार्यक्रम को देखने के लिए व्हाइट हाउस के पास बड़ी संख्या में लोग भी जुटे थे। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि 10 जून को एजेंसी और उसके सहयोगी कानून प्रवर्तन संगठनों को इस कार्यक्रम पर संभावित खतरे की जानकारी मिली थी।

## चर्चा में रही मोदी-मेलोनी की मुलाकात

**एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस)।** फ्रांस के एवियन-लेस-बैंस में इस हफ्ते जी7 शिखर सम्मेलन के लिए दुनिया के कई नेता एकत्र हुए। यहां वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा एक ऐसे पल की हुई, जो आधिकारिक बैठकों और नीतिगत चर्चाओं से अलग था। इटली की प्रधानमंत्री

- फिर चर्चा में जॉर्जिया मेलोडी

जॉर्जिया मेलोनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक बार फिर हल्की-फुल्की बातचीत हुई, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। जब सभी नेता सम्मेलन की पारंपरिक समूह फोटो के लिए एकत्र हो रहे थे, तब मेलोनी और पीएम मोदी ने एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया। बातचीत भले ही छोटी थी। लेकिन उसमें पहले जैसी ही आत्मीयता दिखाई दी। मेलोनी ने पीएम मोदी से कहा, आपसे फिर मिलकर अच्छा लगा। ऐसा लगा कि पीएम मोदी के मन में मशहूर मेलोडी ट्रेंड चल रहा था। उन्होंने उनकी लोकप्रियता का जिक्र किया। इस पर मेलोनी ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, हां, हम इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा मशहूर हैं। मेलोडी पर चर्चा हंसी-मजाक के साथ शुरू हुई थी। लेकिन अब यह सोशल मीडिया पर एक बड़ा ट्रेंड बन चुका है। मेलोडी शब्द पीएम मोदी और



मेलोनी के उपनामों को मिलाकर बनाया गया है। पिछले तीन वर्षों में यह इंटरनेट पर एक पहचान बन गया है। साल 2023 में दुबई में आयोजित पार्टी ऑफ कॉन्फ्रेंस (सीओपी) 28 सम्मेलन के दौरान मेलोनी की ओर से साझा की गई एक सेल्फी ने इस ट्रेंड को वैश्विक पहचान दिलाई।

**मनोरंजन :** सिगरेट से लेकर फुटबॉल पर बात, जेलेंस्की के किस से असहज हुईं मेलोनी

# जी7 में शमिल नेताओं का हंसी-मजाक हो रहा वायरल

**एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस)।** फ्रांस में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान जहां एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था,संघर्षों और दुनिया के जटिल मुद्दों पर औपचारिक चर्चाएं हुई, वहीं दूसरी ओर माइक्रोफोन पर विश्व नेताओं की कुछ ऐसी अनौपचारिक बातचीत भी कैद हुई, जिसने सबका ध्यान खींच लिया। सिगरेट छोड़ने से लेकर फुटबॉल, इंस्टाग्राम और हल्के-फुल्के मजाक तक, नेताओं के कई दिलचस्प पल सामने आए।

#### सिगरेट छोड़ने पर मेलोनी को मिली बधाई

बैठक की तैयारी के दौरान ऐसा ही एक पल तब आया, जब जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से सहज अंदाज में पूछा कि क्या उन्होंने सुबह सिगरेट पी थी। इस पर मेलोनी के जवाब ने कई नेताओं को चौंका दिया। मेलोनी ने कहा कि उन्होंने 1 मई से सिगरेट नहीं पी है। यह सुनते ही बैठक में मौजूद नेताओं ने उनकी तारीफ की। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, जापान की



प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची और यूरोपीय संघ के अधिकारियों ने उन्हें सिगरेट छोड़ने के लिए बधाई भी दी। इस दौरान मेलोनी ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों हाथ ऊपर उठा दिए। वहीं कार्नी ने मजाकिया अंदाज में पूछा, क्या आपने निकोटिन पैच लगाया है? जिस पर वहां मौजूद लोग हंस पड़े।

#### जी7 सम्मेलन में भी छाया फुटबॉल का जादू

भू-राजनीतिक मुद्दों पर केंद्रित इस शिखर सम्मेलन में फुटबॉल की भी चर्चा हुई। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में आयोजित फीफा विश्व कप के बीच नेताओं की अनौपचारिक बातचीत में खेल का जिक्र बार-बार सुनाई दिया। एक नेता ने पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की हालिया चैंपियंस लीग जीत की तारीफ की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने भी विश्व चैंपियन स्पेन के खिलाफ केप वर्डे के 0-0 से ड्रॉ मैच को खास बताया।

#### ट्रंप ने यूएफसी पर की बात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 80वें जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में यूएफसी का आयोजन कराया। इसके लिए ट्रंप ने यूएफसी के अध्यक्ष डाना व्हाइट की जमकर तारीफ की। शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के बीच हुई एक संक्षिप्त बातचीत ने खासा ध्यान खींचा। दरअसल इसमें ट्रंप ने ग्रीनलैंड का जिक्र किया। हालांकि क्या बात हुई, यह स्पष्ट रूप से समझ नहीं आई, लेकिन ट्रंप का ग्रीनलैंड पर बात करना चर्चा का विषय बन गया है। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए चर्चा में आ गई क्योंकि वह लंबे समय से डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की इच्छा जाहिर करते रहे हैं।

#### मैक्रों के घड़ी भूलने पर ट्रंप ने ली चुटकी

दोपहर के भोजन से पहले कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देखा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपनी घड़ी छोड़ गए हैं। इस पर कार्नी ने मजाक करते हुए कहा, मैक्रों अपनी घड़ी यहां छोड़ गए हैं, अब हमारे पास उनकी घड़ी है। इस पर ट्रंप ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अगर उन्होंने छोड़ दी है तो मुझे दे दो। उनकी इस टिप्पणी पर वहां मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे।

#### जेलेंस्की के किस से असहज हुईं मेलोनी

जी7 सम्मेलन के दौरान जब नेता आपस में मिल रहे थे, तो उस दौरान एक ऐसा पल आया, जब इटली की पीएम यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलते हुए असहज हो गईं। दरअसल जेलेंस्की यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेयेर से बात कर रहे थे, उसी दौरान मेलोनी जेलेंस्की से मिलने पहुंची। इस पर जेलेंस्की ने मेलोनी को किस करने की कोशिश की। हालांकि इससे मेलोनी असहज हो गईं।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089